विज्ञान को लोकप्रिय बनाना परिषद् के दायित्वों का प्रमुख विषय रहा है जिस पर आज भी उसका ध्यान केन्द्रित है। एन.सी.ई.आर.टी. ने 'पढ़ें और सीखें' (रीडिंग टू लर्न) परियोजना के अंतर्गत लगभग चालीस पुस्तकें विकसित की हैं। इस पुस्तक माला/शृंखला के अंतर्गत दो पांडुलिपियां: (i) वनस्पति-कार्बनिक रसायनों की प्रयोगशाला और (ii) रूई से नाइलॉन तक-विकसित की गई और अब वे मुद्रणाधीन हैं। 'डाइट' संस्थानों के लिए चार प्रशिक्षण मॉड्यूल पर्यावरणिक शिक्षा पर, देश के चार भागों (उत्तरी, पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी) की अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किए गए। 'स्कूल साइंस' नामक एक त्रैमासिक पत्रिका अध्यापकों, अनुसंधानकर्ताओं और छात्रों को विज्ञान तथा गणित की शिक्षा के विभिन्न पक्षों से संबंधित अपने बोध, अनुभव और नवाचारों का प्रसार-प्रचार करने के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करती रही। विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद् के परिसर में एक विज्ञान उद्‌यान (साइंस पार्क) स्थापित किया जा रहा है। इस साइंस पार्क में कुछ सौर ऊर्जा यंत्र भी स्थापित किए जा रहे हैं। इस स्कीम के एक अन्य संघटक के रूप में 'साइबर कैफे' के साथ एक विज्ञान क्लब भी स्थापित किया जा रहा है।

बच्चों के लिए 28वीं जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी (जे.एन.एन.एस.ई.सी.)-2001 'विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्‌योगिकी' विषय पर आयोजित की गई। इस अवसर पर 'स्ट्रक्चर एंड वर्किंग ऑफ साइंस मॉडल्स' शीर्षक पुस्तकें अंग्रेजी तथा हिंदी भाषाओं में प्रकाशित की गईं। 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, के.वी.एस., एन.वी.एस. और परमाणु ऊर्जा

विद्यालय शिक्षा सोसाइटी द्वारा राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनियां आयोजित की गईं। एन.सी.ई.आर.टी. ने इन प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अकादमिक मार्गदर्शन तथा वित्तीय सहायता दी।

परिषद् ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 200 एकीकृत विज्ञान किटें तैयार कीं। जो कार्यकलाप इन किट आइटमों की सहायता से किए जा सकते हैं वे मुख्यतः 'विज्ञान पाठ्यचर्या' पर आधारित हैं।

परिषद् ने विद्यालयी शिक्षा के सभी स्तरों पर विज्ञान तथा गणित के क्षेत्रों में अध्यापकों, प्रमुख संसाधन व्यक्तियों और राज्य पदाधिकारियों के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम जे.एन.वी., के.वी.एस., डाइट संस्थानों तथा अन्य बहुत से संगठनों के अध्यापकों के लिए आयोजित किए गए थे। इन प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों में संसाधन सहायता दी गई। विद्यालयी शिक्षा की सभी अवस्थाओं के लिए विज्ञान तथा गणित में कक्षा में शिक्षण कार्य को सुकर बनाने के लिए प्रशिक्षण पैकेज विकसित किए गए हैं। इन पैकेजों में विभिन्न विषय-प्रकरणों में, विशेष रूप से माध्यमिक स्तर पर कुछ चुनी हुई संकल्पनाओं पर उदाहरणस्वरूप कार्यकलाप शामिल किए गए हैं।

सामाजिक विज्ञानों और मानविकी विषयों की शिक्षा

विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2002 की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, पाठ्यचर्या और पाठ्यचर्या सामग्री का विकास करना एक बड़ा काम था। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और उर्दू भाषाओं में (उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर) सामाजिक विज्ञान, कला शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा (उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर), और भूगोल, समाजशास्त्र और वाणिज्य (उच्चतर माध्यमिक स्तर) में मार्गनिर्देश और पाठ्यचर्याएं नवंबर 2001 में प्रकाशित कर दी गईं।

पाठ्यपुस्तकें तथा पाठ्य-सामग्रियां तैयार करने का कार्य चरणबद्ध रीति से प्रारंभ हुआ। वर्ष 2001-2002 के दौरान, छठी, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षाओं के लिए ये सामग्रियां विकसित कर ली गईं। इन विषय-क्षेत्रों में पाठ्यचर्या का विकास नए विचारों तथा दृष्टिकोणों को ध्यान में रखते हुए किया गया :

- भाषा संबंधी पाठ्यक्रमों में संप्रेषण कौशलों के विकास पर बल दिया गया है।
- एक एकीकृत विषयगत पद्धति का अनुसरण करते हुए, 'सामाजिक विज्ञानों' में एक ही पाठ्यपुस्तक (चार अलग-अलग पाठ्यपुस्तकों की बजाय) विकसित की गई है।
- नए उभरते हुए सरोकारों और मुद्दों, जैसे मूल्यपरक शिक्षा, पर्यावरणिक शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, उपभोक्ता शिक्षा, मानवाधिकार शिक्षा और यातायात शिक्षा का समुचित रूप से सुसंगत स्थानों पर समावेश किया गया है।
- नई पाठ्यपुस्तकों में कार्यकलापों और परियोजनाओं को पहले से अधिक मात्रा में शामिल किया गया है जिससे कि पढ़ाई सबके लिए अधिक प्रभावकारी और सुसंगत हो जाए।
- कुल मिलाकर, पाठ्यचर्या की विषय-वस्तु के भार को सभी समूहों के लिए पहले से अधिक हलका और सुसंगत बना दिया गया है।

ज्ञान और आनंद के लिए साधारण पठन-सामग्रियों के रूप में तीन पुस्तकें-भारतीय बाल विकास, प्राचीन संस्कृत शिक्षा-सिद्धांत और प्रयोग, और शिक्षा की भारतीय परंपरा-संस्कृत शिक्षा ग्रंथमाला/सीरीज़ के अंतर्गत प्रकाशित की गई हैं और संस्कृत विज्ञान ग्रंथमाला के अंतर्गत एक पुस्तक 'मैथेमेटिक्स इन संस्कृत' (संस्कृत में गणित) निकाली गई है। राष्ट्रीय संस्कृत परियोजना के अंतर्गत, बोलचाल की संस्कृत के लिए कक्षाएं चलाई गईं। नए सीखने वालों के लिए अध्ययन सामग्री के साथ 20 घंटे का एक पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है।

अंग्रेजी, उर्दू और वाणिज्य में प्रशिक्षण सामग्रियां विकसित की गई हैं; उच्चतर माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी, हिंदी, भूगोल और वाणिज्य पढ़ाने वाले अध्यापकों तथा प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम चलाए गए। हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई.

आर.टी./डी.आई.ई.टी. संस्थानों के कार्मिकों को संप्रेषण कौशलों में प्रशिक्षण दिया गया।

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.) एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा देश की विद्यालयी शिक्षा प्रणाली में कार्यान्वित की जा रही है। इसका उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा की विषय-वस्तु तथा प्रक्रिया में जनसंख्या शिक्षा का समावेश/एकीकरण करना है। ऐसा एकीकरण किए जाने पर छात्र जनसंख्या और सतत एवं संधारणीय विकास के बीच के पारस्परिक संबंध के प्रति जागरूक हो सकेंगे। इससे उनमें सकारात्मक अभिवृत्ति और उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार की भावना जागृत होगी, जिससे वे जनसंख्या और विकास संबंधी मुद्दों के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर सुविचारित निर्णय ले सकेंगे। वर्ष 2001-2002 के दौरान, परियोजना संबंधी कार्यकलाप पाठ्यचर्याओं तथा पाठ्यपुस्तकों में जनसंख्या शिक्षा के तत्वों के समावेश पर ही केंद्रित रहे। ये पाठ्यचर्याएं और पुस्तकें एन.सी.ई.आर.टी. और कुछ राज्यों द्वारा भी विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के आधार पर संशोधित की जा रही थीं। अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, पक्षसमर्थन, सहपाठ्यचारी गतिविधियाँ और परिवीक्षण तथा समन्वय जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यकलाप राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राज्य तथा जिला स्तरों पर संचालित किए गए।

तीन अध्ययन अर्थात् किशोरावस्था में प्रजननात्मक स्वास्थ्य का आधाररेखीय सर्वेक्षण, उड़ीसा के खुरदा, बालासोर और कोरापुट जिलों के लोगों के जीवन की भौतिक/शारीरिक गुणवत्ता के प्राचलों का प्रस्थिति अध्ययन और मैसूर जिले में किशोर शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं के आकलन का अध्ययन किए गए जिनका मुख्य उद्देश्य भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक परिवेश में पलने वाले किशोरों की शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं को जानना था। 'यंग पीपल्स परसेप्शंस ऑफ पॉपुलेशन एंड डेवलपमेंट' (जनसंख्या तथा विकास के बारे में युवा लोगों का बोध) शीर्षक पुस्तक मुद्रणार्थ भेजी गई। पॉपुलेशन एजुकेशन बुलेटिन के दो अंक प्रकाशित और व्यापक रूप से प्रसारित किए गए। जनसंख्या संबंधी सूचना, शिक्षा तथा संचार विषयक संक्षिप्त ग्रंथसूची तैयार की गई और वितरित की गई। वित्तीय प्रबंध और प्रतिवेदन के विषय में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम और पुनःसंकल्पित जनसंख्या शिक्षा पर एक अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यू.एन.एफ.पी.ए.) के सहयोग से एक अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता-2001 मई-सितंबर 2001 के दौरान आयोजित की गई; इसका विषय था: 'जनसंख्या और पर्यावरण'। एक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता 2000 के 15 विजेताओं को स्मारिकाएं प्रदान की गईं। किशोर शिक्षा में सह-पाठ्यचारी कार्यकलाप और छात्रों से संबंधित कार्यकलाप देशभर में बहुत-से विद्यालयों में आयोजित किए गए। विश्व जनसंख्या एड्स दिवस और जनसंख्या शिक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए; जैसे, जिला मुख्यालयों में लंबी दूरी की दौड़, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी/क्विज प्रतियोगिता, आदि। कुछ विद्यालयों में विशेष व्याख्यान भी आयोजित किए गए।

दसवीं पंचवर्षीय योजना की महत्वपूर्ण निविष्टि (इनपुट) के रूप में, चंडीगढ़, गुवाहाटी, बंगलौर और पणजी (गोवा) में, जनसंख्या शिक्षा के भावी दिशा-निर्देश विषय पर चार क्षेत्रीय संगोष्ठियां आयोजित की गईं। इन संगोष्ठियों की सिफारिशों का योजना तैयार करने की प्रक्रिया में उपयोग किया गया। चूंकि राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना 30 राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में वहाँ की राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषदों के माध्यम से और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.), राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय (एन.ओ.एस.), केंद्रीय विद्यालय संगठन (के.वी.एस.) और नवोदय विद्यालय संगठन (एन.वी.एस.) के माध्यम से भी कार्यान्वित की जा रही हैं इसलिए कुछ महत्वपूर्ण परिवीक्षण (मानीटरिंग) कार्यकलाप भी आयोजित किए गए। अंतर-क्षेत्रकीय समन्वय बैठकें, वार्षिक परियोजना प्रगति समीक्षा (पी.पी.आर.) बैठकें और त्रिपक्षीय प्रगति समीक्षा (टी.पी.आर.) बैठकें आयोजित की गईं जिनमें संबंधित कार्यान्वयन अभिकरणों,

यू.एन.एफ.पी.ए., मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा

वर्ष 2001-2002 के दौरान एन.सी.ई.आर.टी. ने प्रमुख रूप से विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.एस.ई.) 2000 के कार्यान्वियन पर बल दिया। इसके कार्यान्विय की रणनीति के अंतर्गत, राज्यों के विद्यालय शिक्षा बोर्डों और एस.सी.ई.आर.टी. परिषदों के माध्यम से, राज्यों में संगोष्ठियां (सेमिनार) और कार्यशालाएं आयोजित की गईं। ये संगोष्ठियां/कार्यशालाएं मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा अध्ययनों, संगोष्ठियों, मूल्यांकन आदि के लिए दिए जाने वाले अनुदानों की योजना के अंतर्गत आयोजित की गईं। जिन राज्यों में ये संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित की गईं उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, नागालैंड, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल शामिल थे। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों के लिए 'गाइडलाइन्स एंड सिलेबाई' (मार्ग-निर्देश और पाठ्यचर्याएं) के चार खंड प्रकाशित किए गए।

परीक्षा सुधार

शैक्षिक मूल्यांकन के क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. अनुसंधान संचालित करती है, संकल्पनात्मक और नमूना सामग्री विकसित करती है, प्रमुख संसाधन व्यक्तियों, प्रश्नपत्र निर्माताओं और परीक्षकों को प्रशिक्षित करती है और शैक्षिक निकायों तथा परीक्षक अभिकरणों को अकादमिक तथा तकनीकी समर्थन-सहायता देती है। छात्रों के कार्य-निष्पादन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए एक विद्यालय-आधारित आकलन की योजना क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के साथ जुड़े डी.एम. विद्यालयों के प्राथमिक अनुभागों में प्रारंभ की गई है। इस योजना के कार्यान्वयन के बारे में स्वयं कक्षाओं में जाकर, विद्यालय पर्यावरण का सर्वेक्षण करके, विद्यालय के अभिलेखों की जांच करके और समन्वयकर्ताओं/प्राथमिक अनुभागों के प्रभारियों/दल नेताओं/अभिभावकों और पांचवीं कक्षा के छात्रों आदि से चर्चा करके, एक मध्यावधिक आकलन तैयार किया गया है। उपलब्धि सर्वेक्षण के अंतर्गत, पांचवीं कक्षा के अंत में उपलब्धियों का आकलन करने के लिए पंद्रह क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा तथा प्रश्नपत्रों को अन्तिम रूप दिया गया। राज्यों के समन्वयकर्ताओं को वास्तविक सर्वेक्षण कार्य में अभिविन्यस्त किया गया और जिलों, खंडों, विद्यालयों और ब्लाकों के नमूने तैयार करने और परीक्षा लेने के लिए प्रशिक्षित किया गया। उच्च प्राथमिक अवस्था के अन्त में उपलब्धि सर्वेक्षण के लिए, सातवीं तथा आठवीं कक्षाओं के लिए उपलब्धि परीक्षाओं के तीन समानांतर सेट- गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं (हिंदी, अंग्रेजी, तेरह क्षेत्रीय भाषाओं) में तैयार किए गए और उन्हें अन्तिम रूप दिया गया। अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों और गोवा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की विषय समिति के सदस्यों को श्रेणी-निर्धारण तथा सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (सी.सी.ई.) की संकल्पनाओं से अवगत कराया गया। मिजोरम विद्यालय शिक्षा बोर्ड, उड़ीसा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रश्नपत्र निर्माताओं, परीक्षकों तथा अनुशोधकों (मॉडरेटरों) को संतुलित प्रश्नपत्रों के विकास में अभिविन्यस्त किया गया। विद्यालय शिक्षा बोर्डों के अध्यक्षों का दो-दिवसीय एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य परीक्षा के क्षेत्र में हुए नवाचारों तथा अनुभवों को आपस में बांटना, बोर्डों तथा एन.सी.ई.आर.टी. के बीच संपर्क-सूत्रों को मजबूत करना, और श्रेणी निर्धारण सहित परीक्षा सुधार से संबंधित अनेक संगत मुद्दों पर चर्चा करना था। सिक्किम के 42 उच्चस्तरीय शैक्षिक योजना निर्माताओं, प्रशासकों और शिक्षा व्यवसायियों को एन.सी.एफ.एस.ई. 2000 की प्रमुख विशेषताओं, पाठ्यचर्या की नवीकरण के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और उसके आधारभूत महत्त्व, परिवर्तित परिदृश्य में प्रणाली के प्रबंध से संबंधित पाठ्यचर्यात्मक तथा मूल्यांकन सरोकारों से परिचित कराया गया। इसके अलावा, गणित में प्रश्न बैंक, वाणिज्य में नैदानिक परीक्षा विषय (आइटम) और सेवाकालीन

अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के मूल्यांकन के साधन भी विकसित किए गए।

शैक्षिक मनोविज्ञान

शैक्षिक मनोविज्ञान, मार्गदर्शन तथा परामर्श/उपबोधन के माध्यम से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना एन.सी.ई.आर.टी. का एक महत्वपूर्ण सरोकार/दायित्व है। समीक्षाधीन वर्ष में, एन.सी.ई.आर.टी. ने ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए मनोविज्ञान विषय की पाठ्यचर्या और ग्यारहवीं कक्षा के लिए पाठ्यपुस्तक तैयार की। इस पाठ्यपुस्तक का अंग्रेजी संस्करण-'इंट्रोडक्शन टू साइकोलॉजी, पार्ट-I' तैयार और प्रकाशित किया गया। इसका हिंदी अनुवाद प्रगति पर है। बारहवीं कक्षा के लिए मनोविज्ञान में एन.सी.ई.आर.टी. की मौजूदा पाठ्यपुस्तक के बारे में छात्रों, अध्यापकों और समीक्षकों के विचार (फीडबैक) आमंत्रित किए गए ताकि उनके संदर्भ में नई पाठ्यपुस्तक विकसित की जा सके। प्राप्त फीडबैक का मूल्यांकन किया गया। मार्गदर्शन तथा उपबोधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में आयोजित किए जाते रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षण पुस्तकालय (एन.एल.ई.पी.टी) ने अपने स्टाफ में नए मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की सामग्री जोड़ी, भारतीय परीक्षणों की समीक्षा की और अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षकों को परामर्श सेवाएं देना जारी रखा। मार्गदर्शन प्रयोगशाला को इस विषय की सामग्रियां तैयार करके और प्राप्त करके लगातार अद्यतन तथा समृद्ध बनाया जाता रहा।

मूल्यपरक शिक्षा

एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयी स्तर पर मूल्यपरक शिक्षा से संबंधित सभी कार्यों के लिए मूल केंद्र है और उसके राष्ट्रीय मूल्यपरक शिक्षा संसाधन केंद्र (एन.आर.सी.वी.ई.) ने देश में विद्यालयी स्तर पर मूल्य-आधारित शिक्षा के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संपन्न किए हैं। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ चुने हुए विद्यालयों में मूल्य-आधारित पद्धतियों एवं परिपाटियों का अध्ययन किया गया जिसका उद्देश्य इस बात का पता लगाना था कि भिन्न-भिन्न प्रकार के विद्यालयों में छात्रों में मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था उत्पन्न करने के लिए किन परिपाटियों का अनुसरण किया जाता है और क्या उन्हें सार्थक रूप से अपनाया जा सकता है। राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के विकासात्मक कार्यकलापों में शामिल हैं : (i) भारत में मूल्यपरक शिक्षा की सटिप्पणीक पुस्तक/निबंध सूची (बिब्लियोग्राफी), (ii) मानवीय अधिकारों तथा दायित्वों के विषय में छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय-आधारित कार्यक्रम, (iii) विद्यालयी शिक्षा में एक एकीकृत समवर्ती दृष्टिकोण के रूप में मूल्यों का स्पष्टीकरण, (iv) सृजनात्मकता संबंधी मूल्यों के पोषण हेतु अध्यापकों के लिए स्रोत सामग्रियां, (v) छात्रों के आध्यात्मिक अभिविन्यास हेतु अध्यापकों के लिए कार्यक्रम, और (vi) माता-पिता/अभिभावकों के लिए मूल्य विषयक पठन सामग्री। मूल्यपरक शिक्षा के उपबोधकों/परामर्शदाताओं को सेवाकालीन प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे छात्रों को वांछनीय मूल्य विकसित करने में सहायता दे सकें। जिन सात गैर-सरकारी संगठनों को मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा मानवीय मूल्यों की शिक्षा हेतु सेवाकालीन अध्यापक-प्रशिक्षण के लिए क्षेत्रीय संसाधन केंद्र (आर.आर.सी.) घोषित किया गया है, उनकी एक परामर्श बैठक आयोजित की गई जिसमें अनुभवों को परस्पर बांटा गया, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित अध्यापक-प्रशिक्षण कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और अध्यापकों को मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिए प्रशिक्षण देने की रणनीतियां तैयार की गईं। एन.आर.सी.बी.ई. ने अपने संदर्भ पुस्तकालय को समृद्ध बनाना जारी रखा; मूल्यपरक शिक्षा की पत्रिका प्रकाशित की और मानवीय मूल्यों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के साथ संपर्क-संबंध स्थापित किए। अल्पावधिक सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल हैं : (क) उत्तरी राज्यों के अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए सात-दिवसीय जीवन विज्ञान शिविर; (ख) दक्षिणी राज्यों के प्रमुख स्तर के कार्मिकों का मूल्यपरक शिक्षा में अभिविन्यास; (ग) 'डाइट' संकाय और दक्षिणी क्षेत्र के अन्य अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए योग प्रशिक्षण;

(घ) पश्चिम बंगाल के पी.टी.टी.आई. संस्थानों के प्रमुख व्यक्तियों के लिए मूल्यपरक शिक्षा की कार्यविधि के विषय में अभिविन्यास कार्यक्रम; (ङ) व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से मूल्यों के प्रति आस्था जागृत करने के उद्देश्य से व्यावसायिक अध्यापकों के लिए अभिविन्यास।

"महापुरुषों के जीवन से मूल्यों की खोज" नामक एक अध्ययन प्रारंभ किया गया जिसका उद्देश्य था- पूर्वी भारत के महापुरुषों की जीवनियों का विश्लेषण करना और उनके जीवन से मानवीय मूल्यों का चयन करना। एक अन्य अध्ययन में मैसूर के समवेत विद्यालयों और अनन्य विद्यालयों के बालक-बालिकाओं की अकादमिक उपलब्धि और मूल्यबोध के बीच के संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

'शांति के लिए शिक्षा' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान परम पूज्य श्री दलाईलामा द्वारा एन.आई.ई. परिसर, एन.सी.ई.आर.टी. में 4 जनवरी 2002 को दिया गया। इस कार्यक्रम में एन.सी.ई.आर.टी. के अध्यापन-वर्गीय तथा अन्य कार्मिक उपस्थित थे। माननीय संसद सदस्य और एन.सी.ई.आर.टी. के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. कर्ण सिंह ने इस समारोह की अध्यक्षता की।

कंप्यूटर शिक्षा

इस वर्ष के दौरान विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में घटित उल्लेखनीय घटनाओं में एक है 'लर्निंग विद कंप्यूटर्स' (कंप्यूटर से शिक्षा) (स्तर 1, 2 व 3) के तीन खंडों का प्रकाशन, जिसमें छात्रों के लिए अनुदेशात्मक सामग्रियां प्रकाशित की गई हैं। 'इनफोर्मेशन टैक्नोलॉजी इन स्कूल्स : करिक्यूलम गाइड एंड सिलेबस' का हिंदी संस्करण प्रकाशित किया गया। छात्रों के लिए अनेक मल्टीमीडिया शिक्षण कार्यक्रमों के प्रोटोटाइप संस्करण एन.सी.ई.आर.टी. की वेबसाइट पर स्थापित किए गए। 'सीडी' पर प्रचारित किए जाने वाले अनेक कार्यक्रम फिलहाल तैयार हो रहे हैं। प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए 'फ्रैक्शन'/'भिन्न' विषयक एक कार्यक्रम का प्रोटोटाइप संस्करण तैयार किया जा चुका है।

एक सॉफ्टवेयर-कृति विकसित की गई है जो परिषद् के भिन्न-भिन्न संघटकों द्वारा संपन्न किए गए कार्यक्रमों के विषय में सूचना प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, 14 परियोजनाओं के डाटा के कंप्यूटरीकरण का काम इस वर्ष पूरा किया गया। कक्षोपयोगी कंप्यूटर-आधारित शिक्षण सामग्रियों के ज्ञान, विकास और उपयोग के विषय में केंद्रीय विद्यालयों तथा नवोदय विद्यालयों के अध्यापकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा केन्द्र में कई प्रशिक्षण- कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों को सामान्य शिक्षा में सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकियों (आई.सी.टी.) के उपयोगों के बारे में अभिविन्यस्त किया गया। श्रीलंका के वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों के एक शिष्टमंडल को विद्यालयी शिक्षा के संदर्भ में सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकियों की मूल संक्रियाओं में प्रशिक्षित किया गया।

इन कार्यकलापों के अतिरिक्त, एन.आई.ई. परिसर में आई.सी.टी. की सुविधाओं को बढ़ा दिया गया है और एन.सी.ई.आर.टी. के अकादमिक और प्रशासनिक स्टाफ को अपने विशिष्ट कार्यों में इन सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

शैक्षिक प्रौद्योगिकी एन.सी.ई.आर.टी. के कार्यकलापों का एक महत्त्वपूर्ण भाग है, जिसमें उपलब्धता/पहुंच बढ़ाने के लिए मास मीडिया का उपयोग करना और विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता और साम्या (ईक्विटी) को बढ़ावा देना शामिल है। एन.सी.ई.आर.टी. की संघटक इकाई सी.आई.ई.टी. ने डी.डी.-I और आकाशवाणी पर क्रमशः 'तरंग' और 'उमंग' कार्यक्रम और ई.टी.वी. प्रसारण ज्ञानदर्शन तथा ज्ञानवाणी जारी रखे। समीक्षाधीन वर्ष में अनेक स्क्रिप्टें तैयार की गईं और 96 ई.टी.वी. कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2000 के कुछ पहलुओं पर शृंखला/कार्यक्रम तथा अन्य बहुत से कार्यक्रम शामिल थे, जैसे : जड़ी-बूटियाँ, चिकित्सोपयोगी पेड़-पौधे, व्यावसायिक

शिक्षा के भिन्न-भिन्न क्षेत्र, अध्यापकों की प्रतिबद्धताएं और कार्य-निष्पादन, ग्यारहवीं कक्षा के लिए गणित, पत्रों के उत्तर, उभरते हुए वैज्ञानिक, क्रोध पर विजय, मानवाधिकारों तथा मौलिक कर्तव्यों पर स्पॉट कार्यक्रम और एन.सी.ई.आर.टी. पर एक वृत्तचित्र। 'भूमि तथा लोग' शृंखला के अंतर्गत गोवा पर एक फिल्म बनाई जा रही है। इसका छायांकन कार्य पूरा हो चुका है और संपादन कार्य हो रहा है।

हिंदी की शिक्षा देने के लिए (i) आओ मिलकर गाएं, (ii) आओ मिलकर सीखें, और (iii) रंगोली शृंखलाओं के अंतर्गत 85 श्रव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अन्य विकासात्मक कार्यकलाप, जैसे कम लागत वाली शिक्षण सहायक सामग्रियों का भंडारघर स्थापित करना, ऑडियो तथा वीडियो कार्यक्रमों की सूची को अद्यतन बनाना, वीडियो कार्यक्रमों का कंप्यूटरीकृत डेटा-बेस विकसित करना और ई.टी.वी. प्रस्तुतियों को समृद्ध बनाने के लिए ग्राफिक एनीमेशनों का विकास करना, आदि भी हाथ में लिए गए। आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हैं (i) पूर्वोत्तर राज्यों तथा (ii) उत्तर प्रदेश एवं उत्तरांचल राज्यों में स्थित 'डाइट' संस्थानों के संकाय के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण; सी.आई.ई.टी./एस.आई.ई.टी. के इंजीनियरों के लिए (क) स्टूडियो एयरकंडीशनिंग और एकौस्टिक सिस्टम और (ख) ई.टी.वी./रेडियो कार्यक्रम प्रस्तुति, प्रौद्योगिकी में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम; आर.आई.ई., मैसूर के संकाय के लिए ई.टी.वी. स्क्रिप्ट लेखन पर एक अभिविन्यास कार्यशाला। श्रीलंका के वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों और दक्षिणपूर्व अफ्रीकी देशों के शैक्षिक योजना निर्माताओं और प्रशासकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में एक अभिविन्यास कार्यक्रम चलाया गया।

मीडिया अनुसंधान और मूल्यांकन अध्ययनों में शामिल किए गए कार्य थेः (i) दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का परिवीक्षण तथा विश्लेषण; (ii) बच्चों के व्यवहार के स्वरूपों पर टी.वी. का प्रभाव; (iii) दूरस्थ शिक्षा में टेली-पाठ्यक्रमों की प्रभावकारिता, और (iv) गणितीय संकल्पनाओं को समझने में ई.टी.वी. कार्यक्रमों की प्रभावकारिता।

व्यावसायिक शिक्षा

व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., जो एन.सी.ई.आर.टी. का ही एक संघटक है, अनुसंधान तथा विकास संबंधी सर्वोच्च संस्था है। साथ ही, वह भारत में 'यूनेवॉक' अर्थात् यूनेस्को की तकनीकी तथा व्यावसायिक शिक्षा की अंतर्राष्ट्रीय परियोजना का केन्द्र भी है। समीक्षाधीन वर्ष में, दो 'एरिक' परियोजनाएं पूरी की गईं, जिनके नाम हैं : 'कतिपय राज्यों में सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम के कार्यान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन', और 'भारत में व्यवसाय तथा वाणिज्य पर आधारित पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले व्यावसायिकों की प्रस्थिति का अध्ययन'। इस समय चल रहे अध्ययनों में शामिल हैं: (i) माध्यमिक व्यावसायिक विद्यालयों में विद्यालय-उद्योग संबंधों की स्थापना-क्रियानिष्ठ अनुसंधान; (ii) कृषि में व्यावसायिक अध्यापन-अधिगम की प्रस्थिति और प्रभावकारिता का अध्ययन; (iii) महाराष्ट्र की कुछ व्यावसायिक संस्थाओं के विद्यालय-उद्योग संबंधों पर व्यक्ति अध्ययन (केस स्टडी); (iv) पंजाब के व्यावसायिक छात्रों के कार्य-निष्पादन पर अंतःकार्य प्रशिक्षण का प्रभाव; (v) महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के मामले में गृह विज्ञान के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का महत्त्व; और (vi) 10+2 स्तर के छात्रों में व्यावसायिक कौशलों के विकास में अध्यापक व्यवस्था की भूमिका। इनमें से अधिकांश अध्ययन शीघ्र ही पूरे होने वाले हैं। इसके अलावा, व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन के मूल्यांकन का काम हरियाणा और असम राज्यों में शुरू किया गया है। बी.वोक.एड. की पाठ्यचर्या को अंतिम रूप दिया जा चुका है और वृद्धजन के कल्याण/देखभाल/आहार विज्ञान विषयक पाठ्यचर्या विकसित की जा चुकी है। मॉड्यूल के रूप में विकसित पाठ्यचर्याओं में शामिल हैं : ग्रामीण विपणन, भवन अनुरक्षण, फीजियोथेरेपी टैक्नीशियन पाठ्यक्रम, पौधा संरक्षण, दृष्टि-बाधितों के लिए गृह विज्ञान पर आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम, कृषि-व्यवसाय, शिशुगृह और विद्यालय-पूर्व प्रबंध, और स्वास्थ्य एवं पोषाहार के क्षेत्र में शैक्षिक खेलों पर मॉड्यूल और कार्य शिक्षा कार्यक्रम के लिए पर्यावरणिक शिक्षा। राष्ट्रीय व्यावसायिक अर्हता (एन.वी.क्यू.) प्रणाली के अंतर्गत, मुर्गीपालन और यात्रा तथा पर्यटन विषयों में अनेक छोटे मॉड्यूलीय पाठ्यक्रम

विकसित किए गए। व्यावसायिक शिक्षा के लिए अनुदेशात्मक सामग्रियों की 31 पांडुलिपियाँ जिनमें अधिकांश 11वीं तथा 12वीं कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकें तथा प्रयोग पुस्तिकाएं हैं, प्रकाशनाधीन हैं। पर्यावरणिक शिक्षा की कार्य-पुस्तिका की पांडुलिपियों का प्रारूप और संधारणीय विकास संबंधी मॉड्यूल भी विकसित किए गए। संरक्षित खेती, ऊन और उसके उत्पाद, दृश्य बेसिक्स के साथ शुरूआत और फलों का विपणन जैसे विषयों पर पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा के मॉड्यूल विकसित किए गए। पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा पर अनुदेशात्मक सामग्रियां प्री-फेब्रिकेटिड भवन निर्माण सामग्री और मोतीकला पर भी विकसित की गईं। व्यावसायिक शिक्षा और विद्यालयी शिक्षा में कार्य-शिक्षा के माध्यम से मूल्यों के समावेश पर मार्ग-निर्देशात्मक दस्तावेजों के प्रारूप तैयार किए गए।

बिजली के घरेलू उपकरणों और रेडियो तथा टीवी रिसीवरों के रखरखाव तथा मरम्मत के क्षेत्र में, वाणिज्यिक पोशाक डिजाइन करना तथा बनाना, लेखा-परीक्षा तथा लेखे, खरीदारी तथा भंडार रक्षण, स्वास्थ्य क्षेत्र, उद्यमिता विकास, लाइनमैन, व्यापक व्यावसायिक पाठ्यक्रम, डेरी उद्योग, भवन अनुरक्षण तथा सिविल निर्माण क्षेत्र, व्यावसायिक मार्गदर्शन और परामर्श तथा विशिष्ट शिक्षण संबंधी निर्योग्यता जैसे क्षेत्रों में 18 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 408 व्यावसायिक अध्यापकों/प्राध्यापकों/व्याख्याताओं तथा अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। 18 अभिविन्यास कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों के 557 प्रमुख कर्मियों, अध्यापकों और अन्य अधिकारियों को अभिविन्यस्त किया गया, जिनमें मदरसों, अल्पसंख्यकों की संस्थाओं (महिलाओं के लिए) के कार्यकर्ता/अधिकारी, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के व्यावसायिक अध्यापकों, व्यावसायिक मार्गदर्शन देने वाले परामर्शदाता आदि शामिल थे। कुछ चुने हुए राज्यों में स्थित उत्पादन-एवं-प्रशिक्षण केंद्रों (पी.टी.सी.) को बढ़ावा देने के लिए एक संगोष्ठी आयोजित की गई। ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं और विक्रेताओं तथा बिजली के घरेलू उपकरण बनाने वालों तथा उनके वितरकों के साथ दो खोज सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य उनके साथ अंतःकार्य प्रशिक्षण, उत्तीर्ण होकर निकलने वाले विद्यार्थियों के रोजगार को बढ़ाने और नियोजकों तथा विद्यालयों के बीच सहयोग स्थापित करने के लिए संपर्क-संबंध विकसित करना था।

व्यावसायिक शिक्षा के प्रोन्नयन के लिए, सर्वोत्तम व्यावसायिक संस्था, सर्वोत्तम व्यावसायिक अध्यापक और सर्वोत्तम विद्यालय-उद्योग संबंधों के लिए पुरस्कार (प्रत्येक राज्य के लिए एक) दिए गए। सर्वोत्तम उपलब्धिकर्ता पुरस्कार प्रत्येक राज्य को दो-दो दिए गए जो उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में उनके परीक्षाफल पर आधारित थे। प्रकाशनों की दो प्रदर्शनियां लगाई गईं। व्यावसायिक शिक्षा के त्रैमासिक बुलेटिन के तीन अंक और व्यावसायिक शिक्षा की भारतीय छमाही पत्रिका के दो अंक प्रकाशित किए गए। बुलेटिन का एक बाकी रहा अंक मुद्रित हो रहा है। व्यावसायिक शिक्षा, पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा और कार्यानुभव के विभिन्न पहलुओं पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा स्वैच्छिक संगठनों को दौरे तथा चर्चा के माध्यम से परामर्श-सेवाएं प्रदान की गईं।

अध्यापक शिक्षा

अध्यापक शिक्षा विद्यालयी शिक्षा को सुधारने के लिए एक निर्णायक/अति महत्वपूर्ण निविष्टि (इनपुट) है। इसलिए एन.सी.ई.आर.टी. अध्यापकों को शिक्षा देने के लिए सेवापूर्व और सेवाकालीन दोनों प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करती है। इस क्षेत्र के कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों का जोर अनुसंधान सहायक सामग्रियों के विकास, अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण और विस्तार कार्यक्रमों पर केंद्रित रहता है। अनेक विषयों पर अध्ययन प्रारंभ किए गए और इस समय वे पूर्णता की विभिन्न अवस्थाओं में हैं। ये विषय हैं : (i) विद्यालयी शिक्षा के भिन्न-भिन्न स्तरों पर प्रवेश नीतियां और पद्धतियां, (ii) शिक्षा संबंधी विधान और विकास, (iii) प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा संस्थाओं के प्रधानों की परिच्छेदिका (प्रोफाइल), (iv) 2-वर्षीय बी.एड. (माध्यमिक) कार्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति, (v) भारतीय शिक्षा में निजी उद्यमों की भूमिका तथा उनका योगदान, (vi) चंडीगढ़ के

अध्यापकों के रात्रि विद्यालयों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का आकलन, (vii) उड़ीसा राज्य के लिए माध्यमिक स्तर पर विज्ञान की शिक्षा में अध्यापकों के समक्ष उपस्थित होने वाले कठोर स्थलों की पहचान, (viii) दक्षिणी क्षेत्र में छात्र अध्यापकों की संस्थाओं द्वारा विकल्प के रूप में चुने गए और प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में अपेक्षित विशिष्ट विषयों का अध्ययन, और (ix) उद्देश्यों, अध्यापकों की सक्षमताओं तथा प्रतिबद्धता क्षेत्रों के संदर्भ में पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु तथा कार्यान्वियन संबंधी रणनीतियों की उपयुक्तता के संबंध में 2-वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम का गहराई से अध्ययन।

विकासात्मक कार्यकलापों के अंतर्गत, एन.सी.ई.आर.टी. ने भारतीय शिक्षा विश्व कोश तैयार करने के काम को हाथ में लिया है, यह विश्व कोश भारतीय शिक्षा के भिन्न-भिन्न पक्षों पर ज्ञान तथा सूचना का अकेला स्रोत होगा। इसके अलावा, उच्च प्राथमिक अध्यापकों के लिए जागरूकता पैकेज, विज्ञान के अध्यापकों के लिए स्वतः शिक्षण पैकेज और उच्च प्राथमिक स्तर के सामाजिक विज्ञान के अध्यापकों के लिए भी स्वतः शिक्षण पैकेज विकसित किए गए हैं।

प्राथमिक अध्यापकों के लिए जागरूकता तथा कार्य निष्पादन पैकेज, प्रारंभिक शिक्षा स्तर के लिए सांस्कृति-विशिष्ट शिक्षाशास्त्रों पर हैंडबुक और सक्षमता, प्रतिबद्धता और कार्य निष्पादन-आधारित अध्यापक शिक्षा के विषय पर प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा के लिए स्वतः शिक्षण मॉड्यूल विकास की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में हैं। उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान किटों और कम लागत वाली सामग्रियों के प्रयोग के संबंध में अनेक प्रशिक्षण पैकेज भी विकसित किए गए हैं, प्रारंभिक स्तर के लिए शिक्षण सहायक सामग्री तैयार की जा रही है। प्राथमिक स्तर पर उर्दू पढ़ाने की रणनीति, जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों, यानी सेवाश्रमों के अध्यापकों के लिए पाठ्यचर्यात्मक कार्य-व्यवहार, माध्यमिक स्तर पर अध्यापन की तकनीकें और रणनीतियां, उच्चतर प्राथमिक स्कूलों के लिए अंग्रेजी भाषा की शिक्षा और माध्यमिक स्तर पर भौतिक विज्ञान में विषय वस्तु एवं कार्य विधि, आदि से संबंधित अनेक प्रशिक्षण पैकेज तैयार किए गए हैं। प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरों पर तमिल भाषा की शिक्षा देने वाले अध्यापकों के लिए हैंडबुक/पुस्तिका, प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मूल्यांकन की हैंडबुक और अध्यापन-अधिगम की प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग पर हैंडबुक भी विकसित की जा चुकी है।

अध्यापकों के लिए सेवा-पूर्व नवाचारात्मक शिक्षा-पाठ्यक्रमों का विकास तथा कार्यान्वयन भी एन.सी.ई.आर.टी. का एक बड़ा दायित्व है। इस हेतु, एन.सी.ई.आर.टी. 4-वर्षीय एकीकृत बी.एससी.बी.एड./बी.एससी.एड. अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम, विज्ञान तथा मानविकी विषयों में 2-वर्षीय बी.एड. माध्यमिक पाठ्यक्रम, प्रारंभिक शिक्षा में एक-वर्षीय एम.एड. पाठ्यक्रम और मार्गदर्शन तथा परामर्श/उपबोधन में एक-वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित अपने चार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में चला रही है। निदर्शन विद्यालय (डिमोंस्ट्रेशन स्कूल) इन क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के अभिन्न अंग हैं जहां भावी अध्यापकों को व्यावहारिक अनुभव कराया जाता है। ये विद्यालय एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा अभिकल्पित नई पद्धतियों तथा अनुभवों के लिए प्रयोगशाला का काम कर रहे हैं।

गुजरात, कर्नाटक, उड़ीसा, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर क्षेत्र की 'डाइट' संस्थाओं के प्रधानाचार्यों तथा एस.सी.ई.आर.टी./डाइट संस्थाओं के संकाय सदस्यों के लिए अनेक सेवाकालीन प्रशिक्षण/अभिस्थापन/अध्यापन विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों, जैसे सेवाकालीन कार्यक्रमों की योजना बनाना और उन्हें चलाना, क्रियानिष्ठ अनुसंधान, संचार/संप्रेषण कौशल, मूल्यपरक शिक्षा, प्रश्नपत्र बनाने की तकनीक, अध्यापन में इंटर्नशिप, विशेष जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, योग प्रशिक्षण आदि से संबंधित थे।

सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के 'डाइट' संस्थानों के नए भर्ती किए गए व्याख्याताओं के लिए प्रवर्तन स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

अध्यापक-प्रशिक्षकों/प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न विषय-क्षेत्रों, जैसे वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर जीव विज्ञान की शिक्षा देने की विधियाँ और विषय-वस्तु, प्राथमिक स्तर पर विज्ञान की शिक्षा, प्राथमिक स्तर पर उर्दू की शिक्षा, वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान की शिक्षा में कंप्यूटर का अनुप्रयोग, और माध्यमिक स्तर पर विज्ञान का व्यावहारिक कौशल आदि में संचालित किए गए। प्रमुख संसाधन व्यक्तियों को मूल्यपरक शिक्षा की कार्यविधि, मातृभाषा (उड़िया) की शिक्षा, अंग्रेज़ी की शिक्षा, क्रियानिष्ठ अनुसंधान की कार्यविधि, समर्थता-आधारित अध्यापन, अधिगम और मूल्यांकन जैसे विषय-क्षेत्रों में भी प्रशिक्षित किया गया।

अध्यापक-प्रशिक्षकों तथा प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के प्रशिक्षण के अतिरिक्त, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों ने विद्यालयी शिक्षा के भिन्न-भिन्न स्तरों पर भिन्न-भिन्न विषयों की शिक्षा देने वाले अध्यापकों के प्रशिक्षण का कार्य हाथ में लिया।

एन.सी.ई.आर.टी. को विद्यालय अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (सॉप्ट) की केंद्र-प्रायोजित स्कीम के कार्यान्वयन को सुकर बनाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 3 लाख 41 हजार अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 1993-94 में इस स्कीम के प्रारंभ से लेकर लगभग 21 लाख विद्यालय अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

अध्यापक शिक्षा तथा विद्यालयी शिक्षा में नवाचारों की योजना के अंतर्गत, अध्यापकों तथा अध्यापक- प्रशिक्षकों से नवाचारी शोधपत्र/निबंध आमंत्रित किए गए। इन पत्रों का तीन स्तरों यानि क्षेत्रीय, राष्ट्रीय स्तरों पर और राष्ट्रीय संगोष्ठी में मूल्यांकन किया गया। अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए एक संयुक्त राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें दोनों श्रेणियों के अध्यापकों ने विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के बीच की खाई को पाटने के लिए नवाचारात्मक पेपर प्रस्तुत किए। वर्ष 2000-2001 के दौरान, 56 विद्यालय अध्यापकों और 18 अध्यापक-प्रशिक्षकों को नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में उनके नवाचारों के लिए विशिष्ट योग्यता प्रमाणपत्रों तथा नकद धनराशि से सम्मानित किया गया।

एन.सी.ई.आर.टी. ने एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. संस्थानों के निदेशकों का एक सम्मेलन आयोजित किया। इस वर्ष के सम्मेलन में मुख्य रूप से विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2000 के कार्यान्वयन पर विचार किया गया। मुख्य रूप से तीन सम्मेलन आयोजित किए गए जिनके नाम थे : 2 वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम 2001 के अध्यापन में इंटर्नशिप के संबंध में सहयोग देने वाले विद्यालयों के अध्यापकों तथा प्रधानाध्यापकों का सम्मेलन, बी.एड. के बहुल सांस्कृतिक स्थापन की मूल्यांकन विधियों के लिए सहयोग प्रदान करने वाली संस्थाओं का सम्मेलन और 4-वर्षीय एकीकृत बी.एससी.बी.एड. कार्यक्रमों से संबंधित अध्यापन में इंटर्नशिप के संबंध में सहयोग प्रदान करने वाले विद्यालयों के अध्यापकों तथा प्रधानाध्यापकों का सम्मेलन।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज

इस योजना का उद्देश्य है – कक्षा दस के अंत में प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना ताकि वे आगे अपनी प्रतिभा का विकास कर सकें। 150 अनुसूचित जाति और 75 अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों सहित 1000 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं। इन छात्रवृत्तियों के लिए चयन दो स्तरों पर किया गया। प्रथम स्तर पर राज्यों द्वारा लिखित परीक्षाओं के आधार पर चयन किया गया। द्वितीय स्तर पर चयन एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया गया। वर्ष 2001-2002 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे कुल 4315 छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को 97.81 लाख रुपये छात्रवृत्ति के रूप में वितरित किए गए। किए गए अध्ययनों में (i) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2001 का मूल्यांकन, (ii) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा की निर्मित वैधता

का अध्ययन, तथा (iii) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के पुरस्कृत छात्रों की रूपरेखा इत्यादि शामिल हैं। एम.ए.टी. तथा एस.ए.टी. में लेख बैंक (आइटम बैंक) का भी विकास किया गया।

शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचारों को प्रोत्साहन

एन.सी.ई.आर.टी. अनुसंधान तथा विकास संबंधी अपने कार्यक्रमों का संचालन तो करती ही है, साथ ही वह देश भर के विश्वविद्यालयों तथा शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत अनुसंधानकर्ताओं तथा संकाय सदस्यों द्वारा प्रस्तावित शैक्षिक अनुसंधान कार्यों तथा नवाचारों को भी प्रोत्साहन देती है। शैक्षिक अनुसंधान तथा नवाचार समिति (एरिक), जो कि परिषद् की एक स्थायी समिति है, अनुसंधान प्रस्तावों की निधि-व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है और पीएच.डी. के शोध-प्रबंधों के प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता देती है। परिषद् शैक्षिक अनुसंधानों के आवधिक सर्वेक्षणों के रूप में, अनुसंधान कार्यों तथा अनुसंधान प्रवृत्तियों के बारे में सूचना का प्रसार करती है।

आलोच्य वर्ष के दौरान, 'एरिक' द्वारा निधि-पोषित सोलह अनुसंधान परियोजनाएँ पूरी की गईं और 40 अनुसंधान कार्य चल रहे थे। अनुसंधानों के बारे में सूचना देने और अकादमिक विचार-विमर्श एवं चिंतन-मनन को अभिप्रेरणा देने के लिए मंच प्रदान करने का कार्य पत्रिकाओं के प्रकाशन के माध्यम से बराबर चलता रहा। जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन (अंग्रेज़ी त्रैमासिक), इंडियन एजुकेशनल एब्स्ट्रैक्ट्स (अंग्रेज़ी में छःमाही पत्रिका), भारतीय आधुनिक शिक्षा (हिंदी त्रैमासिक) और इंडियन एजुकेशनल रिव्यू (अंग्रेज़ी छःमाही पत्रिका) ग्राहकों/पाठकों के लाभार्थ नियमित रूप से प्रकाशित होती रहीं। शैक्षिक अनुसंधानों के छठे सर्वेक्षण के रूप में शैक्षिक अनुसंधान की प्रवृत्तियों से अवगत कराने का कार्य भी वर्ष के दौरान बराबर चलता रहा। अनुसंधान के निष्कर्षों के आधार पर प्रबंध-ग्रंथ तैयार करने का काम आलोच्य वर्ष के दौरान प्रारंभ किया गया, इससे अध्यापक तथा विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अन्य लोग लाभान्वित होंगे। अनुसंधान विषयक सूचना के वितरण के साथ-साथ, परिषद् ने यूनेस्को द्वारा निधि-पोषित दो अध्ययनों, अर्थात् "प्रोत्साहन योजनाओं संबंधी राज्य नीतियां" और "बालिकाओं की सहभागिता में योगदान", के निष्कर्षों से अवगत कराने के लिए क्रमशः चेन्नई तथा लखनऊ में दो सूचना-वितरण कार्यशालाएँ आयोजित कीं।

देश में विद्यालयी शिक्षा के उभरते हुए परिवर्तनशील संदर्भों में, परिषद् के भावी दिशा-निर्देशों पर विचार-विमर्श करने के लिए, 'विद्यालयी शिक्षा में उभरते हुए मुद्दों/सरोकारों और एन.सी.ई.आर.टी. की भूमिका विषय पर दो-दिवसीय एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

क्षमता-निर्माण के क्षेत्र में प्रारंभिक स्तर पर एक अनुसंधान कार्यविधि विषयक पाठ्यक्रम पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित 'डाइट' संस्थानों तथा एस.सी.ई.आर.टी. परिषदों के संकायों के लिए गुवाहाटी में आयोजित किया गया। इसी प्रकार, पश्चिमी राज्यों के 'डाइट' संस्थानों के संकाय के लिए तृणमूल स्तर के अनुसंधान अध्ययनों पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम दिल्ली में संपन्न किया गया। प्राथमिक अध्यापक के लिए क्रियानिष्ठ अनुसंधान के संबंध में एक प्रयोक्ता संदर्शिका तैयार की गई और वह मुद्रणाधीन है। एक उन्नत अनुसंधान कार्यविधि पाठ्यक्रम के लिए सामग्री तैयार करने के लिए प्रयत्न प्रारंभ किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित प्रवृत्तियों और राज्य स्तर पर उनमें उपलब्ध अंतर को प्रस्तुत करने के लिए शैक्षिक आंकड़ों का एक संग्रह तैयार किया गया।

"विद्यालयी शिक्षा में राज्य अध्ययन : प्रस्थिति, मुद्दे और भावी प्रिरिप्रेक्ष्य" नामक परियोजना, जो परिषद् द्वारा समर्थित है और एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. संस्थानों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है, उसमें आगे प्रगति हुई और नौ राज्यों में प्रस्थिति अध्ययन पूरे किए जा चुके हैं। विद्यालयी शिक्षा संबंधी वित्त के बारे में एक प्रायोगिक अध्ययन भी वर्ष के दौरान प्रारंभ किया गया।

परिषद् द्वारा पहले नियमित अंतराल के बाद संचालित अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण देश में नीति-निर्धारण और शैक्षिक योजनाओं के निर्माण में अपनी बहुमूल्य उपयोगिता के लिए विख्यात है। सातवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण को संपन्न

करने के लिए शैक्षिक संस्थाओं की इस विराट जनगणना के लिए तैयारी संबंधी कार्यकलाप वर्ष के दौरान प्रारंभ किए गए। सातवें सर्वेक्षण के लिए जनगणना की संदर्भ तिथि 30 सितंबर 2002 रखी गई है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र 'निक' और सभी 35 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन इस भीम-विशाल कार्य में भागीदार हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

एन.सी.ई.आर.टी. ने विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के कार्यान्वियन के लिए मुख्य एजेंसी के रूप में कार्य करना जारी रखा। विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त शैक्षिक रिपोर्टों, सामग्रियों, दस्तावेज़ों, आदि को पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना प्रभाग में स्थित अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा संसाधन केंद्र में प्रदर्शित किया गया। परिषद् के कई संकाय सदस्यों को, अन्य देशों या अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा प्रायोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। परिषद् ने उन कई देशों के प्रतिनिधि मंडलों/शिक्षाविदों और अध्यापकों से विचार-विनिमय किया, जो एन.सी.ई.आर.टी. में आए।

श्रीलंका के राष्ट्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए दो व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए और 'सार्क' क्षेत्र में सबके लिए शिक्षा कार्यक्रम के लिए पाठ्यचर्या परिवर्तन के प्रबंध के विषय पर एक उप-क्षेत्रीय अभिविन्यास पाठ्यक्रम चलाया गया। अध्यापक शिक्षा के प्रत्यापन के विषय में एक-मासीय अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम श्रीलंका के राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा प्राधिकरण (नाटे) के दो निदेशकों के लिए चलाया गया। यूनेस्को के बैंकाक स्थित 'रूशैप' एकक अर्थात् एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र के लिए सामाजिक तथा मानवीय विज्ञानों के क्षेत्रीय एकक द्वारा प्रायोजित प्रवसन शिक्षा कार्यक्रम के तीसरे चरण का काम पूरा किया जा चुका है। प्रवसन शिक्षा विषयक अध्ययन-अधिगम सामग्रियां तैयार की जा चुकी हैं, अब उनका ऐसे विद्यालयों में, जहाँ प्रवासी छात्र अध्ययन करते हैं, प्रयोग करके उनकी उपयुक्तता को जांचा-परखा जाएगा। मालदीव के शैक्षिक कार्मिकों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम (एक अध्यापकों के लिए और दूसरा प्रधानाध्यापकों के लिए) मैसूर में चल रहे हैं।

पुस्तकालय एवं प्रलेखन

एन.सी.ई.आर.टी. मुख्यालय में स्थित पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना प्रभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान परिसर, नई दिल्ली में परिषद् के विभिन्न एककों के अनुसंधान एवं विकास संबंधी कार्यकलापों को सहायता देना जारी रखा। परिषद् के अन्य संघटकों ने भी अपने परिसरों में पुस्तकालय सुविधाएँ दे रखी हैं। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा और संबद्ध विषयों में अध्येताओं, अध्यापक-प्रशिक्षकों, अध्यापकों और छात्रों आदि के प्रयोग के लिए बड़ी संख्या में पुस्तकें व पत्रिकाएँ संकलित की गईं। पुस्तकालय शनिवार व रविवार को भी खुला रहता है। 31 मार्च 2002 की स्थिति के अनुसार पुस्तकालय में कुल 132416 पुस्तकें और पत्रिकाएँ थीं। परिषद् यूरोपीय आयोग के सहयोग से स्वचलीकरण (ऑटोमेशन), संग्रहण, पुस्तकालय सेवा विकास, स्टाफ विकास, प्रबंधन और एन.सी.ई.आर.टी. पुस्तकालय प्रणाली को चुनिंदा शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थानों के पुस्तकालयों/संसाधन केंद्रों के साथ नेटवर्किंग के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा संसाधन केंद्र के रूप में परिवर्तित करने की योजना को कार्यान्वित कर रही है।

हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन

परिषद् के संघटकों में दिन-प्रतिदिन के कार्य में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। मुख्यालय में लिपिकों, आशुलिपिकों और वैयक्तिक सहायकों के लिए हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। परिषद् के संघटकों में राजभाषा के कार्यान्वयन की प्रगति के बारे में जानकारी लेने के लिए परिषद् की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। 14 से 28 सितंबर, 2001 तक 'हिंदी पखवाड़ा' मनाया गया। इस अवधि के दौरान टिप्पण/प्रारूपण, निबंध लेखन, टंकण, अनुवाद, वाद-विवाद, कविता और आशुलिपि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय

व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों ने भी हिंदी सप्ताह मनाया तथा हिंदी की प्रोन्नति के लिए कई प्रतियोगिताएँ और कार्यक्रम आयोजित किए तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। हिंदी प्रकोष्ठ परिषद् के प्राशासनिक दस्तावेज़ों एवं कागज-पत्रों के अनुवाद में सहायता करता रहा तथा इसने टंकण और आशुलिपिक सुविधाएँ भी प्रदान कीं, जहां पर यह उपलब्ध नहीं थीं। मुख्यालय में एक विभाग तथा तीन अनुभागों की जांच के माध्यम से राजभाषा नियमों के कार्यान्वियन की स्थिति का परिवीक्षण किया गया।

कार्यक्रम आयोजन, परिवीक्षण एवं मूल्यांकन

परिषद् के संघटकों/विभागों के अध्यक्षों ने अपने संकाय सदस्यों द्वारा आरंभ किए गए कायक्रमों के कार्यान्वयन का परिवीक्षण करना जारी रखा। एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक/संयुक्त निदेशक ने आयोजन, कार्यक्रम परिवीक्षण और मूल्यांकन प्रभाग के माध्यम से अपने संघटकों के कार्यक्रमों का पुनरीक्षण भी किया। परिषद् के विभिन्न संघटकों के कार्यक्रमों के आयोजन एवं कार्यान्वयन का संपूर्ण कार्य परिषद् और राज्यों का सहयोगात्मक उद्‌यम बना रहा। कार्यक्रम सलाहकार समिति की विशेष बैठक में अगले वर्ष के अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार कार्यक्रमों हेतु बल दिए जाने वाले क्षेत्रों को अभिनिर्धारित किया गया। परिषद् की कार्यक्रम सलाहकार समिति जो अनुमोदन के लिए अंतिम रूप से कार्यकारिणी समिति को संस्तुत करती है, द्वारा विचार किए जाने से पहले, राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान विभागों के कार्यक्रमों पर उनके विभागीय सलाहकार बोर्ड तथा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान की अकादमिक समिति द्वारा, सी.आई.ई.टी. और पी.एस.एस.सी.आई,वी.ई. के कार्यक्रमों पर उनके संस्थान सलाहकार बोर्ड द्वारा तथा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के कार्यक्रमों पर उनकी प्रबंध समितियों द्वारा कार्यवाही की गई। परिषद् ने कार्यक्रमों और कार्यकलापों के संबंध में मानव संसाधन विकास मंत्रालय को समय-समय पर रिपोर्ट व विवरणिका देना जारी रखा।

प्रकाशन

एन.सी.ई.आर.टी. विद्‌यालयी शिक्षा के लिए पाठ्यपुस्तकों, अभ्यास पुस्तिकाओं, अनुपूरक पाठमाला, शिक्षक संदर्शिकाओं, व्यावसायिक शिक्षा में अनुकरणीय अनुदेशात्मक सामग्री, अनुसंधान रिपोर्ट/प्रबंध और शैक्षिक पत्रिकाओं का प्रकाशन कर रही है। आलोच्य वर्ष के दौरान 350 प्रकाशन निकाले गए। वर्ष के दौरान निकाले गए पत्रिकाओं के अंकों की संख्या नीचे दी गई है:

- जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन
  तीन अंक
- स्कूल साइंस
  तीन अंक
- दि प्राइमरी टीचर
  तीन अंक
- प्राइमरी शिक्षक
  चार अंक
- भारतीय आधुनिक शिक्षा
  चार अंक
- जर्नल ऑफ वेल्यू एजुकेशन
  दो अंक
- इंडियन एजुकेशनल रिव्यू
  एक अंक
- इंडियन एजुकेशनल एब्सट्रैक्ट्स
  दो अंक

परिषद् की पाठ्यपुस्तकों के वितरण का कार्य संपूर्ण देश में थोक विक्रेता एजेंटों के माध्यम से किया गया। उर्दू के प्रकाशन उर्दू अकादमी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के माध्यम से वितरित किए/बेचे गए। परिषद् का प्रकाशन विभाग, अपनी पाठ्यपुस्तकों आदि की आपूर्ति के लिए स्कूलों तथा व्यक्तियों से सीधे आर्डर लेता रहा। वर्ष के दौरान प्रकाशित कई शीर्षक अनुमोदित डाक सूची के अनुसार भेजे गए। प्रकाशनों की बिक्री से हुई कुल प्राप्ति लगभग 48.87 करोड़ रुपये थी। बड़ी संख्या में संस्थाओं और अनुसंधानकर्ताओं से परिषद् के निर्मूल्य प्रकाशनों की मांग प्राप्त हुई जिसे पूरा कर दिया गया। सुखचर (पश्चिम बंगाल), बंगलौर और

अहमदाबाद स्थित क्षेत्रीय उत्पादन एवं वितरण केंद्रों ने अपने संबंधित क्षेत्रों अर्थात् पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में पाठ्यपुस्तकों के प्रकाशन तथा वितरण का कार्य जारी रखा। पूर्वी क्षेत्र की आवश्यकताओं को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के मुख्यालय से पूरा किया गया।

सूचना प्रसार से संबंधित कार्य के एक भाग के रूप में परिषद् के प्रकाशन विभाग ने निम्नलिखित पुस्तक मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लिया :

1. दिल्ली पुस्तक मेला, सितंबर 2001
2. जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी इलाहाबाद, नवंबर 2001
3. देहरादून पुस्तक मेला, सितंबर 2001
4. पाँचवाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला, एरणाकुलम् दिसंबर 2001
5. कोलकाता पुस्तक मेला, जनवरी-फरवरी 2002
6. विश्व पुस्तक मेला, नई दिल्ली जनवरी-फरवरी 2002
7. रामजस कालेज मेला, जनवरी 2002

कल्याणकारी कार्यकलाप

समीक्षाधीन वर्ष में कर्मचारियों को उनकी पात्रता और स्थिति के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के 156 आवासीय क्वार्टर आबंटित किए गए।

परिषद् के कर्मचारियों के लिए जीवन बीमा की सामूहिक बचत-जुड़ी बीमा योजना जारी रखी गई। 195 सदस्यों को उच्च श्रेणी में रखा गया तथा 45 नए लोगों को योजना के अंतर्गत शामिल किया गया। पालिसी समाप्त होने/वापसी और मृत्यु दावे के 136 मामले भारतीय जीवन बीमा निगम को निपटान के लिए भेजे गए। कुछ को छोड़कर, भारतीय जीवन बीमा निगम से सभी का भुगतान मिल गया है तथा वह भुगतान भूतपूर्व सदस्यों/मृतक सदस्यों के नियुक्त नामित व्यक्तियों को दे दिया गया है।

1,090 नियमित कर्मचारी तथा 400 पेंशनभोगी सी.जी.एच.एस. सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं। जो लोग सी.जी.एच.एस. के अधिकार क्षेत्र से बाहर रह रहे हैं वे ए.एम.ए. के माध्यम से आपाती चिकित्सा सुविधाएं ले रहे हैं। सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर परिषद् के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 45 प्रतीक उपहार प्रदान किए गए।

3

प्रारंभिक शिक्षा

सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.) कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा गारंटी स्कीम और वैकल्पिक तथा अभिनव शिक्षा नामक एक नई स्कीम तैयार की गई। एन.सी.ई.आर.आर.टी. इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए सरकारी और गैर-सरकारी दोनों प्रकार के संगठनों की क्षमता के निर्माण और संसाधनों के विकास पर ध्यान केंद्रित करती रही है।



प्रारंभिक शिक्षा

एन.सी.ई.आर.टी. राष्ट्रीय स्तर पर औपचारिक और गैर-औपचारिक क्षेत्रों में प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में भारत सरकार को सलाह देने वाला नोडल संगठन है; यह प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के स्थूल ढांचे के अन्तर्गत विभिन्न क्रियाकलाप और कार्यक्रम हाथ में लेती है, जिनमें मुख्य ध्यान पाठ्यचर्या और सामग्री के विकास, अनुसंधान, प्रशिक्षण और विस्तार पर केन्द्रित किया जाता है। प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में इन प्रमुख लक्ष्यों के अनुसरण में, एन.सी.ई.आर.टी. तीन फोकल क्षेत्रों के बारे में कार्रवाई करती है, अर्थात : **शैशवकालीन देखरेख और शिक्षा, गैर-औपचारिक शिक्षा** (शिक्षा गारंटी स्कीम और वैकल्पिक तथा नवाचारी शिक्षा) और **प्रारंभिक शिक्षा (औपचारिक)**। संगत संसाधन/समृद्धिकारी सामग्री विकसित करके, प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम संचालित करके और अनुसंधान अध्ययन हाथ में लेकर विभिन्न क्रियाकलापों के जरिए इन क्षेत्रों में कार्यरत सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों और अभिकरणों को नियमित रूप से महत्वपूर्ण निविष्टियां और शैक्षिक समर्थन प्रदान किया जाता रहा है।

शैशवकालीन देखरेख और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) का शैक्षिक कार्यक्रमों में दोहरा महत्व है। एक तो यह कि मानव संसाधन विकास की कार्यनीति में ई.सी.सी.ई. निविष्टियां प्रारंभिक शिक्षा के लिए पोषक और समर्थन कार्यक्रम के रूप में कार्य करती हैं। दूसरे, यह विद्यालयों में बच्चों की भागीदारिता सुनिश्चित करती है और इस प्रकार प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण की एक सक्षम कार्यनीति के रूप में कार्य करती है। इस दोहरी कार्यपद्धति को ध्यान में रखते हुए, एन.सी.ई. आर.टी. संगत सामग्री विकसित करके और इस क्षेत्र में मुख्य कार्मिकों को प्रशिक्षित करके इसका पक्षपोषण करती है, जागरूकता उत्पन्न करती है और संबंधित व्यक्तियों अर्थात भागीदारों में क्षमता-निर्माण करती है। मुख्य ध्यान बच्चों, अध्यापकों, माता-पिता और अध्यापक-शिक्षकों के लिए 'समृद्धिकारी' और संसाधन सामग्री का विकास करने पर दिया जाता रहा है। यह संगठन राज्य सरकारों द्वारा अपने ई.सी.सी.ई. कार्यक्रमों के आयोजन, कार्यान्वयन और मूल्यांकन के लिए हाथ में लिए गए क्रियाकलापों में नियमित रूप से समन्वय स्थापित करता रहा है। स्कूल-पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के ई.सी.सी.ई. कार्यक्रमों में शामिल कार्मिकों की क्षमता के निर्माण का कार्य भी किया गया है और इसमें मुख्य ध्यान आनंदपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने पर दिया गया है।

गैर-औपचारिक शिक्षा प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के उद्देश्य को पूरा करने की एक महत्वपूर्ण कार्यनीति है। स्कूलों से बाहर के बच्चों को शिक्षा सुलभ कराने और उनकी नियमित भागीदारिता सुनिश्चित करने और अधिगम के एक संतोषजनक स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के लिए किए जाने वाले प्रयत्न प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के समूचे प्रयास के भाग होने जरूरी हैं। एन.एफ.ई. की पिछली स्कीम की कमियों और डी.पी.ई.पी. के सफल अनुभवों के कारण इस स्कीम का कायाकल्प करना जरूरी हो गया था और इस प्रकार सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.) कार्यक्रम के अंतर्गत **शिक्षा गारंटी स्कीम और वैकल्पिक तथा अभिनव शिक्षा** नामक एक नई स्कीम तैयार की गई। एन.सी.ई.आर.टी. इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए सरकारी और गैर-सरकारी दोनों प्रकार के संगठनों की क्षमता के निर्माण और संसाधनों के विकास पर ध्यान केंद्रित करती रही है। इन कार्यक्रमों की प्रभावोत्पादकता के संबंध में अनुसंधान अध्ययन करने के लिए भी प्रयत्न किए गए। 'प्रारंभिक स्तर पर प्रयोगात्मक और अभिनव कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता की मानव संसाधन विकास मंत्रालय की स्कीम' के अंतर्गत गैर-सरकारी संगठनों को गैर-औपचारिक शिक्षा और वैकल्पिक शिक्षण की जो अभिनव परियोजनाएं मंजूर की गई थीं, उनका मूल्यांकन इस क्षेत्र का एक ऐसा क्रियाकलाप है, जो जारी है। एन.सी.ई.आर.टी.एन.एफ.ई. और वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को परामर्श संबंधी और अन्य शैक्षिक समर्थन भी प्रदान करती है।

प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के स्थूल ढांचे के अंतर्गत प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के उल्लेखनीय प्रयास किए गए हैं। पाठ्यचर्या और शिक्षण सामग्री का एक नया सेट विकसित करने, क्षमता-निर्माण के लिए प्रशिक्षण विषयक निविष्टियों के बारे में बैठकें आयोजित करने और नवोदित क्षेत्रों में अनुसंधान-अध्ययन शुरू करने से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप हाथ में लिए गए। प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के राष्ट्रीय कार्यक्रम-सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. ने राज्यों और जिलों की टीमों की क्षमता-निर्माण के रूप में शैक्षिक और व्यावसायिक समर्थन प्रदान किया; इसके अतिरिक्त, मानव जीवन और राष्ट्रीय मेल-मिलाप के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए, 'बच्चों में मूल्यों की शिक्षा को प्रोत्साहन' का कार्यक्रम परिषद् के एक महत्त्वपूर्ण कार्यान्वयनाधीन कार्यक्रम के रूप में उभरा है। परस्पर लाभ के लिए और विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करने (नेटवर्किंग) के लिए राष्ट्रीय प्रलेखन यूनिट के माध्यम से इन क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण और संगत सूचना को बांटने के लिए भी प्रयत्न किए गए हैं।

प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में 2001-2002 के दौरान शुरू किए गए प्रमुख क्रियाकलाप इस प्रकार हैं :

अनुसंधान

गैर-सरकारी संगठनों की परियोजनाओं का मूल्यांकन

एन.सी.ई.आर.टी. को विद्यालयों में मूल्यपरक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने का नोडल केंद्र माना जाता है, इसलिए उसके विभिन्न संघटकों ने देश में विद्यालयी स्तर पर मूल्यों पर आधारित शिक्षा देने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए मूल्यपरक शिक्षा के राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस केन्द्र के लक्ष्य और कार्य ये हैं: (i) विद्यालयी शिक्षा के मूल्यपरक अभिविन्यास के लिए योजनाएं, कार्यक्रम और क्रियाकलाप तैयार करना, (ii) योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए कार्यनीतियां विकसित करना, (iii) शैक्षिक सामग्री और अन्य सहायक उपकरण विकसित करना, (iv) मूल्यपरक शिक्षा से संबंधित पुस्तकों, पत्रिकाओं, प्रशिक्षण पैकेजों, श्रव्य और दृश्य सामग्री के कोष-व-सन्दर्भ पुस्तकालय के रूप में काम करना।

अनुसंधान

स्कूलों में मूल्य-आधारित व्यवहारों का अध्ययन

विद्यार्थियों के अन्दर मूल्यों की भावना भरने के लिए विभिन्न प्रकार के स्कूलों द्वारा जिन तरीकों को अपनाया जाता है उनका पता लगाने के लिए दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में स्थित कुछ चुने हुए स्कूलों में मूल्य-आधारित व्यवहारों का अध्ययन किया गया ताकि विद्यालयी प्रणाली के लिए सार्थक निहितार्थ निकाले जा सकें।

महापुरुषों के जीवन से मूल्यों की खोज

पूर्वी भारत के महान व्यक्तियों के जीवन-मूल्यों का पता लगाने के लिए उनकी जीवनियों का विश्लेषण करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया गया। चुने हुए महान व्यक्तियों के जीवन पर आधारित मूल्यपरक शिक्षा का एक पैकेज विकसित किया गया और विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा उसका पुनरीक्षण किया गया। पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में इस सामग्री को आजमाया जा रहा है।

मूल्य-बोध और शैक्षिक उपलब्धि के बीच संबंध

इस अध्ययन में मैसूर, कर्नाटक के समवेत और अनन्य विद्यालयों की छात्राओं और छात्रों के मूल्य-बोध और शैक्षिक उपलब्धियों के बीच के संबंध पर ध्यान केंद्रित किया गया।

विकास

भारत में मूल्यपरक शिक्षा के संबंध में सटीक ग्रन्थ सूची

मूल्यपरक शिक्षा के राष्ट्रीय संसाधन केंद्र ने देश में मूल्यपरक शिक्षा से संबंधित प्रकाशनों और अन्य कृतियों का डाटाबेस एक सटीक सन्दर्भ ग्रंथ सूची के रूप में तैयार करने का कार्य शुरू किया। भारत में मूल्यपरक शिक्षा संबंधी सटीक सन्दर्भ ग्रंथ सूची में पुस्तकों की टीका, पत्रिकाएं, लेख, डॉक्टरेट विषयक अनुसंधान, प्रशिक्षण पैकेज, श्रव्य/दृश्य कार्यक्रम, आदि शामिल हैं, जो मूल्यपरक शिक्षा के बारे में 1980 से अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित किए गए हैं। यह ग्रंथ सूची मूल्यपरक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अनुसंधानकर्ताओं, कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा उपयोग किए जाने के लिए है।

विद्यार्थियों में मानवीय उत्तरदायित्वों और अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल-आधारित कार्यक्रम

मानव अधिकारों के क्षेत्र में उपलब्ध कार्य की समीक्षा के आधार पर, विशेष रूप से कक्षा VI, VII और VIII के लिए मानव अधिकारों और उत्तरदायित्वों की शिक्षा के बारे में एक अवधारणात्मक रूपरेखा विकसित की गई, ताकि इस विषय पर अध्यापकों और विद्यार्थियों के बोध का आकलन करने के लिए एक प्रश्नावली तैयार की जा सके। इस अध्ययन के आधार पर मानव अधिकारों और उत्तरदायित्वों के बारे में उच्च प्राथमिक स्कूलों के विद्यार्थियों की जागरूकता बढ़ाने के लिए एक स्कूल-आधारित कार्यक्रम विकसित किया गया और विद्यालयों में उसका क्षेत्र-परीक्षण किया गया।

विद्यालयी शिक्षा में एकीकृत समवर्ती कार्यपद्धति के रूप में मूल्यों का स्पष्टीकरण

अध्यापकों/मूल्यों की शिक्षा देने वाले शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए संसाधन सामग्री विकसित की गई, जिसमें प्रशिक्षण और अध्यापन-अधिगम के दौरान अध्यापकों और विद्यार्थियों के उपयोग के लिए विभिन्न क्रियाकलाप/अभ्यास शामिल थे।

सृजनात्मकता के मूल्यों का पोषण-अध्यापकों के लिए संसाधन सामग्री तैयार करना

एक विनिबंध मोनोग्राफी के रूप में संसाधन सामग्री विकसित की गई, जिसमें विद्यार्थियों में सृजनात्मकता के मूल्यों के पोषण के लिए आदर्श विचार और क्रियाकलाप शामिल थे। आदर्श विचार और क्रियाकलाप विकसित किए गए और विद्यालयों में उनका परीक्षण किया गया। अध्यापकों से फीडबैक भी प्राप्त किया गया। यह विनिबंध अध्यापक-प्रशिक्षण संस्थाओं के पास भेजा जा रहा है ताकि सेवा-पूर्व और सेवाकालीन कार्यक्रमों में उसका उपयोग किया जा सके।

विद्यार्थियों के आध्यात्मिक अभिविन्यास के लिए अध्यापकों के वास्ते सामग्री का विकास

विद्यालयों के विद्यार्थियों के आध्यात्मिक अभिविन्यास के लिए अध्यापकों के वास्ते संसाधन सामग्री विकसित की गई है। आध्यात्मिक मुद्दों और अवधारणाओं के बारे में अध्यापकों और विद्यार्थियों के बोध को समझने के लिए प्रश्नावलियां विकसित की गईं और सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों के कक्षा XI और XII के विद्यार्थियों और अध्यापकों से आधारभूत सूचना (डाटा) एकत्र की गई। इस सूचना से विद्यार्थियों के आध्यात्मिक अभिविन्यास के लिए अध्यापकों के वास्ते संसाधन सामग्री विकसित करने के लिए प्रतिपाद्य विषयों और उनकी अंतर्वस्तु का पता लगाने में सहायता मिली। इन सामग्रियों का उपयोग अध्यापकों/अध्यापक-प्रशिक्षकों/परामर्शदाताओं, आदि के प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों में किया जाएगा।

मूल्यों के विकास के बारे में माता-पिता के लिए पठन सामग्री

मूल्यों के बारे में माता-पिता के लिए हिंदी में पठन सामग्री तैयार की गई है, ताकि उन्हें बच्चों में वांछनीय मूल्यों का संचार करने में सहायता मिले। इस सामग्री में दस मूल्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है अर्थात माता-पिता का सम्मान, समय-पालन, सफाई और स्वच्छता, सच्चाई, सामाजिक जिम्मेदारी, ईमानदारी, नेतृत्व, सहयोग, साहस और अनुशासन। सामग्री के विकास के लिए शीर्षक, फार्मेट, शैली और विषय-वस्तु को विशेषज्ञों और लेखकों की बैठकों में अंतिम रूप दिया गया।

प्रशिक्षण

मूल्यपरक शिक्षा के बारे में मार्गदर्शक परामर्शदाताओं का प्रशिक्षण

मार्गदर्शक-परामर्शदाताओं के सेवाकालीन प्रशिक्षण का पांच-दिवसीय एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि मूल्यपरक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में उनकी भूमिका के बारे में उन्हें सुपरिचित कराया जा सके।

मूल्यपरक शिक्षा के बारे में अभिविन्यास शिविर/विस्तार भाषण

व्यावसायिक शिक्षकों के लिए मूल्यपरक शिक्षा के बारे में दो अभिविन्यास शिविर आयोजित किए गए, ताकि उन्हें मूल्यपरक शिक्षा की आवश्यकता से सुपरिचित कराया जा सके और उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय, सामाजिक, वैयक्तिक और कार्य संबंधी मूल्यों से अवगत कराया जा सके। व्यावसायिक शिक्षा के जरिए मूल्यपरक शिक्षा के बारे में चार विस्तार-भाषणों का आयोजन भी किया गया।

मूल्यपरक शिक्षा के बारे में अल्पकालिक कार्यक्रम

मूल्यपरक शिक्षा के अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ये बातें शामिल हैं: (i) उत्तरी राज्यों के शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए सात-दिवसीय एक 'जीवन विज्ञान

योग शिविर', (ii) पश्चिम बंगाल के पी.टी.टी.आई. के मुख्य संसाधन व्यक्तियों के लिए मूल्यपरक शिक्षा की कार्यविधि के बारे में एक अभिविन्यास कार्यक्रम, (iii) मूल्यपरक शिक्षा के बारे में दक्षिणी राज्यों के मुख्य कार्मिकों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम, (iv) दक्षिणी क्षेत्र की डी.आई.ई.टी. के संकाय-सदस्यों और शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए योग प्रशिक्षण।

विस्तार

परम पावन दलाई लामा द्वारा 'शांति के लिए शिक्षा' विषय पर भाषण

परम पावन दलाई लामा द्वारा 4 जनवरी, 2002 को एन.सी.ई.आर.टी. के एन.आई.ई. परिसर में 'शांति के लिए शिक्षा' विषय पर एक विस्तार भाषण दिया गया, जिसमें एन.सी.ई.आर.टी. के संकाय के सदस्यों और स्टाफ ने भाग लिया। परम पावन दलाई लामा द्वारा 'शांति के लिए शिक्षा' विषय पर दिए गए भाषण को परिषद् द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रकाशित किया गया है।

मानव मूल्यों की शिक्षा के बारे में अध्यापकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के बारे में क्षेत्रीय संसाधन केंद्रों की परामर्शदात्री बैठक


मानव मूल्यों की शिक्षा के बारे में अध्यापकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए सात गैर-सरकारी संगठनों की, जिन्हें क्षेत्रीय संसाधन केंद्र घोषित किया गया है, एक परामर्शदात्री बैठक मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य अनुभवों का आदान-प्रदान करना, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करना और मानव मूल्यों की शिक्षा के लिए अध्यापकों के प्रशिक्षण की कार्यनीतियां तैयार करना था।

जर्नल ऑफ वैल्यू एजुकेशन

'जर्नल ऑफ वैल्यू एजुकेशन' पत्रिका का प्रकाशन मूल्यपरक शिक्षा के राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के तत्वावधान में किया जा रहा है और इसका उद्देश्य सभी स्तरों के विद्यार्थियों और अध्यापकों तथा इसके साथ अभिभावकों और समाज के सदस्यों के लिए मानव मूल्यों की शिक्षा से संबंधित मुद्दों के बारे में विचार प्रकट करने और अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच की व्यवस्था करना है। यह पत्रिका मूल्यपरक शिक्षा से संबंधित मुद्दों की समालोचनात्मक जांच करने का एक बहु-विषयक मंच है। इसमें दार्शनिक प्रवचन, नवाचारों की रिपोर्टें और अनुभवाश्रित और मूल्यांकन संबंधी रिपोर्टें, सर्वेक्षण, विवेचनात्मक निबंध, मूल्यपरक शिक्षा संबंधी पुस्तकों की समीक्षाएं और मूल्यपरक शिक्षा की कार्यनीतियों, विधियों और प्रक्रियाओं के आलोचनात्मक मूल्यांकन प्रकाशित किए जाते हैं। इस जर्नल में, मूल्यपरक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत सरकारी विभागों, विश्वविद्यालयों, गैर-सरकारी संगठनों और अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित क्रियाकलापों और कार्यक्रमों की रिपोर्टें भी प्रकाशित की जाती हैं। यह एक छमाही पत्रिका है, जो हर वर्ष जनवरी और जुलाई में निकाली जाती है। वर्ष 2001-2002 में इस पत्रिका के जुलाई, 2001 और जनवरी, 2002 के अंक प्रकाशित किए गए।

मानव मूल्यों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं का नेटवर्किंग

वर्ष 2001-2002 में लगभग 300 संगठनों की एक निर्देशिका (डायरेक्टरी) प्रकाशित की गई थी, जिसमें



'शांति के लिए शिक्षा' विषय पर विस्तार भाषण

इन संगठनों के पूरे पते, उद्देश्यों और क्रियाकलापों के स्वरूप की जानकारी दी गई थी। वर्ष 2001-2002 में एक पूरक खंड संकलित किया गया है, जिसमें 100 से अधिक ऐसे अन्य संगठनों के बारे में सूचना दी गई है, मूल्यों के लिए काम करने वाले प्रख्यात गैर-सरकारी संगठनों से संबंधित सूचना एन.सी.ई.आर.टी. के भीतर और बाहर प्रचारित-प्रसारित की गई है। इसे एन.सी.ई.आर.टी. की वेबसाइट में भी प्रस्तुत किया गया है।

मूल्यपरक शिक्षा के राष्ट्रीय संसाधन केंद्र का संदर्भ पुस्तकालय

मूल्यपरक शिक्षा के राष्ट्रीय संसाधन केंद्र का संदर्भ पुस्तकालय मूल्यपरक शिक्षा से संबंधित सामग्री के संग्रह के कोषागार के रूप में कार्य करता है। इसके संग्रह में मूल्यपरक शिक्षा के संबंध में दो हजार से अधिक पुस्तकें, पत्रिकाएं, प्रशिक्षण पैकेज, श्रव्य और दृश्य के कैसेट और सी.डी. हैं।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- भारत में मूल्यपरक शिक्षा के बारे में टीकायुक्त ग्रंथसूची
- जर्नल ऑफ वैल्यू एजुकेशन (जुलाई, 2001 का अंक)
- जर्नल ऑफ वैल्यू एजुकेशन (जनवरी, 2002 का अंक)
- 'शांति के लिए शिक्षा' (परम पावन दलाई लामा का विस्तार भाषण)
- मूल्यपरक शिक्षा के लिए कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों की निर्देशिका, खंड II (फोटोकापी)
- श्रेष्ठता की अवधारणात्मक रूपरेखा, अध्यापकों के लिए आदर्श सामग्री सहित (फोटोकापी)
- मूल्यपरक शिक्षा के लिए सेवाकालीन अध्यापक-प्रशिक्षण के लिए क्षेत्रीय संसाधन केंद्रों की बैठक की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- कुछ चुनिंदा स्कूलों में मूल्य-आधारित व्यवहारों का अध्ययन-तीन सरकारी स्कूलों की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- मार्गदर्शक-परामर्शदाताओं के लिए मूल्यपरक शिक्षा के बारे में पठन सामग्री
- मानव मूल्यों की शिक्षा : विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण (फोटोकापी)
- विषय क्षेत्रों के जरिए विद्यार्थियों में मूल्यों के संचार के नवाचारी तरीके
- ई.वी.एस.एस. के जरिए मूल्यों की शिक्षा को सुदृढ़ बनाना
- महापुरुषों के जीवन से मूल्यों की खोज की परियोजना की रिपोर्ट (मुद्रणाधीन)
- जीवन विज्ञान योग प्रशिक्षण शिविर (फोटोकापी)
- मूल्यपरक शिक्षा के बारे में एस.सी.ई.आर.टी, डी.आई.ई.टी. और आई.एस.टी.सी. के कार्मिकों का प्रशिक्षण (फोटोकापी)
- मूल्यों के संचार के लिए अध्यापकों की शिक्षाः राष्ट्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- नैतिक मूल्यों का विकास - मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्यः मूल्य-संचार के लिए अध्यापक शिक्षा
- मूल्यपरक शिक्षा की कार्यविधि के बारे में पश्चिम बंगाल की पी.टी.टी.आई के मुख्य व्यक्तियों का अभिविन्यास (मुद्रणाधीन)
- महापुरुषों के जीवन से मूल्यों की खोज (मुद्रणाधीन)
- मूल्यों का खजाना (फोटोकापी)

12

अध्यापक शिक्षा

अध्यापक शिक्षा विद्यालयी शिक्षा में सुधार के लिए एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण एवं निर्णायक निविष्टि है। अतः एन.सी.ई.आर.टी. सेवा-पूर्व और सेवाकालीन, दोनों प्रकार के अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम तैयार करने और आयोजित करने का कार्य स्वयं करती है।

अध्यापक शिक्षा

अध्यापक शिक्षा विद्यालयी शिक्षा मे सुधार के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक निविष्टि है। विद्यालयों के लिए तैयार की गई नीतियों को अध्यापकों द्वारा लागू किया जाना होता है और इसलिए अध्यापकों को तदनुसार तैयार करना है। अतः एन.सी.ई.आर.टी. सेवा-पूर्व और सेवाकालीन, दोनों प्रकार के अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम तैयार करने और आयोजित करने का कार्य स्वयं करती है। इस विषय क्षेत्र से संबंधित कार्यक्रम और कार्यकलाप अनुसंधान, सामग्री विकास, सेवा-पूर्व स्तर पर अध्यापक तैयार करने, अध्यापकों तथा अध्यापक-प्रशिक्षकों की क्षमता निर्माण, 'डाइट', एस.सी.ई.आर.टी., सी.टी.ई. और आई.ए.एस.ई. जैसे अध्यापक शिक्षा के केंद्रीय रूप से प्रायोजित संस्थानों को अकादमिक सहायता प्रदान करने और विस्तार कार्यक्रमों पर केंद्रित होते हैं।

अनुसंधान

विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर प्रवेश नीतियां और पद्धतियां

सामाजिक परिवर्तनों और अध्यापन के क्षेत्र में नई अंतर्दृष्टियों के कारण आज शिक्षा अधिक जटिल हो गई है। इन परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश/दाखिले को नियंत्रित करने वाली नीतियों में भी परिवर्तन हो रहा है ताकि समाज को उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण छात्र नागरिक के रूप में दिए जा सकें। मौजूदा अध्ययन का उद्देश्य है राज्यों में विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर प्रवेश नीतियों का विश्लेषण करना। प्राथमिक और माध्यमिक स्रोतों (शिक्षा अधिनियम, नियमों, संहिताओं आदि) के माध्यम से प्राथमिक-पूर्व, प्राथमिक, माध्यमिक आदि विभिन्न स्तरों पर सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, पब्लिक और प्राइवेट जैसे विभिन्न प्रकार के स्कूलों की दाखिला नीतियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। जो निष्कर्ष प्राप्त हुए उनसे यह पता चला कि प्राथमिक-पूर्व स्तर पर अधिकांश प्राइवेट पब्लिक स्कूल बच्चों, उनके माता-पिता का साक्षात्कार लेने और यहां तक कि उनके लिए परीक्षा आयोजित करने जैसी पद्धतियां अपनाते हैं। सरकारी विद्यालयों ने अपनी शैक्षिक संहिताओं, अधिनियमों और नियमों में प्राथमिक-पूर्व, प्राथमिक और माध्यमिक, सभी तीनों स्तरों के लिए दाखिले की आयु, दाखिले की प्रक्रिया के लिए अपनी दाखिला नीतियां निर्धारित की हैं। हालांकि सरकारी विद्यालय पड़ोसी विद्यालयों के सिद्धांत पर आधारित दाखिला नीति अपना रहे हैं, फिर भी राज्यों में इसे लेकर भिन्न-भिन्न नीतियां मौजूद हैं।

शिक्षा का विधान और विकास

यह अध्ययन भारतीय गणतंत्र के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्य के रूप में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुरोध पर विभिन्न कार्यकलापों में से एक कार्यकलाप के तौर पर किया गया था। इस अध्ययन में 1813 के चार्टर अधिनियम से लेकर शिक्षा को बालक का मूल अधिकार बनाने के लिए संविधान में किए गए संशोधन तक भारत में शिक्षा पर कानून निर्माण का अत्यंत व्यापक रूप से अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन में शिक्षा के विकास की तुलना में विभिन्न अनिवार्य शिक्षा नियमों के निहितार्थ को भी विश्लेषित किया गया है। इस अध्ययन में केंद्र तथा राज्य सरकारों की मानव-शक्ति संबंधी आवश्यकता और वित्तीय दावों तथा शिक्षा को बालक का मूल अधिकार बनाने के संदर्भ में माता-पिता के दायित्वों और कर्तव्यों को भी विश्लेषित किया गया है।

प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा संस्थाओं के अध्यक्षों की परिच्छेदिका/प्रोफाइल

अध्यापक शिक्षा संस्थाओं के प्रधानों/अध्यक्षों, खासकर प्रबंधन, द्वारा निभाई जाने वाली सुस्पष्ट भूमिकाओं को ध्यान में रखते हुए और स्टाफ, समुदाय के साथ उनके संबंध और गुणात्मक कार्यक्रम आयोजित करने और अनुसंधान करवाने की उनकी भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए एन.सी.ई.आर.टी. ने इन संस्थाओं के अध्यक्षों के कार्यों (भूमिकाओं) की रूपरेखा के

अध्ययन का कार्य आरंभ किया जिसका उद्देश्य था पेशेवर योग्यता, कार्य परिच्छेदिका, कार्य-प्रतिबद्धता, सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि, प्रबंधन शैली, पेश आई कठिनाइयों और उनके भावी दृष्टिकोण को विशेष रूप से रेखांकित करना। इस प्रयोजन के लिए एक प्रश्नावली तैयार की गई जिसमें 48 प्रश्न थे। यह प्रश्नावली देश में 800 प्रारंभिक शिक्षा संस्थाओं को भेजी गई। आंकड़ों के संग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।

दो-वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम के प्रति छात्रों का रुझान

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम में किए गए परिवर्तनों के परिणामस्वरूप एन.सी.ई.आर.टी. ने अपने चार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों (आर.आई.ई.) और गुजरात विद्यापीठ में वर्ष 1999 में दो-वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम शुरू किया। चूंकि यह एक प्रमुख संरचनात्मक परिवर्तन था अतः यह प्रस्ताव किया गया कि दो-वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम के बारे में प्रथम बैच के छात्रों से फीडबैक प्राप्त किया जाए। इस संबंध में समग्र प्रभाव का अध्ययन करने के लिए अध्ययन की रूपरेखा बनाई गई। इस हेतु एक प्रश्नावली तैयार की गई जिसमें सिद्धांत-पक्ष, व्यावहारिक अध्यापन, सह-पाठ्यचर्यात्मक कार्यकलाप और मूल्यांकन आदि समाहित किए गए और चार क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों तथा गुजरात विद्यापीठ से आंकड़े इकट्ठे किए गए। आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है।

भारतीय शिक्षा में निजी उद्यमों की भूमिका और योगदान

भूमंडलीकरण, उदारीकरण और निजीकरण की मौजूदा प्रवृत्ति में शिक्षा क्षेत्र को भी शामिल किया जा सकता है। बच्चों/युवाओं की निरंतर बढ़ती जनसंख्या के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, अकेले सरकार के लिए, एक कठिन कार्य है। अतः बच्चों और युवाओं की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी आने वाले वर्षों में एक आवश्यकता बन सकती है। यह भी सच है कि काफी लोग अपने बच्चों को प्राइवेट संस्थाओं में भेजने की क्षमता भी रखते हैं। शिक्षा में निजी क्षेत्र की भागीदारी के संबंध में किसी बहस या नीति के लिए, भारतीय शिक्षा में निजी उद्यमों की मौजूदा स्थिति तथा विगत प्रवृत्तियों पर अनुसंधान साक्ष्य की आवश्यकता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध माध्यमिक आंकड़ों के आधार पर 'निजी उद्यमों की भूमिका और योगदान' पर एक अनुसंधान अध्ययन आयोजित किया गया। इसका उपयोग भारतीय शिक्षा के विश्वकोश (एनसाइक्लोपीडिया ऑफ इंडियन एजुकेशन) में एक अध्याय जोड़ने के लिए किया गया है।

दक्षिणी क्षेत्र में अध्यापक शिक्षा संस्थानों द्वारा पेश किए गए, छात्र अध्यापकों द्वारा चुने गए और प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूलों में आवश्यक विशेषज्ञता विषयों का अध्ययन

यह अध्ययन दक्षिणी क्षेत्र में अध्यापक शिक्षा संस्थानों द्वारा पेश किए गए विशेषज्ञता विषय की तुलना में प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरों पर विभिन्न विषयों के अध्यापकों की नियुक्ति के लिए आवश्यक शैक्षिक तथा व्यावसायिक योग्यताओं का पता लगाने के लिए किया गया। अध्ययन की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

उद्देश्यों, अध्यापक सामर्थ्य और प्रतिबद्धता क्षेत्रों के संदर्भ में पाठ्यक्रम की अंतर्वस्तु और कार्य व संपादन नीतियों की उपयुक्तता के संबंध में दो-वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम का गहन अध्ययन

भावी अध्यापकों में योग्यता को विकसित करने और प्रतिबद्धता पैदा करने तथा उद्देश्य की पूर्ति के लिए पाठ्यक्रम अंतर्वस्तु और कार्यसंपादन नीतियों की उपयुक्तता का पता लगाने के लिए दो-वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम पर यह अध्ययन किया गया।

विकास

एनसाइक्लोपीडिया ऑफ इंडियन एजुकेशन

एन.सी.ई.आर.टी. ने भारतीय शिक्षा विश्वकोश (एनसाइक्लोपीडिया ऑफ इंडियन एजुकेशन) के

रूप में एक परियोजना आरंभ की है जो भारतीय शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में एक साथ संपूर्ण ज्ञान तथा जानकारी उपलब्ध कराने वाला एकमात्र स्रोत होगा। एक सर्वांगपूर्ण कृति के रूप में इसमें भारत में घटित शैक्षिक इतिहास की प्रमुख घटनाएं शामिल होंगी। देश के विभिन्न भागों में किए गए नवाचारी उपाय तथा प्रयोग शामिल होंगे। इसमें प्रमुख संस्थाओं तथा शिक्षाविदों के योगदान, भारतीय शिक्षा के विकास के विभिन्न चरणों, शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर भारतीय अध्येताओं के अनुसंधान संबंधी योगदान आदि का समावेश होगा। इस विश्वकोश की विषय-वस्तु पांच श्रेणियों में विभाजित होगीः (i) शैक्षिक विषय (ii) शैक्षिक संस्थाएं/संगठन आदि (iii) शैक्षिक परियोजनाएं तथा योजनाएं (iv) विभिन्न राज्यों में शिक्षा प्रणाली तथा (v) शिक्षा संबंधी विभिन्न भारतीय अवधारणाएं। इस विश्वकोश में प्रविष्टि हेतु लेख तैयार करने वाले लेखकों के लिए संकल्पनात्मक रूपरेखा तथा सुझाव तैयार कर लिए गए हैं और इनका प्रकाशन भी हो चुका है।

विश्वकोश के सलाहकार सदस्यों ने लेखकों के एक पैनल के साथ मिल कर 417 प्रविष्टियों का अभिनिर्धारण किया है ताकि विश्वकोश के लिए समुचित लेख तैयार किए जा सकें। साथ ही विश्वकोश संबंधी विभिन्न चरणों का कार्य प्रगति पर है। लगभग 200 लेख प्राप्त हो चुके हैं और संपादक मंडल ने इन्हें संपादित भी कर दिया है।

उच्च प्राथमिक स्तर वाले विज्ञान अध्यापकों के लिए स्वतः शिक्षण सामग्री

कक्षा प्रक्रियाओं तथा विज्ञान अध्यापन के मौजूदा तरीकों पर हुए अनुसंधानों से यह संकेत मिला है कि हमारे विद्यालयों में विज्ञान शिक्षण अभी भी उपदेशात्मक है और आज भी तथ्यों को रटने पर बल दिया जाता है और इनका मूल्यांकन उपलब्धि-परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। अभी हाल ही तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयुक्त पहलू विज्ञान शिक्षण के भाग नहीं थे। अतः यह अनुभव किया गया कि विषयवस्तु और अध्यापन के संबंध में अध्यापकों को प्रशिक्षण देने के लिए स्वतः शिक्षण सामग्री (एस.एल.एम) तैयार करने की आवश्यकता है ताकि विद्यालयों में अध्यापन प्रासंगिक और उच्चतर प्राथमिक स्तर पर अर्थपूर्ण बन सके।

स्वतः शिक्षण सामग्री तैयार करने में अध्यापकों को जो कठिनाइयां पेश आईं उनका विश्लेषण किया गया और समस्यामूलक स्थलों और प्रमुख संकल्पनाओं की पहचान की गई। एस.एल.एम. पैकेज में छात्रों में संकल्पनात्मक समझ पैदा करने, प्रत्येक अभिचिह्नित संकल्पना को तैयार करने संबंधी कार्यनिष्पादन नीतियों पर बल देने का सुझाव दिया गया। छात्रों की प्रगति का मूल्यांकन कार्यनिष्पादन नीति के साथ समाकलित है। एस.एल.एम. स्वतः व्याख्यात्मक, अभिप्रेरणात्मक और अंतःक्रियाशील है। लघु अंतराल पर अध्यापकों के लिए स्वमूल्यांकन की भी व्यवस्था है ताकि अध्यापकों की रुचि को बनाए रखा जा सके और वे विचारशील चिंतन कर सकें।

उच्चतर प्राथमिक अध्यापकों के लिए सामाजिक विज्ञानों पर स्वतः शिक्षण सामग्री

इस स्कीम को 1993-94 में शुरू किया गया और नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इसे विद्यालयी शिक्षा के सभी स्तरों तक विस्तारित कर दिया गया है। हालांकि राज्यों को उनके अध्यापकों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने की छूट दी गई है तथापि नोडल कार्यान्वयक एजेंसी के रूप में एन.सी.ई.आर टी. से नमूना सामग्री उपलब्ध कराने की अपेक्षा की जाती है। यह पैकेज सामाजिक विज्ञानों के उच्चतर प्राथमिक अध्यापकों के लिए तैयार किया गया है। इस पैकेज में 11 स्वतः शिक्षण मॉड्यूल शामिल हैं जो सामाजिक विज्ञानों के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं। ये मॉड्यूल सामाजिक विज्ञानों के अध्यापन में शिक्षण के उभरते परिवर्तन बिंदुओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

उच्चतर प्राथमिक अध्यापकों के लिए जागरूकता पैकेज

चूंकि एस.ओ.पी.टी. स्कीम का विस्तार उच्चतर माध्यमिक स्तर तक कर दिया गया है अतः एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों

पर पढ़ा रहे अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए नमूना प्रशिक्षण पैकेज संशोधित/तैयार करने की प्रक्रिया में लगी हुई है। प्राथमिक तथा उच्चतर प्राथमिक अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण पैकेज तैयार किए जा रहे हैं। इस संदर्भ में उच्चतर प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए एक 'जागरूकता पैकेज' तैयार किया गया है जिसका मूल प्रयोजन उन्हें सामान्य तौर पर विद्यालयी शिक्षा से संबंधित प्रमुख पाठ्यचर्या संबंधी सरोकारों, मुद्दों और नीतियों से अवगत कराना और विशेष रूप से उन्हें उच्चतर प्राथमिक शिक्षा के संदर्भ में इनसे अवगत कराना है। पैकेज में 12 स्वतः शिक्षण मॉड्यूल निहित हैं।

प्राथमिक अध्यापकों के लिए जागरूकता और कार्य निष्पादन पैकेज

उभरते सरोकारों को ध्यान में रखते हुए और अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया को अधिक स्थिति-आधारित बनाने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. ने दो पैकेज तैयार किए हैं (i) प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए जागरूकता पैकेज, (ii) एस.ओ.पी.टी. स्कीम के अंतर्गत विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञानों में प्राथमिक अध्यापकों के लिए कार्यनिष्पादन पैकेज।

शिक्षा की प्रारंभिक अवस्था के लिए संस्कृति-विशिष्ट शिक्षाशास्त्र पर पुस्तिका

भारत बहुसंस्कृति, बहुभाषा और बहुधर्म वाला समाज है। भारतीय समाज की बहुलतावादी प्रकृति को अध्यापन या शिक्षण की पद्धतियों एवं प्रवृत्तियों में व्यक्त करने की आवश्यकता है ताकि शिक्षा प्राप्ति को आनंददायक बनाया जा सके। इसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा की प्रारंभिक अवस्था के लिए संस्कृति-विशिष्ट शिक्षाशास्त्र पर एक पुस्तिका तैयार की जा रही है।

क्षमता, प्रतिबद्धता और कार्यनिष्पादन आधारित अध्यापक शिक्षा पर प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा के लिए स्व-शिक्षणात्मक मॉड्यूल

अध्यापकों के लिए यह आवश्यक होता है कि वे स्वयं को निरंतर क्षमतासंपन्न करते चलें और अपने कार्य के प्रति निरंतर अधिक प्रतिबद्ध और समर्पित होते चलें और साथ ही अपने व्यावसायिक कार्यनिष्पादन में वृद्धि भी करें। अध्यापकों की कार्यकुशलता न केवल क्षमताओं और दक्षताओं पर बल्कि प्रतिबद्धता और कार्यनिष्पादन पर भी निर्भर करती है। ये तीनों घटक अध्यापक शिक्षा में महत्वपूर्ण हैं। शिक्षणात्मक मॉड्यूलों, तीनों घटकों में से प्रत्येक में पांच, के लेखन का कार्य चल रहा है।

प्रशिक्षण पैकेज तैयार करना

विज्ञान किटों के प्रयोग, उच्चतर प्राथमिक स्तर पर कम लागत वाली सामग्री के प्रयोग, प्रारंभिक स्तर पर शिक्षण सहायता उपकरण तैयार करने, प्राथमिक स्तर पर उर्दू शिक्षण नीतियों में, जनजातीय प्राथमिक विद्यालयों अर्थात् सेवाश्रमों के अध्यापकों के लिए पाठ्यचर्या कार्य संपादन पर, माध्यमिक स्तर पर अध्यापन की तकनीकों और नीतियों पर, उच्चतर प्राथमिक कक्षाओं के लिए अंग्रेजी भाषा पर तथा महत्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों के लिए माध्यमिक स्तर पर शारीरिक विज्ञान में अंतर्वस्तु-सह-प्रणाली विज्ञान पर प्रशिक्षण पैकेज तैयार किए गए थे।

अध्यापकों के लिए पुस्तिकाएं तैयार करना

प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर तमिल पढ़ाने के लिए प्रमुख महत्त्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन करने पर तथा अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर अध्यापकों के लिए पुस्तिकाएं (हैंडबुक) तैयार की गई हैं।

प्रशिक्षण

(क) सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम

एन.सी.ई.आर.टी. का एक प्रमुख सरोकार है नवाचारी सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रमों, अर्थात् विज्ञान शिक्षा में चार-वर्षीय समेकित बी.एससी.बी.एड., बी.एससी.एड. अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम, विज्ञान और मानविकी में दो-वर्षीय बी.एड.माध्यमिक पाठ्यक्रम, प्रारंभिक शिक्षा में एक-वर्षीय एम.एड. पाठ्यक्रम और अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में मार्गदर्शन और

परामर्श में एक-वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को तैयार करना और कार्यान्वयन करना। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए भी सुविधाएं मौजूद हैं। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में विभिन्न सेवा-पूर्व पाठ्यक्रमों में कुल 1964 छात्र पंजीकृत थे। चार-वर्षीय समेकित बी.एससी.बी.एड./बी. एससी. एड. पाठ्यक्रम का मुख्य बल गुणवत्ता पर अर्थात् विषय के अच्छे ज्ञाता और विद्वान अध्यापक तैयार करना है जो प्रक्रिया, शिक्षाशास्त्र तथा पाठ्यक्रम से संबंधित कार्यकलापों से भी भलीभांति परिचित हों। अध्यापक शिक्षा में एक-वर्षीय एम.एड. प्रारंभिक शिक्षा पाठ्यक्रम, प्रारंभिक शिक्षा और अनुसंधान आधारित निविष्टियों (इनपुटों) से संबंधित मुद्दों और सरोकारों पर पर्याप्त बल देता है। पाठ्यक्रम में शिष्य-अध्यापक प्रारंभिक शिक्षा के विभिन्न प्राथमिकता क्षेत्रों में अनेक अनुसंधान अध्ययन करते हैं। विज्ञान और मानविकी में दो-वर्षीय बी.एड. (माध्यमिक) पाठ्यक्रम एन.सी.टी.ई. के मार्गदर्शी सिद्धांतों पर आधारित एक प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम है। पाठ्यक्रम-वार पंजीयन और परीक्षाफल आगे दिए गए हैं।

निदर्शन विद्यालय

निदर्शन विद्यालय (डिमोन्स्ट्रेशन स्कूल) क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के अभिन्न अंग होते हैं तथा विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में नवाचारी अभ्यासों के परीक्षण हेतु एक प्रयोगशाला की तरह कार्य करते हैं। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में चलाए जा रहे विभिन्न सेवापूर्व अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में दाखिल हुए प्रशिक्षणार्थियों को भी इन विद्यालयों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। बहु-उद्देशीय निदर्शन विद्यालयों के प्राथमिक शिक्षक पिछले पांच वर्षों के दौरान क्रियानिष्ठ अनुसंधान जैसे तरीकों से सक्षमता-आधारित शिक्षण में अभ्यास करते रहे हैं। वे बच्चों की शैक्षिक जरूरतों तथा उपचारात्मक कार्यनीति संबंधी शिक्षण-कक्ष (क्लासरूम) आंकड़ों पर आधारित शिक्षण की योजना बनाते हैं। ये विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध होते हैं तथा इनमें कक्षा 1 से 12 तक अंग्रेजी के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। ये विद्यालय मार्गदर्शन एवं परामर्श सुविधाएं भी उपलब्ध कराते हैं और इनकी विशेषता है कि ये स्कूल 10+2 स्तर पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी चलाते हैं।

वर्ष 2001-2002 के दौरान क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में पाठ्यक्रम वार पंजीयन

क्र.सं.	*पाठ्यक्रम*	*अजमेर*	*भोपाल*	*भुवनेश्वर*	*मैसूर*
1.	**बी.एससी.बी.एड.**				
	प्रथम वर्ष	82	77	91	80
	द्वितीय वर्ष	72	68	82	58
	तृतीय वर्ष	77	80	76	70
	चतुर्थ वर्ष	73	80	80	63
2.	**बी.एड. (माध्यमिक)**				
	विज्ञान				
	प्रथम वर्ष	39	41	37	40
	द्वितीय वर्ष	37	34	34	38
	मानविकी				
	प्रथम वर्ष	40	44	39	40
	द्वितीय वर्ष	35	41	32	37
3.	**एम.एड. (प्रारंभिक शिक्षा)**	20	14	25	34
4.	**मार्गदर्शन एवं परामर्श में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम**	20	09	16	09
	कुल	**495**	**488**	**512**	**469**



वर्ष 2001-2002 के दौरान क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के परीक्षा-परिणाम (उत्तीर्ण प्रतिशत)

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	अजमेर	भोपाल	भुवनेश्वर	मैसूर
1.	**बी.एससी.बी.एड./ बी.एससी.एड.**				
	प्रथम वर्ष	97	94	95	82
	दुवितीय वर्ष	97	98	100	84
	तृतीय वर्ष	100	100	98	75
	चतुर्थ वर्ष	98	100	99	90
2.	**बी.एड. (माध्यमिक)**				
	विज्ञान				
	प्रथम वर्ष	100	100	97	97
	दुवितीय वर्ष	100	100	100	97
	मानविकी				
	प्रथम वर्ष	100	100	100	39
	दूवितीय वर्ष	98	100	97	75
3.	**एम.एड. (प्रारंभिक)**	100	100	100	100
4.	**मार्गदर्शन और परामर्श में स्नातकोत्तर डिप्लोमा**		100	93	100

वर्ष 2001-2002 के दौरान निदर्शन विद्यालयों में कक्षावार पंजीयन

कक्षा	अजमेर	भोपाल	भुवनेश्वर	मैसूर
I	27	65	70	69
II	332	70	71	70
III	28	68	71	68
IV	35	70	77	68
V	34	72	76	71
VI	60	82	119	70
VII	59	71	111	70
VIII	66	67	111	70
IX	64	65	117	70
X	46	56	107	64
XI	85	63	65	34
XII	60	79	69	44
योग	**597**	**828**	**1064**	**768**

वर्ष 2001-2002 के दौरान निदर्शन विद्यालयों के परीक्षा परिणाम (उत्तीर्ण प्रतिशत)

कक्षा	अजमेर	भोपाल	भुवनेश्वर	मैसूर
X	96	89	98	87
XII (विज्ञान)	87	100	90	94
XII (कला)	92	-	100	-
XII (वाणिज्य)	93	100	100	-
XII (व्यावसायिक)	100	100	50	-
XII (मानविकी)	-	-	-	100

स्कूल-आधारित मूल्यांकन सभी चारों डी.एम. स्कूलों में प्राथमिक भाग में आरंभ किया गया है। इस मूल्यांकन स्कीम की मुख्य विशेषताओं में छात्रों के शैक्षिक, गैर-शैक्षिक असंज्ञानात्मक, व्यक्तिगत और सामाजिक पहलुओं का निरंतर मूल्यांकन और अंक देने की स्कीम के स्थान पर ग्रेडिंग का प्रयोग शामिल है।

(ख) सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम

एन.सी.ई.आर.टी. ने 24 से 31 दिसंबर 2001 तक एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली में 'डाइट' संस्थानों के प्रधानाचार्यों के लिए एक क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। गुजरात, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के 31 डाइट प्रधानाचार्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। डाइट, क्रियानिष्ठ, अनुसंधान, स्वशिक्षण मॉडयूलों का विकास, सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम, शैक्षणिक प्रौद्योगिकी, कार्य अनुभव, मूल्यांकन, ग्रेडिंग प्रणाली, डेलोर्स कमीशन आदि की भूमिका और कार्यों पर अन्योन्य-सक्रित सत्रों का आयोजन किया गया।

डाइट तथा एस.सी.ई.आर.टी. स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

एस.सी.ई.आर.टी./डाइट के संकाय सदस्यों के लिए सेवाकालीन कार्यक्रमों के योजना-निर्माण और आयोजन में, कार्य अनुसंधान, संचार कौशलों, मूल्य शिक्षा, अनुवर्ती अध्ययन, अध्यापन में इंटर्नशिप, प्रश्नपत्र बनाने की तकनीकों, कार्यक्रम मूल्यांकन, प्रारंभिक स्तर पर उभरते संसाधन परिप्रेक्ष्यों, विशेष जरूरतों वाले बच्चों की शिक्षा, कार्यकलाप-आधारित मूल्यांकन नीतियों और योग में प्रशिक्षण कार्यक्रम-आयोजित किए गए। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के नए भर्ती हुए डाइट प्राध्यापकों के लिए प्रवेश स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया। पूर्वोत्तर राज्यों के डाइट प्राध्यापक वर्ग के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, शिलांग में सेवाकालीन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का बल डाइट की विभिन्न शाखाओं के काम-काज पर था।

अध्यापक-प्रशिक्षकों/महत्त्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

अध्यापक-प्रशिक्षकों तथा महत्त्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों के लिए माध्यमिक स्तर पर विज्ञान के व्यावहारिक कौशलों में, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर जीव विज्ञान के अध्यापन की विषय-वस्तु और पद्धतियों में उच्चतर प्राथमिक स्तर पर विज्ञान के अध्यापन में, प्राथमिक स्तर पर उर्दू के अध्यापन की नीतियों में और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन शास्त्र के अध्यापन में कंप्यूटर प्रयोग में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

महत्त्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों के लिए मूल्य शिक्षा के प्रणाली विज्ञान में, माध्यमिक अध्यापक शिक्षकों और अध्यापकों के लिए मातृभाषा (उड़िया) में अध्यापन के लिए, प्राथमिक स्तर पर पर्यावरणीय अध्ययन के लिए अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए, अंग्रेजी के अध्यापन पर प्रारंभिक अध्यापक शिक्षकों के लिए और क्रियानिष्ठ अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पर अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए तथा सक्षमता-आधारित अध्यापन, शिक्षा प्राप्ति और मूल्यांकन में प्रारंभिक स्तर पर महत्त्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विद्यालय के अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (एस.ओ.पी.टी.)

विद्यालय के अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम एक केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीम है जो 1993-94 के दौरान प्रारंभ की गई थी और जिसका उद्देश्य था प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण/सार्वभौमीकरण की लक्ष्य प्राप्ति की नीति के एक भाग के रूप में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना। इस स्कीम का ध्यान प्रमुख रूप से अध्यापकों के बीच बाल-केंद्रित शिक्षा प्राप्ति उपागम अपनाने के लिए क्षमता विकसित करने पर केंद्रित रहा है। अभिविन्यास कार्यक्रम का एक अन्य उद्देश्य है एम.एल.एल. पर राष्ट्रीय रिपोर्ट में निरूपित की गई क्षमताओं का विकास करना। एन.सी.ई.आर.टी. को राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों

में इसके कार्यान्वयन को सुगम बनाने का दायित्व सौंपा गया है। इस संबंध में एन.सी.ई.आर.टी. ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रयुक्त किए जाने वाले प्रशिक्षण डिजाइन, प्रशिक्षण पैकेज और श्रव्य-दृश्य सामग्री को तैयार किया है। एक त्रिस्तरीय प्रशिक्षण मॉडल को निरूपित किया गया जिसमें एन.सी.ई.आर.टी. ने राज्य शिक्षा विभागों के महत्वपूर्ण व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जिन्होंने प्रत्युत्तर में जिला स्तर पर संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया। संसाधन व्यक्तियों को राज्य में प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों को प्रशिक्षण देने का दायित्व सौंपा गया।

भारत सरकार ने इस स्कीम को संशोधित किया है और इसका क्षेत्र नवंबर 2000 से विद्यालयी शिक्षा के सभी चरणों तक विस्तारित कर दिया गया है। एन.सी.ई.आर.टी. को एस.ओ.पी.टी. के संशोधित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार राज्य नोडल एजेंसियों (एस.एन.ए) के माध्यम से राज्यों में इस स्कीम को लागू करने का दायित्व सौंपा गया है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 3.41 लाख अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। 1993-1994 में इस स्कीम के लागू होने से लेकर अब तक 20.94 लाख विद्यालयी अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

विस्तार

अध्यापक शिक्षा तथा विद्यालयी शिक्षा में नवाचार-अखिल भारतीय प्रतियोगिता

अध्यापक-प्रशिक्षकों तथा विद्यालयी अध्यापकों में प्रयोग, अनुसंधान तथा नवाचार की भावना बढ़ाने के लिए परिषद् हर वर्ष दो अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है। ये प्रतियोगताएं हैं: अध्यापक शिक्षा में नवाचार और विद्यालयी शिक्षा में नवाचार। इनका लक्ष्य अध्यापक-प्रशिक्षकों तथा विद्यालयी अध्यापकों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। इस स्कीम के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. चुनिंदा अध्यापकों को अपने नवाचारों पर चर्चा करने और अपने नवाचारों की उपयोगिता के क्षेत्रगत परीक्षण का अवसर प्रदान करती है। वर्ष 2001-2002 के दौरान 68 स्कूली अध्यापकों और 21 अध्यापक-प्रशिक्षकों ने एन.आई.ई. परिसर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने पर्चे प्रस्तुत किए। इनमें से कुल 56 अध्यापकों और 18 अध्यापक-प्रशिक्षकों को उनके नवाचारों के लिए एन.सी.ई.आर.टी. ने मेरिट सर्टीफिकेट और नकद पुरस्कार प्रदान किए।

एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. के निदेशकों का सम्मेलन

एन.सी.ई.आर.टी. प्रति वर्ष एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. के निदेशकों का सम्मेलन आयोजित करती है ताकि विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों को आपस में बांटा जा सके, उन पर चर्चा की जा सके। इस वर्ष विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2000 को लागू करने पर प्रमुख रूप से बल दिया गया। इस सम्मेलन में 19 राज्यों के निदेशकों ने भाग लिया। नमूना पाठ्यपुस्तकों, तथा संसाधन सामग्री, एन.सी.एफ.एस.ई. के तत्वावधान में सेवापूर्व तथा सेवाकालीन कार्यक्रम तैयार करने, ग्रेडिंग प्रणाली आरंभ करने, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने, अध्यापक शिक्षा की पुनः संरचना और पुनर्गठन करने, एस.ओ.पी.टी. लागू करने, अनुभवजन्य मूल्य शिक्षा तथा नवाचारी शाखाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई और सिफारिशें की गईं।

दो-वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम 2001-2002 के लिए अध्यापन में इंटर्नशिप के संबंध में सहयोगी विद्यालयों के अध्यापकों तथा मुख्याध्यापकों का सम्मेलन

सहयोगी विद्यालयों के पदाधिकारियों के लिए अध्यापन कार्यक्रम में इंटर्नशिप के अभिनव व्यवहार अनिवार्य हैं। यह कार्यक्रम सहयोगी अध्यापकों, मुख्याध्यापकों तथा पर्यवेक्षकों को उनकी भूमिकाओं, दायित्वों, कार्यों, अपेक्षाओं और इंटर्नशिप-इन-टीचिंग प्रोग्राम के दौरान प्रयुक्त होने वाले पाठ योजना आरूपों के संबंध में अभिमुख करने के उद्देश्य के साथ आयोजित किया गया।

बी.एड. के छात्रों के बहु-सांस्कृतिक नियोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए सहयोगी संस्थाओं का सम्मेलन

बहु-सांस्कृतिक नियोजन कार्यक्रम 2-वर्षीय बी.एड. पाठ्यचर्या की अभिनव विशेषता है। इस कार्यक्रम के मूल दर्शन की जानकारी प्राप्त करने के लिए सहयोगी संस्थानों के 12 अध्यापकों को दो-दिवसीय एक सम्मेलन में भाग लेने और बहु-सांस्कृतिक नियोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए आमंत्रित किया गया।

4-वर्षीय समेकित बी.एससी. बी.एड. कार्यक्रम से संबंधित अध्यापन में इंटर्नशिप के संदर्भ में सहयोगी विद्यालयों के अध्यापकों और मुख्याध्यापकों का सम्मेलन

यह कार्यक्रम विद्यालयों में आयोजित की जाने वाली एक माह के अध्यापन में इंटर्नशिप के दौरान सहयोगी विद्यालयों के मुख्याध्यापकों/प्रधानाचार्यों को उनकी भूमिकाओ, कार्यों, दायित्वों और कार्यकलापों के संबंध में अभिमुखित करने के लिए आयोजित किया गया। पाठ-पूर्व चर्चा, छात्र अध्यापकों द्वारा निदर्शन पाठ और पाठोत्तर चर्चा में सहयोगी विद्यालय संस्थान के 12, सहयोगी विद्यालयों के 19 तथा संस्थान के 12 प्राध्यापकों ने भाग लिया।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- शिक्षा का विधान और विकास (फोटोकापी)
- उच्चतर प्राथमिक अध्यापकों के लिए सामाजिक विज्ञानों में प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- उच्चतर प्राथमिक अध्यापकों के लिए जागरूकता पैकेज (फोटोकापी)
- पूर्वोत्तर राज्यों के डाइट-प्राध्यापकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम-एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- डाइट के प्रधानाचार्यों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम–एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- एन.सी.एफ.एस.ई.-2000 के कार्यान्वयन पर एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. के निदेशकों का सम्मेलन–एक रिपोर्ट (फोटोकापी)
- उच्चतर प्राथमिक स्तर के विज्ञान के अध्यापकों के लिए स्वतः शिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रभावी प्रबंधन के लिए मुख्याध्यापकों और प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण (फोटोकापी)
- संचार कौशलों में हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई./डाइट कर्मियों को प्रशिक्षण (फोटोकापी)
- आर.आई.ई., अजमेर द्वारा आयोजित चुनिंदा सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अनुवर्ती अध्ययन (फोटोकापी)
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रणाली-विज्ञान (फोटोकापी)
- सेवाकालीन कार्यक्रमों के मूल्यांकन के साधन (फोटोकापी)
- पश्चिमी क्षेत्र के डाइट के अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए आधारभूत स्तर के अनुसंधान अध्ययन पर अभिविन्यास कार्यक्रम (फोटोकापी)
- आई.ए.एस.ई. तथा सी.टी.ई. के लिए प्रबंधन, पर्यवेक्षण और परिवीक्षण/प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- महत्त्वपूर्ण संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मूल्यांकन पर पुस्तिका (फोटोकापी)
- राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के लिए परिचर्चा दस्तावेज में निरूपित किए गए कार्य को लागू करने के लिए आवश्यक विभिन्न विषय-क्षेत्रों में माध्यमिक स्कूल के अध्यापकों की कार्यात्मक क्षमताओं का वर्गीकरण
- उद्देश्यों, अध्यापक सामर्थ्य और प्रतिबद्धता क्षेत्रों के संदर्भ में पाठ्यक्रम की अंतर्वस्तु और कार्य संपादन नीतियों की उपयुक्तता के संबंध में 2-वर्षीय बी.एड.कार्यक्रम का गहन अध्ययन

- प्रारंभिक स्तर पर उभरते हुए संसाधन परिप्रेक्ष्यों में डाइट के संकाय-सदस्यों का अभिमुखीकरण
- सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के नए भर्ती हुए डाइट प्रवक्ताओं के लिए प्रवेश स्तरीय प्रशिक्षण (मुद्रणाधीन)
- 2-वर्षीय बी.एड.पाठ्यचर्या में यथानिरूपित समुदाय के साथ कार्य करने पर बी.एड. भाग-II के छात्र-अध्यापकों को प्रशिक्षण (मुद्रणाधीन)
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए कार्रवाई अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पर अध्यापक-प्रशिक्षकों/महत्वपूर्ण संसाधन अध्यापकों को प्रशिक्षण (मुद्रणाधीन)
- 2001-2002 के 2-वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम के लिए अध्ययन में इंटर्नशिप के संबंध में सहयोगी विद्यालयों के अध्यापकों व मुख्याध्यापकों का सम्मेलन (मुद्रणाधीन)
- बी.एड. के छात्रों के बहु-सांस्कृतिक नियोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए सहयोगी संस्थानों का सम्मेलन
- 4-वर्षीय समेकित बी.एससी. बी.एड. कार्यक्रम से संबंधित अध्यापन में इंटर्नशिप के संबंध में सहयोगी विद्यालयों के अध्यापकों और मुख्याध्यापकों का सम्मेलन
- इंटर्नशिप इन टीचिंग-सहयोगी अध्यापकों और छात्र अध्यापकों के लिए स्रोत पुस्तक (फोटोकापी)
- माध्यमिक स्तर के अध्यापकों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण पैकेज (फोटोकापी)
- प्रभावकारी विद्यालयी शिक्षा समिति तथा आंध्र प्रदेश के डी.पी.ई.पी. जिलों में पंजीयन, अवधारणा और उपलब्धि पर इनके प्रभाव का अध्ययन (फोटोकापी)
- चार दक्षिणी भाषाओं में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे के अनूदित पाठ (फोटोकापी)
- सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आयोजना, तैयारी और मूल्यांकन (फोटोकापी)

13

व्यावसायिक शिक्षा

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान पाठ्यचर्या तथा शिक्षण सामग्री का विकास, प्रशिक्षण, सूचना का प्रचार-प्रसार, विस्तार, अनुसंधान, परिवीक्षण तथा मूल्यांकन संबंधी कार्य करता है तथा मार्गदर्शन एवं समन्वय भी करता है और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है।

वृद्धजनों के कल्याण/देखभाल/जनचिकित्सा/आहार-विज्ञान, ग्रामीण विपणन, भवन अनुरक्षण, फीज़ियोथेरेपी टैक्नीशियन पाठ्यक्रम, पौधा संरक्षण, दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिए गृह विज्ञान पर आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम, पोषण तथा पर्यावरणिक शिक्षा आदि पर पाठ्यक्रम मॉड्यूल रूप में तैयार किये गए।

व्यावसायिक शिक्षा

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की एक संघटक यूनिट है। यह व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में एक शीर्ष अनुसंधान एवं विकास संस्थान है। यह यूनेस्को द्वारा भारत में संचालित तकनीकी तथा व्यावसायिक शिक्षा संबंधी अंतर्राष्ट्रीय परियोजना 'यूनेवॉक' का भी एक केंद्र है।

यह विभिन्न व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों को अनुसंधान एवं विकास संबंधी तकनीकी सहायता प्रदान करता है तथा संयुक्त व्यावसायिक शिक्षा परिषद् तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तकनीकी स्कंध के रूप में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को व्यावसायिक शिक्षा तथा कार्यानुभव कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के संबंध में सलाह तथा सहायता देता है। यह संस्थान औपचारिक तथा अनौपचारिक दोनों प्रकार की व्यावसायिक शिक्षा और कार्यानुभव कार्यक्रमों के लिए एक सर्वोपरि संसाधन के रूप में कार्य करता है। पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. पाठ्यचर्या तथा शिक्षण सामग्री का विकास, प्रशिक्षण, सूचना का प्रचार-प्रसार, विस्तार, अनुसंधान, परिवीक्षण तथा मूल्यांकन संबंधी कार्य करता है तथा मार्गदर्शन एवं समन्वय भी करता है और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है। यह संस्थान व्यावसायिक शिक्षा संबंधी राष्ट्रीय प्रणाली में एकरूपता सुनिश्चित करने और साथ ही शिक्षण व्यवसाय में गुणवत्ता तथा स्तर को बनाए रखने और देश में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम-औपचारिक तथा अनौपचारिक, दोनों में विभिन्न स्तरों पर विशिष्टता के प्रोन्नयन को सुनिश्चित करने हेतु प्रयास करता है। यह संस्थान व्यावसायिक शिक्षा तथा मानव संसाधन विकास के अंतर्राष्ट्रीय पहलुओं की भी देखरेख करता है।

अनुसंधान

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) द्वारा प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएँ

एरिक द्वारा प्रायोजित दो अनुसंधान परियोजनाएँ अर्थात् (i) कुछ राज्यों में सामान्य आधारिक पाठ्यक्रम के कार्यान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन और (ii) भारत के व्यापार तथा वाणिज्य-आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण छात्रों के बारे में स्थिति अध्ययन योजना, पूरी हो गई हैं तथा रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है। एरिक की छः अनुसंधान परियोजनाएँ प्रगति पर हैं जिनमें निम्नलिखित परियोजनाएं शामिल हैं :

i) माध्यमिक व्यावसायिक स्कूलों में स्कूल-उद्योग सहलग्नता की स्थापना-क्रियानिष्ठ अनुसंधान
ii) कृषि में व्यावसायिक अध्ययन-अध्यापन की स्थिति तथा प्रभावकारिता का अध्ययन
iii) महाराष्ट्र की कुछ व्यावसायिक संस्थाओं में स्कूल-उद्योग सहलग्नता पर एक केस अध्ययन
iv) पंजाब के व्यावसायिक छात्रों के कार्यनिष्पादन पर अंतःकार्य प्रशिक्षण का प्रभाव
v) महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए गृहविज्ञान संबंधी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का महत्व, तथा
vi) 10+2 स्तर के छात्रों में व्यावसायिक कौशलों के विकास में शिक्षकों की भूमिका।

व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का मूल्यांकन

हरियाणा तथा असम राज्यों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन कार्यक्रम की खूबियों तथा खामियों का पता लगाने तथा गुणात्मक सुधार की आवश्यकता के लिए किया गया। अध्ययन के निष्कर्ष इन राज्यों में कार्यक्रम के बेहतर कार्यान्वयन में सहायता करेंगे। संकाय की दो टीमों ने इन राज्यों का दौरा किया तथा विभिन्न जिलों के विभिन्न कर्मियों के साथ विचार-विमर्श किया। कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित आंकड़ों को विभिन्न प्रश्नावलियों के जरिए संगृहीत किया गया जो पदधारियों (स्टेकहोल्डरों) के पास भेजी गई थीं। असम के अध्ययन की रिपोर्ट पहले ही तैयार कर ली गई है।

विकास

व्यावसायिक पाठ्यचर्याओं का विकास तथा संशोधन

व्यावसायिक शिक्षा में स्नातक स्तर की पाठ्यचर्या को अंतिम रूप दे दिया गया है तथा वृद्धजनों के

कल्याण/देखभाल/जनचिकित्सा/आहार-विज्ञान से संबंधित पाठ्यचर्या तैयार की जा चुकी है। मॉड्यूल रूप में तैयार की गई पाठ्यचर्या में शामिल हैं: ग्रामीण विपणन, भवन अनुरक्षण, फीज़ियोथेरेपी टैक्नीशियन पाठ्यक्रम, पौधा संरक्षण, दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिए गृह विज्ञान पर आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम, कृषि-व्यवसाय, शिशुगृह तथा शाला पूर्व प्रबंधन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में शैक्षिक खेलों से संबंधित मॉड्यूल, कार्य-शिक्षा कार्यक्रम के लिए पोषण तथा पर्यावरणिक शिक्षा।

राष्ट्रीय व्यावसायिक अर्हता (एन.बी.क्यू.) प्रणाली का विकास

राष्ट्रीय व्यावसायिक अर्हता प्रणाली के अंतर्गत कुक्कुट उत्पादन तथा यात्रा एवं पर्यटन में बड़ी संख्या में अल्पकालीन मॉड्यूलर पाठ्यक्रम तैयार किए गए।

व्यावसायिक तथा व्यवसायपूर्ण पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षण सामग्री का विकास

व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित शिक्षण सामग्री की 31 पांडुलिपियाँ जो अधिकतर कक्षा XI तथा XII की पाठ्यपुस्तकों/प्रैक्टिकल पुस्तकों की हैं, प्रकाशित की जा रही हैं।

पर्यावरणीय शिक्षा से संबंधित वर्कबुक की पांडुलिपियाँ तैयार की गईं और सतत् विकास से संबंधित, मॉड्यूल भी तैयार किए गए। संरक्षित खेती, ऊन तथा उसके उत्पाद, आधारभूत दृश्य के साथ प्रारंभ, फलों का विपणन पर व्यवसायपूर्ण शिक्षा से संबंधित मॉड्यूल तैयार किए गए। पूर्वनिर्मित (प्रीफेब्रिकेटिड) भवन निर्माण सामग्री तथा मोती कला के लिए व्यावसायपूर्ण शिक्षा से संबंधित अनुदेशात्मक सामग्री भी तैयार की गई। व्यावसायिक शिक्षा और स्कूली शिक्षा में कार्य-शिक्षा के माध्यम से मूल्यों के समावेश के विषय में दिशा-निर्देशों के दस्तावेज़ों का मसौदा भी तैयार किया गया।


प्रशिक्षण

अठारह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनके माध्यम से 408 व्यावसायिक शिक्षकों/प्राध्यापकों तथा अन्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण घरेलू इलेक्ट्रिक उपकरणों तथा रेडियो तथा टेलीविजन रिसीवरों के रखरखाव तथा मरम्मत, वाणिज्यिक स्तर पर पोशाकें डिज़ाइन करना तथा बनाना, लेखा परीक्षा तथा लेखा, क्रय तथा भंडार रक्षण, उद्यमशीलता विकास, लाइनमैन, सामान्य व्यवसाय पाठ्यक्रम, स्वास्थ्य क्षेत्र, डेरी-उद्योग, भवन रखरखाव/सिविल निर्माण क्षेत्र व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा परामर्श और पढ़ाई संबंधी विशिष्ट निर्योग्यताओं के क्षेत्र में दिया गया। इनमें से घरेलू इलेक्ट्रिक उपकरण तथा रेडियो एवं टेलीविजन रिसीवरों का रखरखाव तथा मरम्मत के क्षेत्र में दो कार्यक्रम विशेष रूप से असम राज्यों के लिए आयोजित किए गए तथा घरेलू इलेक्ट्रिक उपकरणों के रखरखाव तथा मरम्मत और लाइनमैन पाठ्यक्रम के क्षेत्र में दो प्रशिक्षण कार्यक्रम हरियाणा के व्यावसायिक शिक्षकों के लिए आयोजित किए गए। बिहार, उड़ीसा तथा असम के लिए व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा परामर्श पर एक शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्य-अनुभव-बागवानी में प्रशिक्षण कार्यक्रम मैसूर में भी आयोजित किए गए।

विस्तार

अभिविन्यास कार्यक्रम

राज्य के प्रमुख कर्मियों, शिक्षकों तथा अन्य लोगों के लिए अठारह अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनके माध्यम से 557 कर्मियों को अभिविन्यस्त किया गया। इनमें से एक कार्यक्रम मध्य प्रदेश के मदरसों के कर्मियों के लिए आयोजित किया गया जिनमें 71 कर्मी उपस्थित थे। व्यावसायिक पाठ्यक्रम वाला एक अभिविन्यास कार्यक्रम अल्पसंख्यक संस्थानों (महिलाओं के लिए) के कर्मियों के लिए तथा एक कार्यक्रम अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के शिक्षकों के लिए भी आयोजित किया गया। पूर्वोत्तर राज्यों में व्यावसायिक शिक्षा के अधिक से अधिक कर्मियों को अभिविन्यस्त करने के लिए दो अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए, इनमें से एक कार्यक्रम मणिपुर राज्य के लिए तथा दूसरा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए था। अन्य



शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन परामर्शदाताओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर अभिविन्यास कार्यक्रम

कार्यक्रम थे— विभिन्न राज्यों के बी.ई.पी. के प्रमुख कर्मियों का अभिविन्यास, दिल्ली के शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन परामर्शदाताओं के लिए कार्यक्रम, सामान्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा व्यवसायपूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में अभिविन्यास तथा सहयोगी स्वास्थ्य संस्थानों तथा सी.बी.एस.ई./के.वी.एस/एन.ओ.एस. के संबद्ध स्कूलों के कर्मियों के लिए पैरामेडिकल व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम। व्यावसायिक शिक्षकों के लिए मूल्यपरक शिक्षा से संबंधित दो अभिविन्यास शिविर आयोजित किए गए जिनमें विभिन्न राज्यों के 68 शिक्षकों ने भाग लिया।

उत्पादन तथा प्रशिक्षण केंद्रों को प्रोत्साहन

कुछ चुने हुए राज्यों, जैसे कर्नाटक, पंजाब तथा महाराष्ट्र में उत्पादन तथा प्रशिक्षण केंद्रों (पी.टी.सी.) के प्रवर्तन के लिए एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका उद्देश्य ऐसे स्थानों पर उत्पादन तथा प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने तथा चलाने के लिए आवश्यक सहायता तथा सलाह देना था जहाँ पर ऐसे केंद्र विद्यमान नहीं हों, विद्यमान उत्पादन तथा प्रशिक्षण केंद्रों को सुदृढ़ बनाना तथा भाग लेने वाले राज्यों में उत्पादन तथा प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिए कार्रवाई योजना तैयार करना था। संगोष्ठी में 19 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

खोज सम्मेलन

पहली बार दो खोज सम्मेलन आयोजित किए गए जिनमें ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं एवं विक्रेताओं तथा घरेलू विद्युत उपकरणों के विनिर्माताओं तथा उनके प्राधिकृत वितरकों ने भाग लिया। इसका प्रयोजन विनिर्माताओं तथा उनके वितरकों के विचार जानना, कार्य के दौरान ही प्रशिक्षण देने के प्रयोजन के लिए उनके साथ सहलग्नता विकसित करना, व्यावसायिक विषयों के साथ उत्तीर्ण होकर निकले विद्यार्थियों के रोज़गार में वृद्धि करना तथा कर्मचारियों एवं स्कूलों के बीच सहयोग करने के लिए कार्यविधियाँ तैयार करना था।

व्यावसायिक शिक्षा में सर्वोत्तम पद्धतियों के लिए एन.सी.ई.आर.टी. पुरस्कार

कर्तव्यनिष्ठ लोगों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से तथा दूसरों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रत्येक वर्ष व्यावसायिक शिक्षा में 'सर्वोत्तम पद्धतियों के लिए एन.सी.ई.आर.टी. पुरस्कार' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यह

समझा जाता है कि इस पुरस्कार से देश में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम की गुणवत्ता को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। आलोच्य वर्ष के पुरस्कार वितरण समारोह में 250 आमंत्रित व्यक्ति उपस्थित थे जिनमें विशिष्ट शिक्षाविद्, प्रशासक, तथा विभिन्न राज्यों से आए पुरस्कार प्राप्त करने वाले 47 व्यक्ति शामिल थे। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में व्यावसायिक विद्यार्थी, व्यावसायिक शिक्षक, व्यावसायिक संस्थानों के प्राधानाचार्य तथा सहयोगी उद्योगों के प्रतिनिधिगण शामिल थे। इस अवसर पर पाँच श्रेणियों में एन.सी.ई.आर.टी. पुरस्कार दिए गए : सर्वोत्तम उपलब्धिकर्ता पुरस्कार, द्वितीय सर्वोत्तम उपलब्धिकर्ता पुरस्कार, सर्वोत्तम व्यावसायिक शिक्षक पुरस्कार, सर्वोत्तम संस्थान पुरस्कार, सर्वोत्तम स्कूल-उद्योग सहलग्नता पुरस्कार। पुरस्कार प्राप्त करने वालों को स्मृति चिह्न तथा प्रमाण-पत्र दिए गए। विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को नकद पुरस्कार भी दिए गए।

व्यावसायिक शिक्षा का त्रैमासिक बुलेटिन

व्यावसायिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाने के लिए 'व्यावसायिक शिक्षा' नाम से एक त्रैमासिक बुलेटिन प्रकाशित किया जाता है। बुलेटिन की प्रतियाँ राज्य के प्रमुख कर्मियों तथा व्यावसायिक स्कूलों को भेजी जाती हैं। इस वर्ष बुलेटिन के तीन अंक प्रकाशित किए गए तथा चौथा अंक मुद्रित हो रहा है।

इंडियन जर्नल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन

'इंडियन जर्नल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन' शीर्षक से एक छःमाही पत्रिका प्रकाशित की जाती है ताकि सभी संबंधित व्यक्तियों को व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित शोधपत्रों, लेखों, समीक्षाओं और सारांशों के योगदान के लिए मंच प्रदान किया जा सके। वर्ष के दौरान इस पत्रिका के दो अंक प्रकाशित किए गए हैं।

विस्तार व्याख्यान शृंखला

संकाय के व्यावसायिक संवर्धन तथा अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए छः विस्तार व्याख्यान आयोजित किए गए, जिनमें से चार व्याख्यान मूल्यपरक शिक्षा पर थे। व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार व्याख्यान देने के लिए सुप्रसिद्ध शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया।

प्रकाशनों की प्रदर्शनी

व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार के उद्देश्य से विभिन्न अवसरों पर पी.एस.एस.सी. आई.वी.ई. के प्रकाशनों की प्रदर्शनी आयोजित की जाती है। इस वर्ष ऐसी दो प्रदर्शनियाँ दो अवसरों पर आयोजित की गईं, अर्थात् पहली प्रदर्शनी एन.सी.ई.आर.टी. पुरस्कार समारोह के दौरान तथा दूसरी पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. में आयोजित प्रमुख कर्मियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान।

अन्य कार्यकलाप

राज्यों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों को प्रोत्साहन

व्यावसायिक कार्यक्रम का प्रचार करने तथा संबंधित राज्यों के अधिकारियों को व्यावसायिक



प्रो. बी.पी. खंडेलवाल, निदेशक 'नीपा', नई दिल्ली 'एन.सी.ई.आर.टी. पुरस्कार-2001' प्रदान करते हुए



शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन के बारे में जागरूक बनाने के उद्देश्य से संस्थान ने कार्यक्रम के बेहतर कार्यान्वियन को सरल बनाने के लिए राज्य अधिकारियों के साथ गहन रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। संकाय के सदस्यों तथा कुछ मामलों में संयुक्त निदेशक ने विभिन्न राज्यों, जैसे छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, झारखंड, राजस्थान, गुजरात का दौरा किया तथा व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित सचिवों, निदेशकों, संयुक्त निदेशकों तथा अन्य प्रमुख कर्मियों से विचार-विमर्श किया। छत्तीसगढ़ तथा उत्तरांचल में माननीय मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्रियों के साथ भी बैठकें आयोजित की गईं।

राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों को परामर्श-सेवा

दौरों और विचार-विमर्श के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा, पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा और कार्यशिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को परामर्श दिया गया। मध्य प्रदेश सरकार के अनुरोध पर पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के संकाय ने अभिविन्यास कार्यक्रमों में भाग लेने वाले अल्पसंख्यक संस्थानों के प्रमुख कर्मियों को संबोधित किया तथा +2 स्तर पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करने वाले उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों, उपप्रधानाचार्यों तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों के लिए सार्वजनिक शिक्षा निदेशालय, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित व्यावसायिक शिक्षा पर चार अभिविन्यास कार्यक्रमों की एक शृंखला में संसाधन व्यक्तियों के रूप में भाग लिया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड तथा राज्य व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, आंध्र प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित कार्यशाला की एक शृंखला में आंध्र प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए लगभग 1350 प्राधानाचार्यों तथा कनिष्ठ प्राध्यापकों (व्यावसायिक) को सुग्राही बनाने तथा अभिप्रेरित करने के लिए संसाधन सहायता भी उपलब्ध कराई। असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद् के कृषि विषय में पाठ्यचर्या में संशोधन करने में सहायता दी गई। आंध्र प्रदेश सरकार के अनुरोध पर व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के संवर्धन से संबंधित एक परियोजना प्रस्ताव तैयार किया गया तथा राज्य सरकार को प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, मध्य प्रदेश को एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा तैयार की गई व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तथा अनुदेश संबंधी सामग्री की सूची उपलब्ध कराई गई तथा एन.सी.एफ.एस.ई.–2000 में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए की गई व्यापक सिफारिशों तथा आठवीं कक्षा के बाद स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों को रोज़गार के अवसरों में वृद्धि करने के लिए आवश्यकता आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों के बारे में संक्षिप्त रूप से जानकारी दी गई।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

सामान्य प्रकाशन

- व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से मूल्यों का समावेश–राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट
- पी.एस.एस.सी.आई.वी.आई. के कार्य तथा कार्यकलाप विवरणिका
- व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम – चंडीगढ़ की सफलता की कहानियाँ
- व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम – महाराष्ट्र की सफलता की कहानियाँ
- तमिलनाडु राज्य में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम–रिपोर्ट
- पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. प्रकाशनों की सूची–एक विवरणिका
- यात्रा तथा पर्यटन पर राष्ट्रीय बैठक - एक रिपोर्ट
- त्रैमासिक बुलेटिन-खण्ड-VII अंक-III
- त्रैमासिक बुलेटिन-खण्ड-VII अंक-IV
- त्रैमासिक बुलेटिन-खण्ड-VIII अंक-I
- त्रैमासिक बुलेटिन-खण्ड-VIII अंक-II (मुद्रणाधीन)
- इंडियन जर्नल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन खण्ड 4, सं. 2
- इंडियन जर्नल ऑफ वोकशनल एजुकेशन खण्ड 5, सं. 1

व्यावसायिक पाठ्यचर्या

- कंप्यूटर एडेड डिज़ाइन एंड ड्राफ्टिंग
- पौधा संरक्षण टैक्नीक
- ऑटो इलेक्ट्रीशियन
- भवन अनुरक्षण
- बेचलर ऑफ वोकेशनल एजुकेशन बिजनेस एवं कॉमर्स स्ट्रीम
- बेचलर ऑफ वोकेशनल एजुकेशन-कृषि शाखा
- बायोमेडिकल इक्विपमेंट
- वस्त्र अभिकल्पन
- एक्स-रे टैक्नीशियन
- एग्री. बिजनेस
- ट्रैवल एंड टूरिज़्म टैक्नोलॉजी
- इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी
- फीज़ियोथैरेपी टैक्नीशियन
- जनरल रिसेप्शनिस्ट
- ऑटो इलेक्ट्रीशियन – करिक्यूलम इन मॉड्यूल फॉर्म
- विपणन और विक्रय कला
- एंट्रेप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट
- चिकित्सा प्रयोगशाला
- कॉम्पिटेन्सी-बेस्ड ऑक्यूपेशनल मॉड्यूल्स ऑन इनलैंड फिशरीज़
- कॉस्ट इफेक्टिव बिल्डिंग टैक्नोलॉजी
- कॉम्पिटेन्सी-बेस्ड ऑक्यूपेशनल मॉड्यूल्स इन बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन
- ई.सी.जी. एंड ऑडियोमेट्री टैक्नीशियन (मुद्रणाधीन)

शिक्षण सामग्रियाँ

- जेनरिक वोकेशनल कोर्स-कक्षा VIII प्रैक्टिकल
- कंप्यूटर कम्यूनिकेशन फॉर इंटरनेट कैफे
- मत्स्य पालन में रोज़गार (नव-साक्षरों के लिए)
- मत्स्य परीक्षण प्रयोगिका

कार्यक्रम रिपोर्ट

- रिपोर्ट–व्यवसाय शिक्षा पर विशेषज्ञ ग्रुप की बैठक (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–मध्य प्रदेश के मदरसों के प्रमुख कर्मियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–घरेलू इलेक्ट्रिक उपकरणों के अनुरक्षण तथा मरम्मत में अल्पकालिक शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (असम के लिए) (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–रेडियो तथा टेलीविजन रिसीवरों के अनुरक्षण तथा मरम्मत में अल्पकालिक अध्यापक प्रशिक्षण-कार्यक्रम (असम के लिए) (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–हरियाणा तथा चंडीगढ़ के व्यावसायिक शिक्षकों के लिए कमर्शियल गारमेंट डिज़ाइनिंग तथा मेकिंग के क्षेत्र में शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–पर्चेज़िंग तथा स्टोर कीपिंग के क्षेत्र में अल्पकालिक अध्यापक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–मध्य प्रदेश के पूर्णकालिक अध्यापकों के लिए उद्यमशीलता विकास में अल्पकालिक अध्यापक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–व्यावसायिक शिक्षा में सर्वोत्तम पद्धतियों के लिए एन.सी.ई.आर.टी. पुरस्कार (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–घरेलू इलेक्ट्रिकल उपकरण पाठ्यक्रम के अनुरक्षण तथा मरम्मत का व्यावसायिक शिक्षकों के लिए अल्पकालिक शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–लाइनमैन के व्यावसायिक शिक्षकों के लिए अल्पकालिक शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–कर्नाटक के बिजनेस तथा कॉमर्स क्षेत्र के व्यावसायिक शिक्षकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–सामान्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम पर अल्पकालिक शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–स्वास्थ्य रक्षा व्यवसाय के अध्यापकों के लिए अध्यापक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट–छत्तीसगढ़ राज्य में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों को प्रोत्साहन (फोटोकापी)

- रिपोर्ट-चुने हुए राज्यों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों को प्रोत्साहन (उत्तरांचल) (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-पांडिचेरी, केरल तथा कर्नाटक के व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के प्रमुख कर्मियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-दिल्ली के ई.वी.जी. परामर्शदाताओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित अभिविन्यास कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-असम राज्य में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन अध्ययन (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-चुने हुए राज्यों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम को प्रोत्साहन (गुजरात) (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-व्यावसायिक शिक्षा के अल्पसंख्यक संस्थानों के प्रमुख कार्यकलापों के शिक्षकों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी पर अखिल भारतीय आधारभूत अभिविन्यास तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-डेरी-उद्योग में अल्पकालिक अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम (मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के लिए) (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-झारखंड राज्य में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम को प्रोत्साहन (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं तथा डीलरों के लिए खोज सम्मेलन (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-पौड़ी मंडल (उत्तरांचल) के प्रधानाचार्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-कुमाऊं (उत्तरांचल) के इंटर कालेजों के प्राधानाचार्यों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-भवन अनुरक्षण/सिविल निर्माण व्यावसायिक पाठ्यक्रम के शिक्षकों के लिए शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र) (फोटोकापी)
- रिपोर्ट- व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अनुसूचित जाति/जनजाति के शिक्षकों के लिए व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित अभिविन्यास कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-रेडियो तथा टेलीविजन रिसीवरों के रखरखाव तथा मरम्मत में अल्पकालिक अध्यापक-प्रशिक्षण कार्यक्रम (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-उत्तरांचल राज्य में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम को प्रोत्साहन (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-छत्तीसगढ़ राज्य में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम को प्रोत्साहन (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-उत्तर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम को प्रोत्साहन (फोटोकापी)
- रिपोर्ट-व्यावसायिक शिक्षकों के लिए मूल्यपरक शिक्षा से संबंधित अभिविन्यास शिविर (फोटोकापी)

14

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

शैक्षिक प्रौद्योगिकी के एक अग्रणी संस्थान के रूप में, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान आवश्यकताओं का आकलन करने, आलेख तैयार करने और श्रव्य और दृश्य कार्यक्रमों का निर्माण करने, राज्य स्तर के कार्मिकों को शैक्षिक प्रौद्योगिकी की प्रक्रियाओं और कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान करने का काम करता है।

वर्ष के दौरान मुख्य जोर स्कूल स्तर के पाठ्यचर्या और सह-पाठ्यचर्या संबंधी क्रियाकलापों को समर्थन देने के श्रव्य और दृश्य कार्यक्रमों को विकसित करने में आवश्यकताओं का आकलन करना, बच्चों, अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों के विभिन्न लक्ष्यगत समूहों के लिए मीडिया कार्यक्रमों का निर्माण करने पर रहा।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

शैक्षिक प्रौद्योगिकी एन.सी.ई.आर.टी. के क्रियाकलापों का एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है। इसमें विद्यालयी शिक्षा की पहुँच में सुधार करना और उसकी साम्या और गुणवत्ता को बढ़ावा देना शामिल है। शैक्षिक प्रौद्योगिकी के एक अग्रणी संस्थान के रूप में, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, जो एन.सी.ई.आर.टी. का एक संघटक यूनिट है, आवश्यकताओं का आकलन करने, विभिन्न लक्ष्यगत समूहों के श्रोताओं और दर्शकों की रूपरेखा (प्रोफाइल) तैयार करने, आलेख तैयार करने और श्रव्य और दृश्य कार्यक्रमों और अन्य श्रव्य-दृश्य साधनों का निर्माण करने और राज्य स्तर के कार्मिकों को शैक्षिक प्रौद्योगिकी की प्रक्रियाओं और कौशलों का, जिनमें स्टूडियो-उपस्करों का तकनीकी प्रचालन भी शामिल है, प्रशिक्षण प्रदान करने का काम करता है। यह अनुसंधान और मूल्यांकन, प्रलेखन तथा प्रचार-प्रसार से संबंधित क्रियाकलाप हाथ में लेता है और साथ ही मीडिया से संबंधित शैक्षिक सामग्री विकसित करने में शैक्षिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने के बारे में विभिन्न संगठनों को परामर्श प्रदान करता है। यह संस्थान मल्टीमीडिया सीडी सहित इंटरएक्टिव श्रव्य और दृश्य कार्यक्रमों, मीडिया संसाधनों के कंप्यूटरीकृत डाटा आधारों के विकास के लिए नई उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के प्रयोग कर रहा है। परिषद् के अन्य संघटक यूनिटों द्वारा भी, जिनमें क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान शामिल हैं, शैक्षिक प्रौद्योगिकी से संबंधित क्रियाकलाप हाथ में लिए जाते हैं।

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) पर डी.डी.-I और आकाशवाणी से क्रमशः तरंग और उमंग नाम से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों और ज्ञानदर्शन और ज्ञानवाणी शैक्षिक चैनलों से प्रसारित होने वाली दूरदर्शन और रेडियो प्रसारण सेवाओं के पोषण का भी उत्तरदायित्व है। इसे राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय और उत्तर प्रदेश तथा बिहार के राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों जैसी अन्य सहयोगी संस्थाओं के साथ स्कूल क्षेत्रक के लिए कार्यक्रमों का समन्वय और पोषण करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। इसके क्रियाकलापों के एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में सात राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के क्रियाकलापों का सीधे, और प्रसारण नीति, कार्यक्रम समन्वय और केंद्रीय पूर्वावलोकन विषयक तीन समितियों के माध्यम से समन्वय करना शामिल है।

अनुसंधान

मॉनीटरिंग, विश्लेषण और दर्शकों की प्रतिक्रिया

सी.आई.ई.टी. डी.डी.-I और ज्ञानदर्शन चैनलों से प्रसारित होने वाले तरंग कार्यक्रम की मॉनीटरिंग करने का अपना नियमित कार्य करता रहा। साप्ताहिक रिपोर्टें तैयार की गईं और उन पर पूर्वावलोकन बैठकों में चर्चा की जाती रही। तरंग के बारे में दर्शकों से पत्रों के रूप में प्राप्त प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण किया गया। प्राथमिक स्कूलों के बच्चों में 'तरंग' की दर्शक संख्या को बढ़ाने की कार्यनीतियां तैयार करने के लिए अध्यापकों की बैठकें आयोजित की गईं।

टी.वी. का व्यवहार-पैटर्न पर प्रभाव

व्यवहार-पैटर्न के विकास, विशेष रूप से बच्चों में मूल्यों के निर्माण पर टी.वी. कार्यक्रमों का क्या प्रभाव पड़ा है, इसके बारे में एक अध्ययन शुरू किया गया है। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रसारित करने वाले विभिन्न टी.वी. चैनलों की एक सूची बनाई गई और उन्हें देखने वाले बच्चों की तरज़ीहों की जानकारी प्राप्त की गई। सबसे अधिक प्रभावित होने वाले मूल्यों के बारे में निर्णायकों (जजों) द्वारा निर्धारित 'रेटिंग' का विश्लेषण किया गया। व्यवहार और मूल्य-निर्माण पर टी.वी. के प्रभावों का आकलन करने के लिए 'फोर्स्ड चॉयस परीक्षा' के लिए बहुत से प्रश्न तैयार किए गए हैं। परीक्षा को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है।

दूरस्थ शिक्षा में टी.वी. पाठ्यक्रमों की प्रभावकारिता

दूरस्थ शिक्षा में टी.वी. पाठ्यक्रमों की प्रभावकारिता के बारे में किए गए अनुसंधान अध्ययनों के अधि-विश्लेषण का काम पूरा हो चुका है। रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

गणित की अवधारणाओं को समझने में ई.टी.वी. कार्यक्रमों की प्रभावकारिता

गणित की अवधारणाओं को समझने में ई.टी.वी. के कार्यक्रमों की प्रभावकारिता के बारे में एक क्षेत्र-अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। उपलब्धि परीक्षाएँ तैयार की गईं और जयपुर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कक्षा 3 और 5 के बच्चों की परीक्षा ली गई। डाटा-विश्लेषण का काम शुरू कर दिया गया है।

विकास


स्कूल स्तर के पाठ्यचर्या और सह-पाठ्यचर्या संबंधी क्रियाकलापों को समर्थन देने के श्रव्य और दृश्य कार्यक्रमों को विकसित करने में आवश्यकताओं का आकलन करना, कार्यक्रमों के सार और आलेख तैयार करना और बच्चों, अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों के विभिन्न लक्ष्यगत समूहों के लिए मीडिया कार्यक्रमों के निर्माण के लिए निर्माण और निर्माणोत्तर कार्य हाथ में लेना शामिल है। विषयों (थीम) का चयन करने और उनकी प्राथमिकताएँ निर्धारित करने का काम परिषद् की आलेख समिति में, जो इस प्रयोजन के लिए गठित की जाती है, चर्चा करके किया जाता है। निर्माण संबंधी जो विभिन्न कार्य हाथ में लिए गए, वे इस प्रकार थे :

आलेख रचना

माध्यमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान के शिक्षण के लिए जिन विषयों पर आलेख तैयार किए गए हैं, वे इस प्रकार हैं : नज़र, देखकर ही विश्वास होता है; और रंगों की जिज्ञासा, कृषि विज्ञानों, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी और मानविकी के क्षेत्रों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के बारे में कार्यक्रम; समकालीन सरोकारों, अध्यापकों की प्रतिबद्धताओं और योग्यताओं के संबंध में अध्यापकों की शिक्षा के कार्यक्रम। मूल्यांकन की प्रक्रियाओं के बारे में भी संक्षिप्त आलेख तैयार किए गए हैं, जैसे ग्रेडिंग प्रणाली, समेस्टर प्रणाली और स्कूल-आधारित मूल्यांकन। इसके अलावा, मूल्यपरक शिक्षा, शिक्षाविदों के कार्यों और जीवन के बारे में भी आलेख तैयार किए गए हैं, जो अन्य क्षेत्र कवर किए गए हैं उनमें शामिल हैं : चिकित्सकीय पौधे और एन.सी.ई.आर.टी. संबंधी प्रलेख चित्र के तीन संस्करण। अध्यापकों के लिए जैव-विज्ञानों, भौतिकी, भाषा-शिक्षण और शारीरिक शिक्षा के बारे में तेरह और आलेखों की रचना की गई है। इनका अभिकल्पन मैसूर स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में हुई कार्यशाला में किया गया था।

ई.टी.वी. निर्माण

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान छियानबे ई.टी.वी. कार्यक्रमों का निर्माण किया गया था। जिन महत्त्वपूर्ण शृंखलाओं और कार्यक्रमों का निर्माण किया गया, उनमें ये शामिल हैं : विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2000 के विभिन्न पहलुओं के बारे में अध्यापकों के लिए कार्यक्रम; चिकित्सकीय पौधों के बारे में दो कार्यक्रम, व्यावसायिक के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में दस कार्यक्रम; जैसे कृषि



सी.आई.ई.टी. का आउटडोर शूटिंग का एक कार्यक्रम

विज्ञानों (रेशम कीट पालन और खुम्भी की खेती) व्यापार और वाणिज्य (इंडेक्सिंग के बारे में), गृह विज्ञान (खाद्य अपमिश्रण के बारे में), इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी (फैक्स और अर्थिंग), और परा-चिकित्सा (निष्क्रिय धूम्रपान और तम्बाकू खाने से इंकार करें), और एन.सी.ई.आर.टी. के बारे में 30 मिनट की अवधि का प्रलेख चित्र। इसके अन्य दो संस्करण निर्माणाधीन हैं। अध्यापकों के कार्य-निष्पादन के बारे में दो कार्यक्रमों और अध्यापकों की प्रतिबद्धता के बारे में पाँच कार्यक्रमों की एक शृंखला का निर्माण किया गया है। अध्यापकों की योग्यताओं के बारे में छः अन्य कार्यक्रम निर्माणाधीन हैं। दो-आयामीय ज्योमेट्री की शृंखला में कक्षा XI के लिए गणित के बारे में दस कार्यक्रम; 'पत्रों के उत्तर' शृंखला के अंतर्गत दर्शकों से प्राप्त पत्रों के विश्लेषण के आधार पर हर महीने एक नियमित कार्यक्रम; उदीयमान वैज्ञानिकों की शृंखला में छः कार्यक्रम; मूल्यपरक शिक्षा की शृंखला के अंतर्गत 'क्रोध पर विजय' नामक एक कार्यक्रम; मानव अधिकारों और मूलभूत कर्तव्यों के बारे में कई स्पाट का भी निर्माण किया गया है।

श्रव्य कार्यक्रमों का निर्माण

पिचासी श्रव्य कार्यक्रम (i) आओ मिलकर गाएँ, (ii) आओ मिलकर सीखें, और (iii) हिंदी सिखाने के लिए रंगोली शृंखलाओं के अंतर्गत निर्मित किए गए थे।

माध्यमिक और उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए अंग्रेज़ी में बातचीत करने के कौशल में सुधार करने और सुनकर समझने की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से कक्षा I और II के लिए तमिल भाषा में योग्यता-आधारित श्रव्य कैसेट तैयार किए गए हैं।

विविध

अन्य विकासात्मक क्रियाकलापों में गणित के कम लागत वाले अध्यापन उपकरणों के भंडार की स्थापना करना और श्रव्य और दृश्य कैसेटों की अक्तूबर, 2001 तक अद्यतन बनाई गई सूचियां तैयार करना शामिल था। प्राथमिक स्तर पर अध्यापन के सहायक उपकरण तैयार करने के बारे में प्रशिक्षण पैकेज तैयार किए गए और जनसंख्या शिक्षा के बारे में 10 आलेखों के लिए 10 स्लाइडों का निर्माण किया गया और किशोर शिक्षा के लिए एक भित्ति चार्ट विकसित किया गया। ई.टी.वी. कार्यक्रमों के निर्माण का उन्नयन करने के लिए ग्राफिक एनीमेशन के विकास से संबंधित क्रियाकलापों को चालू वर्ष में भी जारी रखा गया।

प्रसारण

ई.टी.वी. कार्यक्रम डी.डी.-I और ज्ञानदर्शन चैनलों पर तरंग नामक सेवा के अंतर्गत प्रसारित किए जाते हैं। संस्थान ने डी.डी.-I और ज्ञानदर्शन चैनलों से प्रसारित किए जाने के लिए प्रति सप्ताह 37 केप्सूल भेजे। यह उपग्रह इनसेट 3-सी तक अपलिंकिंग के लिए सी.आई.ई.टी. से इग्नू तक के माइक्रोवेब लिंक का उपयोग करके एक घंटे की अवधि के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण भी कर रहा है।

विभिन्न लक्ष्यगत समूहों के लिए दूरदर्शन से प्रसारण के समय का ब्यौरा अगले पृष्ठ पर तालिका में दिया गया है।

एन.सी.ई.आर.टी. आकाशवाणी के 195 केंद्रों से छोटे बच्चों के लिए सप्ताह में एक बार 10 मिनट के लिए उमंग नाम की रेडियो सेवा के प्रसारण के लिए श्रव्य सॉफ्टवेयर प्रदान करती रही। सितंबर, 2001 से इस सेवा को बंद कर दिया गया। आर.आई.ई., मैसूर का श्रव्य दृश्य स्टूडियो ज्ञानवाणी एफ.एम. रेडियो स्टेशन, बंगलौर के लिए निर्माण केंद्र का काम करता था। यह चैनल श्रव्य कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए 30 मिनट के स्लाट की व्यवस्था करता है।

प्रशिक्षण

एन.सी.ई.आर.टी. शैक्षिक प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं के बारे में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करती है, जैसे आलेखों की रचना, निर्माण तकनीक और निर्माणोत्तर कार्य, जैसे संपादन आदि, एनीमेशन और ग्राफिक्स, कैमरा प्रचालन, स्टूडियो संबंधी कार्य। विद्यालयी शिक्षा के प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर अध्यापक-प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षण

डी.डी.-I तथा ज्ञानदर्शन चैनलों से सी.आई.ई.टी. के प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों का समय

चैनल	*प्रसारण समय*	*लक्ष्यगत प्रयोक्ता*
डी डी-I	5.00-5.25 प्रातः	माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाएं
	10.30-11.00 प्रातः	प्राथमिक कक्षाएं
ज्ञानदर्शन	5.00-5.25 प्रातः	माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाएं
	7.00-7.15 प्रातः	अध्यापक
	10.00-10.30 प्रातः	माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाएं
	10.30-11.00 प्रातः	प्राथमिक कक्षाएं
	3.00-3.30 अपराह्न	माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाएं
	3.30-4.00 अपराह्न	प्राथमिक कक्षाएं
	6.30-7.00 सायं	प्राथमिक कक्षाएं
	7.30-8.00 सायं	माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाएं

प्रदान किया जाता है। इस वर्ष आयोजित अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ये शामिल थे : (i) उत्तर पूर्वी राज्यों, और (ii) उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल राज्यों की डी.आई.ई.टी. के संकाय के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में दो प्रशिक्षण कार्यक्रम, सी.आई.ई.टी./एस.आई.ई.टी. के इंजीनियरों के लिए (i) स्टूडियो वातानुकूलन और ध्वनि प्रणाली और (ii) ई.टी.वी./रेडियो कार्यक्रम निर्माण के बारे में दो पुनश्चर्या कार्यक्रम, और आर.आई.ई., मैसूर की संकाय के लिए ई.टी.वी. आलेख लिखने के बारे में एक अभिविन्यास कार्यशाला। आर.आई.ई., अजमेर में प्राथमिक स्तर पर अध्यापन के सहायक उपकरण तैयार करने के बारे में मुख्य संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शैक्षिक प्रौद्योगिकी में (i) श्रीलंका के वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए, और (ii) दक्षिण-पूर्वी अफ्रीकी देशों के शैक्षिक योजना-निर्माताओं और प्रशासकों के लिए भी अभिविन्यास/ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।



संगीत-कक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग



युवा शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की वीडियो रिकॉर्डिंग

विस्तार

सी.आई.ई.टी. जापान के वीडियो पुस्तकालय के लिए दक्षिण-पूर्वी एशिया के केंद्र के रूप में काम करता है और सभी एन.एच.के. अवार्ड विजेता कार्यक्रमों के बीटाकैम कैसेट उसे प्राप्त होते हैं। ये सी.आई.ई.टी. और एस.आई.ई.टी. के अंदर और अन्य मीडिया संगठनों के निर्माताओं को संदर्भ के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं। नवंबर, 2001 में इलाहाबाद में बच्चों के लिए आयोजित 28वीं जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का वीडियो कवरेज किया गया। इस अवसर के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए प्रदर्शों और मीडिया कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया और उन्हें फिर से दिखाया गया।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय को कार्यक्रमों के निर्माण के विभिन्न पहलुओं के बारे में हुई बैठक में भाग लेकर, मीडिया कार्यक्रम तैयार करने के संबंध में परामर्श दिया गया।

श्रव्य और दृश्य कार्यक्रमों की सूचियों को अक्तूबर, 2001 तक अद्यतन बनाया गया और मुद्रित किया गया और उन्हें विभिन्न अकादमिक और मीडिया संगठनों में वितरित किया गया।

800 कार्यक्रमों के वीडियो कार्यक्रमों का कंप्यूटरीकृत डाटाबेस विकसित किया गया है। इस डाटाबेस में तकनीकी ब्यौरा, स्थिर चित्रों (स्टिल्स) का एक सेट और एक मिनट के वीडियो क्लिप शामिल हैं। सूचना की पुनःप्राप्ति की प्रक्रिया में विभिन्न भावी प्रयोक्ताओं, जैसे ई.टी.वी. पुस्तकालय के कर्मचारियों, मीडिया संसाधन प्रभाग, निर्माताओं और शिक्षाविदों की जरूरतों का ध्यान रखा गया है। सूचियों सहित समूचे डाटाबेस को सी.आई.ई.टी. की वेबसाइट में शामिल करने का प्रस्ताव है।

संस्थान के ई.टी.वी. कार्यक्रमों को समृद्ध बनाने के लिए कई एनीमेटेड ग्राफिक्स विकसित किए गए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत फ्लैश कार्डों, पोस्टरों और संस्कृत परियोजना के लिए सचित्र कहानियों के निर्माण के लिए भी सहायता दी गई है। इस परियोजना के परिणामस्वरूप वीडियो टेप पुस्तकालय के लिए एक 'बार कोड पुस्तकालय प्रबंध प्रणाली' का क्रियान्वयन हुआ है।

मूल्यपरक शिक्षा कार्यक्रम के बारे में एक टीकायुक्त ग्रंथ सूची तैयार की गई है और प्रकाशन के लिए भेजी गई है।

तकनीकी उपस्करों का उन्नयन

2.25 करोड़ रुपए के मूल्य के श्रव्य और दृश्य उपस्कर खरीदने के लिए कदम उठाए गए हैं। इसमें नॉन-लीनियर संपादन प्रणाली, ई.एन.जी. रिकार्डिंग के लिए डिजिटल कलर कैमकार्डर कैमरे, डिजिटल स्टूडियो वी.सी.आर., डिजिटल श्रव्य उपस्कर और एक लोगो जेनरेटर शामिल है। इसके अलावा, कार्यक्रम निर्माण और प्रसारण से संबंधित क्रियाकलापों को हाथ में लेने के लिए 5.6 लाख रुपए के मूल्य के विविध उपस्कर खरीदे गए थे।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- बच्चों की कविताओं का संग्रह (मेरा भी तो मन करता है) (मुद्रणाधीन)
- शैक्षिक टी.वी. के लिए आलेख विकसित करना—एक हैंडआउट (फोटोकापी)
- दूरस्थ शिक्षा में दूरदर्शन पाठ्यक्रमों की प्रभावकारिता—एक अधिविश्लेषण (वर्ड प्रोसेसिंग के अधीन)
- ज्ञानदर्शन चैनल से तरंग के प्रसारण का मॉनीटरिंग और मूल्यांकन :

  (i) वार्षिक रिपोर्ट (फोटोकापी)


  (ii) दर्शक सर्वेक्षण : सी.आई.ई.टी. की अवलोकन स्थिति के आकलन के लिए (फोटोकापी)
- भारतीय शैक्षिक विचारकों के बारे में मीडिया पैकेज का विकास (फोटोकापी)
- श्रीलंका के वरिष्ठ शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी के बारे में अभिविन्यास कार्यक्रम की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- उत्तर-पूर्वी राज्यों के शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी के बारे में अभिविन्यास पाठ्यक्रम की रिपोर्ट (फोटोकापी)
- कक्षा V के विद्यार्थियों के उपयोग के लिए तमिल में श्रव्य कैसेट (कैसेट)

15

कंप्यूटर शिक्षा

प रिषद् के दिन-प्रतिदिन के कार्यों में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त निवेश किया गया। सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी की सुविधाओं में वृद्धि की गई और अकादमिक तथा प्रशासनिक कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया।

'लर्निंग विद कंप्यूटर्स' (स्तर 1, 2 व 3) की तीन खंडों की एक शृंखला प्रकाशित की जा चुकी है। इसके प्रत्येक खंड में बच्चों के लिए कार्यकलाप और अध्यापकों के लिए विस्तृत टिप्पणियां दी गई हैं।



कंप्यूटर शिक्षा

गत वर्ष सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी. टी.) की पहल के शैक्षिक उपयोग के क्षेत्र में समेकित प्रयास किए गए। सामान्य शिक्षा में आई.सी.टी. का एकीकरण एक मुख्य सरोकार था। तदनुरूप, आई.सी.टी. के उपयोग हेतु बच्चों के लिए उपयुक्त अनुदेशात्मक सामग्री का विकास करना और उसका प्रकाशन करना महत्त्वपूर्ण क्रियाकलाप था। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों का अभिविन्यास, तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रधानाध्यापकों और सेवाकालीन अध्यापकों को प्रशिक्षण देना एक अन्य महत्त्वपूर्ण क्रियाकलाप था।

विद्यालयी पाठ्यक्रम पर आधारित मल्टी-मीडिया अधिगम सामग्री का विकास करना महत्त्वपूर्ण क्रियाकलापों में से एक था। इस प्रकार की कुछ सामग्री का प्रसार परिषद् की वेबसाइट के माध्यम से किया गया।

इसके अतिरिक्त, परिषद् के दिन-प्रतिदिन के कार्यों में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त निवेश किया गया। आई.सी.टी. की सुविधाओं में वृद्धि की गई और अकादमिक तथा प्रशासनिक कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया।

विकास

'लर्निंग विद कंप्यूटर्स' (स्तर 1, 2 व 3) की तीन खंडों की एक शृंखला, जो एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा जनवरी 2001 में निकाली गई, पाठ्यचर्या संदर्शिका तथा पाठ्य विवरण पर आधारित है, प्रकाशित की जा चुकी है। इसके प्रत्येक खंड में बच्चों के लिए कार्यकलाप और अध्यापकों के लिए विस्तृत टिप्पणियां दी गई हैं। कार्यकलाप श्रेणीबद्ध (ग्रेडिड) हैं जो कार्यकलाप लेवल-1 में दिए गए हैं वे प्रारंभिक छात्रों के लिए हैं और लेवल-2 में दिए गए कार्यकलाप कुछ आगे बढ़े हुए अध्ययनकर्ता बच्चों के लिए हैं। लेवल-3 के कार्यकलाप उन बच्चों के लिए हैं जो स्वतंत्र रूप से बिना किसी सहारे के काम कर सकते हैं

'इनफोर्मेशन टैक्नोलॉजी इन स्कूल्स : कारिक्यूलम गाइड एंड सिलेबस' नामक पुस्तक का हिंदी संस्करण प्रकाशित किया जा चुका है।

'फ्रैक्शंस' विषय पर मल्टीमीडिया सॉफ्टवेयर का परीक्षणार्थ संस्करण प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए विकसित किया गया है। क्षेत्रगत परीक्षण के बाद यह पैकेज एन.सी.ई.आर.टी. की वेबसाइट पर और सीडी पर भी उपलब्ध करा दिया जाएगा। दो अन्य मल्टीमीडिया मॉड्यूल अर्थात् प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए 'सिमुलेशन ऑफ पायजेशियन टास्कस' और वरिष्ठ माध्यमिक छात्रों के लिए "लैक्टोज़ ऑपेरॉन" एन.सी.ई.आर. टी. की वेबसाइट में शिक्षण साधनों की टोकरी में जोड़ दिए गए हैं। और भी बहुत से कार्यक्रम शीघ्र ही जारी किए जाने वाले हैं।

कार्यालय के स्वचलीकरण के लिए कंप्यूटर संबंधी अभ्यास दीपिका/मैन्युअल और अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग में अध्यापक-प्रशिक्षकों के अभिविन्यास के लिए मैन्युअल तैयार किए गए।

साफ्टवेयर की एक ऐसी कृति विकसित की गई है जो परिषद् के अन्य संघटकों द्वारा पूरे किए गए कार्यक्रमों पर सूचना देती है। इसके अलावा, 14 परियोजनाओं पर डेटा का कंप्यूटरीकरण वर्ष के दौरान संपन्न किया गया।

प्रशिक्षण और विस्तार

एन.आई.ई. परिसर में राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा केंद्र में, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सरकारी स्कूलों के सेवारत अध्यापकों के लिए



विद्यालयी शिक्षा में एकीकृत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पर शिक्षक-प्रशिक्षकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

शिक्षण-कक्ष में कंप्यूटर-आधारित शिक्षण सामग्रियों के उपयोग, समझ और विकास के विषय पर 15 दिवसीय दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षण कक्ष में सॉफ्टवेयर के अनुप्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया और अनुसंधान के उपकरण/साधन के रूप में इंटरनेट के उपयोग और ग्राफिक डिजाइन के बारे में जानकारी दी गई। राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए दो अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए और उनमें भाग लेने वालों को सामान्य शिक्षा में सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकियों (आईसीटी) के विभिन्न उपयोगों से अवगत कराया गया।

श्रीलंका के वरिष्ठ अध्यापक-प्रशिक्षकों के एक शिष्टमंडल को विद्यालयी शिक्षा के संदर्भ में सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकीयों की बुनियादी संक्रियाओं में प्रशिक्षित किया गया।

मध्य प्रदेश में 'डाइट' संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान की शिक्षा में कंप्यूटर के अनुप्रयोग के बारे में भी एक अभिविन्यास कार्यक्रम प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए आयोजित किया गया।

आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और पांडिचेरी की एस.सी.ई.आर.टी./सी.टी.ई./आई.ए.एस.ई./एस.आई.ई. संस्थानों के प्रधानाध्यापक, हाईस्कूल अध्यापक और प्रमुख संसाधन व्यक्ति कंप्यूटर के अनुप्रयोग में प्रशिक्षित किए गए।

एन.सी.ई.आर.टी. संकाय और प्रशासनिक तथा अनुसचिवीय कर्मचारियों को परिसर में उपलब्ध आई.सी.टी. सुविधाओं के उपयोग में प्रशिक्षित करने के लिए छः प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए।

एन.सी.ई.आर.टी. की वेबसाइट को जनसाधारण के लिए समाचार विचारों के साथ नियमित रूप से अद्यतन बनाया जाता रहा है और विद्यालय समुदाय के लिए उसे सामग्रियों से समृद्ध किया जाता है।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- लर्निंग विद कंप्यूटर्स (लेवल 1, 2 व 3) विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के लिए पुस्तकों के तीन खंड
- विद्यालयों में सूचना प्रौद्योगिकी : पाठ्यचर्या संदर्शिका और पाठ्य विवरण
- प्रैक्टिस मैन्युअल इन कंप्यूटर्स फॉर ऑफिस ऑटोमेशन (टंकित)
- अध्यापन अधिगम प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग में अध्यापक-प्रशिक्षकों के अभिविन्यास के लिए दीपिका/मैन्युअल (टंकित)
- लैक्टोज ऑपेरॉन (एन.सी.ई.आर.टी. की वेबसाइट पर कंप्यूटर प्रोग्राम)
- फ्रैक्शंस (कंप्यूटर प्रोग्राम) सीडी पर प्रोटोटाइप
- वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान की शिक्षा में कंप्यूटरों के अनुप्रयोगों में प्रमुख संसाधन व्यक्तियों का अभिविन्यास (फोटोकापी)
- अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग पर प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए हैंडबुक (फोटोकापी)
- अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर अध्यापक-प्रशिक्षकों के अभिविन्यास के लिए एक पैकेज का विकास (मुद्रणाधीन)

16

प्रतिभा की पहचान और प्रोत्साहन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् प्रति वर्ष अपनी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना के अंतर्गत 1000 छात्रवृत्तियां प्रदान करती है जिनमें 150 छात्रवृत्तियां अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए तथा 75 छात्रवृत्तियां अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए होती हैं। परिषद् उम्मीदवारों की प्रतिभा को विकसित करने के लिए उपयुक्त ग्रीष्मकालीन पाठ्यक्रमों की व्यवस्था भी करती है।



प्रतिभा की पहचान और प्रोत्साहन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् प्रति वर्ष अपनी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना के अंतर्गत 1000 छात्रवृत्तियां प्रदान करती है जिनमें 150 छात्रवृत्तियां अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए तथा 75 छात्रवृत्तियां अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए होती हैं। इस योजना का उद्देश्य कक्षा 10 के अंत में मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों का पता लगाकर उन्हें वित्तीय सहायता देना है ताकि उन्हें अच्छी शिक्षा मिल सके, जिससे उनकी प्रतिभा का और अधिक विकास हो सके और वे अपनी रुचि के विषय में उन्नति करते हुए राष्ट्र की सार्थक सेवा कर सकें।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियों के लिए चयन दो स्तरों पर किया जाता है। प्रथम स्तर पर चयन, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है जो सामान्यतः अक्तूबर व दिसंबर के बीच आयोजित की जाती है। इस परीक्षा के आधार पर निर्धारित संख्या में उम्मीदवारों की द्वितीय स्तर की परीक्षा के लिए परिषद् के पास भेजा जाता है। छात्रवृत्तियों की अपेक्षित संख्या के चयन हेतु द्वितीय स्तर पर लिखित परीक्षा के साथ-साथ साक्षात्कार भी लिया जाता है। परिषद् इन चयनित उम्मीदवारों को न केवल छात्रवृत्तियां प्रदान करती है अपितु इन उम्मीदवारों की प्रतिभा को विकसित करने के लिए देश के प्रमुख संस्थानों की सहायता व सहयोग से उपयुक्त ग्रीष्मकालीन पाठ्यक्रमों की व्यवस्था भी करती है।

अनुसंधान

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षाओं की निर्मित वैधता

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एन.टी.एस.) परीक्षाओं की निर्मित वैधता का अध्ययन यह जानने के लिए किया गया कि मानसिक योग्यता परीक्षा (मैट) और शैक्षिक अभिदक्षता परीक्षा (सैट), जो छात्रवृत्तियों के उम्मीदवारों के दूसरे स्तर के चयन के लिए ली जाती हैं, उनका सहज स्वरूप और निर्मित वैधता कैसी है? इस प्रयोजन के लिए एन.टी.एस. परीक्षा-2000 के लिए प्रयुक्त 'मैट' और 'सैट' के प्राप्तांकों का विश्लेषण किया गया जिसके लिए कारक विश्लेषण विधि का प्रयोग किया गया।

विश्लेषण के परिणामों से पता चला कि निर्मित वैधता में सुधार करने के लिए 'मैट' स्वरूप की दृष्टि से जटिल होता है। आकृतिक और प्रतीकात्मक संबंधों, वर्गों तथा प्रणालियों से संबंधित कई तरह की मदों को जोड़कर इसे सबल बनाने की आवश्यकता है। जहां तक 'सैट' की निर्मित वैधता का संबंध है, वर्तमान परीक्षा में शामिल नहीं की गई विशिष्टियों की मदों को जोड़कर इसकी लंबाई को बढ़ाने की जरूरत है।

एन.टी.एस. छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं की परिच्छेदिका (प्रोफाइल)

प्रत्येक छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता की परिच्छेदिका उसके द्वारा अपने बारे में अपनी अन्य उपलब्धियों सहित दी गई सूचना के आधार पर तैयार की गई। इस प्रयोजन के लिए विभाग में एक सूचना-अनुसूची विकसित की गई। यह शीट वर्ष 2000-2001 में चुने गए 1000 एन.टी.एस. छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं के पास भरने के लिए भेजी गई। लगभग 700 छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं से उत्तर-शीटें प्राप्त हुईं, जिनका विश्लेषण किया गया और प्रोफाइलें तैयार की गईं।

एन.टी.एस. परीक्षा 2001 का मूल्यांकन

एन.टी.एस. परीक्षा 2001 में प्रयोग किए गए 'मैट' और 'सैट' प्रश्नपत्रों का विश्लेषण विषयगत कठिनाई, भेदभाव सूचक, विश्वसनीयता, प्रामाणिकता जैसे विभिन्न पैरामीटरों को ध्यान में रखकर किया गया। विश्लेषण के परिणामों के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की गई। बाद में विश्लेषण के परिणामों के बारे में प्रश्नपत्र बनाने वालों, अनुशोधकों/मॉडरेटरों को बताया गया ताकि अगले वर्ष के एन.टी.एस. चयन के लिए विकसित परीक्षा की मदों को परिष्कृत किया जा सके।

विकास

आइटम बैंक का विकास

एन.टी.एस. परीक्षा के लिए एक गोपनीय आइटम बैंक के विकास को सुकर बनाने के लिए मानसिक योग्यता परीक्षा (मैट) और शैक्षिक अभिदक्षता परीक्षा (सैट) में विषयों को अंतिम रूप देने के लिए दो अनुशोधन कार्यशालाएं आयोजित की गईं। पहली कार्यशाला 'मैट' विषयों के अनुशोधन के लिए संचालित की गई जिसमें 2400 आइटमों को प्रश्न

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रदान की गई राष्ट्रीय प्रतिभा खोज संबंधी छात्रवृत्तियों की संख्या

क्र.सं.	राज्य/सं.रा.क्षे.	आवंटित कोटा	परीक्षा में बैठे छात्रों की संख्या	प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या		
				सामान्य	अ.ज.व.अ.ज.जा.	जोड़
1.	आंध्रप्रदेश	240	203	23	09	32
2.	अरुणाचल प्रदेश	25	22	01	01	02
3.	असम	120	115	05	06	11
4.	बिहार	240	238	74	31	105
5.	दिल्ली	70	69	41	05	46
6.	गोवा	25	24	05	-	05
7.	गुजरात	215	183	05	02	07
8.	हरियाणा	95	94	39	-	39
9.	हिमाचल प्रदेश	40	40	06	07	13
10.	जम्मू व कश्मीर	40	39	01	-	01
11.	कर्नाटक	215	213	50	28	78
12.	केरल	225	216	25	12	37
13.	मध्य प्रदेश	285	260	43	19	62
14.	महाराष्ट्र	500	496	178	55	233
15.	मणिपुर	25	24	02	02	04
16.	मेघालय	25	23	-	-	-
17.	मिजोरम	25	10	-	-	-
18.	नागालैण्ड	25	25	-	03	03
19.	उड़ीसा	225	217	42	11	53
20.	पंजाब	120	120	23	03	26
21.	राजस्थान	180	176	57	09	66
22.	सिक्किम	25	25	-	-	-
23.	तमिलनाडु	340	322	33	08	41
24.	त्रिपुरा	25	07	-	-	-
25.	उत्तर प्रदेश	500	474	56	16	72
26.	पश्चिम बंगाल	215	209	38	18	56
27.	अंड. व निको. द्वीप समूह	10	09	-	-	-
28.	चंडीगढ़	10	10	07	01	08
29.	दादर और नगर हवेली	10	09	-	-	-
30.	दमन और दीव	10	01	-	-	-
31.	लक्षद्वीप	10	05	-	-	-
32.	पांडिचेरी	10	10	-	-	-
	जोड़	**4125**	**3888**	**754**	**246**	**1000**

वर्ष 2001-2002 के दौरान छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं की कुल संख्या	
+2 स्तर पर	
सभी धाराएं	1968
अवर स्नातक	
बुनियादी विज्ञान	124
सामाजिक विज्ञान	29
इंजीनियरिंग	1719
चिकित्सा	405
स्नातकोत्तर	
बुनियादी विज्ञान	12
सामाजिक विज्ञान	02
एम.ई./एम.टैक	08
एम.डी./एम.एस.	32
एम.बी.ए.	08
एम.सी.ए.	07
पीएच.डी.	01
जोड़	**4315**

वर्ष 2001-2002 के दौरान व्यय		
1.	छात्रवृत्तियों का वितरण	रुपये 97,81,500
2.	एन.टी.एस. परीक्षा का आयोजन	रुपये 13,78,659
	जोड़	रुपये 1,11,60,159

बैंक के लिए अंतिम रूप दिया गया। इन आइटमों के समूह में से 'मैट' के तीन परीक्षण तैयार किए गए। दूसरी कार्यशाला सात विषय-क्षेत्रों में सैट आइटमों के अनुशोधन के लिए आयोजित की गईं। 'सैट' में आइटम पूल के लिए गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, इतिहास और भूगोल तथा नागरिक शास्त्र में काफी बड़ी संख्या में आइटमों का अनुशोधन किया गया और तीन समानांतर परीक्षण तैयार किए गए।

वर्ष 2001-2002 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

- प्रोफाइल्स ऑफ नेशनल टेलेंट सर्च अवार्डीज़ ऑफ दि ईयर 2001-2002 (फोटोकापी)
- ए स्टडी ऑफ कंस्ट्रक्ट वैलिडिटी ऑफ एन.टी.एस. टेस्ट्स 2000 (फोटोकापी)
- एन ऐप्रेजल ऑफ नेशनल टेलेंट सर्च टेस्ट्स 2001 (फोटोकापी)

17

शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन

विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शैक्षिक अनुसंधान और अनुसंधान-आधारित नीतिगत परिप्रेक्ष्यों को बढ़ावा देना एन.सी.ई.आर.टी. का एक महत्त्वपूर्ण सरोकार है। अन्य कार्यों में शामिल हैं : सांस्थानिक अनुसंधान क्षमताओं का विकास और सुदृढ़ीकरण, शैक्षिक अनुसंधान से जुड़े कार्मिकों व हिताधिकारियों तक इन्हें पहुंचाने के लिए संप्रेषण के माध्यम प्रदान करना।



शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन

विद्‌यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए शैक्षिक अनुसंधान और अनुसंधान-आधारित नीतिगत परिप्रेक्ष्यों को बढ़ावा देना एन.सी.ई.आर.टी. का एक महत्वपूर्ण सरोकार है। इस क्षेत्र के मुख्य कार्यों में शामिल हैं– (i) विश्वविद्‌यालयों, संस्थाओं और एन.सी.ई.आर.टी. के संघटकों से संबद्‌ध अनुसंधानकर्ताओं की अनुसंधान परियोजनाओं का वित्तपोषण करना, (ii) सांस्थानिक अनुसंधान क्षमताओं का विकास और सुदृढ़ीकरण, (iii) विद्‌यालयी शिक्षा के क्षेत्र में सूचना से संबंधित शैक्षिक अनुसंधान का प्रचार, तथा (iv) शैक्षिक अनुसंधान से जुड़े कार्मिकों व हिताधिकारियों तक इन्हें पहुंचाने के लिए संप्रेषण के माध्यम प्रदान करना और अनुसंधान के निष्कर्षों तथा शिक्षा प्रणाली पर इनके प्रभाव के संबंध में फीडबैक प्राप्त करना। एन.सी.ई.आर.टी. की एक स्थायी समिति शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) विद्‌यालय व अध्यापक शिक्षा के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में काम करती है तथा सहायता प्रदान करती है। इस समिति के सदस्यों में विश्वविद्‌यालयों तथा अनुसंधान संस्थाओं के शिक्षा और संबद्‌ध विषयों के अध्यक्ष तथा अनुसंधानकर्ता और एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. के प्रतिनिधि शामिल हैं। परियोजनाओं के वित्तपोषण, अनुसंधान के लिए क्षमता-निर्माण करने और अनुसंधान के निष्कर्षों के प्रसार के लिए वर्ष 2001-2002 के दौरान किए गए कार्यकलाप और उनके परिणाम संक्षेप में नीचे के खंड में प्रस्तुत किए गए हैं।

एरिक द्‌वारा वित्तपोषित अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्ष 2001-2002 के दौरान एरिक द्‌वारा वित्तपोषित 16 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी हो गईं और 40 पर काम चल रहा था। अध्ययन का शीर्षक, अनुसंधानकर्ताओं के नाम तथा पूर्ण हो चुकी और चल रही परियोजनाओं के साथ उनकी सांस्थानिक संबद्‌धता का ब्यौरा नीचे दिया जा रहा है:

(i) पूर्ण हो चुकी अनुसंधान परियोजनाएं

क्र.सं.	*अध्ययन का शीर्षक*	*प्रधान शोधकर्ता*
1.	राज्यों में व्यावसायिक मार्गदर्शन पर संदर्भिका बेंचमार्क सर्वेक्षण	डा. (श्रीमती) किरण माथुर पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
2.	प्रारंभिक स्तर (कक्षा VI, VII, VIII) पर विज्ञान के अध्यापन के प्रति एकीकृत दृष्टिकोणः एक मॉडल का विकास	डा. एम.के. सतपथी, आर.आई.ई. भुवनेश्वर
3.	शिक्षा महाविद्‌यालयों में प्रशिक्षण के निष्कर्षों पर महत्वपूर्ण सांस्थानिक तथा आनुदेशिक परिवर्तों के प्रभाव का अध्ययन	डा. अरुण के. गुप्ता जम्मू
4.	जन्मजात नेत्रहीन बच्चों में हस्त और कार्य प्रशिक्षण	डा. मिरियम इटियेरा दिल्ली विश्वविद्‌यालय
5.	पठन संबंधी कठिनाइयों से छात्रों को अवगत कराना और कक्षा-अनुदेशों के लिए सुधारात्मक उपायों का विकास	डा. एन.एस. भारती आर.आई.ई., भुवनेश्वर
6.	विषय-क्षेत्रों के संबंध में मूल्यों का विकास करने के लिए नवाचारात्मक तरीके	डा. एच.के. सेनापति आर.आई.ई., भुवनेश्वर
7.	बालकों और बालिकाओं द्‌वारा मैकेनिक्स में संकल्पनाओं की विभेदक शिक्षा प्राप्ति-स्कूली वर्षों की केस स्टडी	डा. (श्रीमती) माधुरी महापात्र आर.आई.ई., भुवनेश्वर

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
8.	ग्रेड V में पढ़ रहे सुविधा-वंचित बच्चों के बीच अंकगणितीय समस्या समाधान में कठिनाइयों का विश्लेषण	डा. रमा एस. तथा डा. गौरम्म आई.पी., आर.आई.ई., मैसूर
9.	पठन-वैकल्य वाले बच्चों का भाषा संबंधी विकार कम करने में विभिन्न उपचारी उपायों की तुलना	डा. तेहल कोहली पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
10.	सोलो टैक्सोनॉमी और बोर्ड की परीक्षाओं द्वारा शिक्षुओं की शैक्षिक उपलब्धि का आकलन : एक तुलनात्मक अध्ययन	डा. रणजीत बसु भारतीय जैव व्यवहार विज्ञान संस्थान कोलकाता
11.	आदिवासी बच्चों के विज्ञान सीखने पर मनोवैज्ञानिक-सामाजिक कारकों का प्रभाव	डा. (श्रीमती) एम. महापात्र वरिष्ठ प्रवक्ता, आर.आई.ई., भुवनेश्वर
12.	भारत में व्यापार और वाणिज्य-आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों की स्थिति का अध्ययन	डा. ए. पालानिवेल पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
13.	बच्चों के प्रक्रियात्मक तथा संकल्पनात्मक ज्ञान के बीच की खाई को भरना तथा पाठ्यक्रम संबंधी अपेक्षाएं	प्रो. ए.बी. सक्सेना आर.आई.ई., अजमेर
14.	विभिन्न विषय-क्षेत्रों के माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों की प्रकार्यात्मक क्षमताओं की वर्गिकी/टैक्सोनॉमी जिनसे राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा के लिए विचार-विमर्श संबंधी दस्तावेज में व्यक्त किए गए कार्यों को लागू करने की अपेक्षा की जाती है।	डा. बी.एन. पांडा आर.आई.ई. भुवनेश्वर
15.	पाइएजेशियन विकासात्मक अवस्था के माध्यम से बच्चों के विकास को निरूपित करने वाले गणितीय मॉडल को तैयार करना	डा. जे.के. महापात्र आर.आई.ई., भुवनेश्वर
16.	शहरी निर्धन बच्चों के शिक्षण की समस्या (बालिकाओं के विशेष संदर्भ में)	डा. एस.के. पंत जी.बी. पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद

(ii) चल रहे अनुसंधान अध्ययन

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
1.	विभिन्न राज्यों में सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रमों के कार्यान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन	डा. डी.पी. सिंह पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
2.	माध्यमिक व्यावसायिक स्कूलों में स्कूल-उद्योग सहलग्नता की स्थापना-क्रियात्मक अनुसंधान	डा. सौरभ प्रकाश पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
3.	व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में शहरी और ग्रामीण समुदायों की बालिकाओं की आजीविका संबंधी महत्वाकांक्षाएं	डा. श्रीमती पूनम अग्रवाल जी.बी. पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तरांचल)
4.	दक्षिण क्षेत्र में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों द्वारा अपेक्षित अध्यापक शिक्षा संस्थाओं द्वारा प्रदान किए गए तथा शिक्षक छात्र द्वारा चुने गए विशेषज्ञता विषयों का अध्ययन	डा. के. डोरास्वामी आर.आई.ई., मैसूर

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
5.	महाराष्ट्र की व्यावसायिक संस्थाओं में स्कूल-उद्योग सहलग्नता की स्थिति अध्ययन	डा. आसफा एम. यासीन पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
6.	कृषि में व्यावसायिक अध्ययन-अध्यापन की स्थिति और प्रभावकारिता का तुलनात्मक अध्ययन	डा. वी.एस. मेहरोत्रा पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
7.	पंजाब में अंतःकार्य प्रशिक्षण के कार्यान्वयन तथा व्यावसायिक छात्रों पर इसके प्रभाव के संबंध में अध्ययन	डा. ब्रजयंती देवी पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
8.	संकल्पना मानचित्रण का विज्ञान उपलब्धि, संज्ञानात्मक कौशलों तथा छात्रों की अभिवृत्ति पर प्रभाव	डा. मंजुला पी. राव क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर
9.	चुनिंदा राज्यों में व्यावसायिक पाठ्यचर्या और शिक्षण सामग्री की गुणवत्ता और स्तर का तुलनात्मक मूल्यांकन	डा. मृदुला पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
10.	प्राथमिक स्कूल के बच्चों में भावात्मक बुद्धिमत्ता की पहचान और इसका पोषण-एक अन्वेषण	डा. अंजुम सिबिया डी.ई.पी.एफ.ई., एन.सी.ई.आर.टी.
11.	महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर गृहविज्ञान के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का महत्त्व	डा. पिंकी खन्ना पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
12.	10+2 स्तर के विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशलों के विकास में शिक्षक की भूमिका	डा. वी.के. जैन पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
13.	उच्चतर माध्यमिक स्तर पर पढ़ रहे वाणिज्य के छात्रों में उद्यमिता की भावना के प्रभाव क्षेत्र के मूल्यांकन का अध्ययन	डा. शिप्रा वैद्या एन.सी.ई.आर.टी.
14.	कक्षा आठ में द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेजी सीखने के संदर्भ में कंप्यूटर सहायता प्राप्त भाषा अध्ययन और परीक्षण की प्रभावकारिता	डा. एन. बालसुब्रमण्यन भारतियार विश्वविद्यालय कोयम्बतूर
15.	शिक्षक रणनीति, शिक्षक भागीदारी और स्कूल उपलब्धि	डा. बी. सुलोचना रेड्डी उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
16.	सूचना प्रसंस्करण पद्धति के माध्यम से भौतिकी में समस्या हल करने की योग्यता का विकास	डा. एस. मोहन अलगप्पा विश्वविद्यालय, करायकुडी
17.	आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों में आश्रम विद्यालयों की कार्यप्रणाली का अध्ययन	डा. पी. सुधाकर रेड्डी एस.वी. विश्वविद्यालय, तिरुपति
18.	शैशवकालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों का मूल्यांकन तथा परिप्रेक्ष्य योजनाओं का सुझाव देना	प्रो. एस.पी. मल्होत्रा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
19.	ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित भौतिकी संकल्पनाओं में निदर्शनात्मक शिक्षण के प्रभावकारी मॉडलों का विकास	डा. गौरी शंकर राय रावेनशा कालेज, कटक
20.	किशोर आत्महत्या विचारण का मनोविकृति विज्ञान	प्रो. वी.वी. उपमन्यु पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
21.	शैक्षिक पत्रिकाओं के माध्यम से प्राथमिक शिक्षकों में स्वाध्यायी कौशलों का विकास	प्रो. पी.जी. पटेल निदेशक जी.आई.आर.ई.डी., गुजरात

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
22.	शिक्षकों की प्रभावकारिता में सुधार के लिए सेवाकालीन अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम	डा. (श्रीमती) उषा खरे ज्ञान प्रबोधिनी संशोधन संस्थान, पुणे
23.	ग्रामीण समुदाय के लिए महिला शिक्षा कार्यक्रमों में महिला स्वास्थ्य कार्मिकों की भागीदारी की संभावना का अध्ययन	डा. (श्रीमती) पी. माथुर आई.आई.टी., दिल्ली
24.	शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े बच्चों के अध्ययन और गृहकार्य व्यवहारों के सुधार से जुड़ी अभिभावक प्रशिक्षण तकनीकों का व्यवहारात्मक विश्लेषण और संशोधन	डा. संध्या सिंह कौशिक बी.एच.यू., वाराणसी
25.	वाराणसी के जूनियर हाईस्कूल छात्रों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का अध्ययन	प्रो. वी.के. दुबे बी.एच.यू., वाराणसी
26.	भारत में स्कूली शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए नवाचारी संस्थाएं एवं उनके कार्यक्रम	प्रो. मोहम्मद मियां निदेशक (डी.ई.पी.-डी.पी.ई.पी.), इग्नू, नई दिल्ली
27.	जीवन विज्ञान के माध्यम से मूल्यों का विकास-एक प्रयोगात्मक अध्ययन	डा. हेमलता तलेसरा राजस्थान शैक्षिक प्रशासन एवं प्रबंध परिषद्, उदयपुर
28.	उत्तर प्रदेश में माध्यमिक स्तरों पर जीव विज्ञान शिक्षा में स्थानीय संसाधनों की प्रभावकारिता	प्रो. जी.एस. पालीवाल एच.एन.बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (पौड़ी), उत्तरांचल
29.	महिला कालेज/विश्वविद्यालय छात्रों के साथ प्रयोग के लिए कैरियर परिपक्वता सूची का विकास	डा. (श्रीमती) अर्चना शुक्ला लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
30.	6-8 आयु वर्ग के बच्चों के संज्ञानात्मक विकास पर घरेलू वातावरण का प्रभाव	डा. सुधा भोगले बंगलौर विश्वविद्यालय, बंगलौर
31.	शिक्षकों में बर्नआउट सिंड्रोम पर कार्यानुभव का प्रभाव	डा. उमा रंगन उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
32.	महिला शिक्षकों में बर्नआउट घटाना	प्रो. नीलिमा मिश्रा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
33.	माध्यमिक स्कूलों में सामाजिक दृष्टि से उपयोगी उत्पादक कार्य-एक प्रायोगिक अध्ययन	डा. ए.बी. पाठक उदयपुर
34.	सुविधावंचित वर्गों के बच्चो में गणित में तार्किक चिंतन के क्रम का अध्ययन	डा. एच.एम. काशीनाथ धारवाड़
35.	अध्यापकों और छात्रों के बीच शाश्वत मूल्यों पर अष्टांग योग के प्रभाव का अध्ययन	डा. के.जी. प्रसाद राजू धीरु सुमारु डब्ल्यू.जी., आंध्र प्रदेश
36.	मूल्य शिक्षा के लिए घर और स्कूल के बीच सहयोग के लिए रूपात्मकताओं का विकास	डा. सुबीर चौधरी कोलकाता
37.	भारतीय संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों में अंतर्निहित मूल्यों को बढ़ावा देने वाले स्कूली कार्यकलापों का अध्ययन	डा. एस.एस. श्रीवास्तव लखनऊ

क्र.सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रधान शोधकर्ता
38.	प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों के बीच भारतीय संविधान में अंतर्निहित मूल्यों के प्रति जागरूकता और निष्ठा का अध्ययन	डा. कल्पलता पांडे वाराणसी, उत्तर प्रदेश
39.	अभिप्रेरणा के माध्यम से अभावग्रस्त छात्रों के कार्यनिष्पादन में संवर्धन	डा. के.एन. त्रिपाठी भोपाल
40.	माध्यमिक स्कूलों में संपोष्य विकास के लिए शिक्षा को रेखांकित करते हुए पाठ्यक्रम तथा शैक्षणिक मुद्दों के संबंध में अध्यापकों के बोध का अध्ययन	शैक्षिक अनुसंधान और नीतिगत संदर्श विभाग, एन.सी.ई.आर.टी.

(iii) प्रकाशन अनुदान

एरिक, एन.सी.ई.आर.टी. ने डा. (श्रीमती) प्रेमा माथुर, भोपाल को उनका पीएच.डी. का शोध प्रबंध प्रकाशित करवाने के लिए आंशिक अनुदान प्रदान किया। इस शोध प्रबंध का शीर्षक था ''मातृ-पितृत्व की चुनौतियां: मातृक रोजगार और शिशु के मनोवैज्ञानिक विकास के निहितार्थ।''

नीति तथा कार्यक्रम नियोजन के लिए डाटाबेस संबंधी कार्यकलाप

सातवां अखिल भारतीय विद्यालयी शिक्षा सर्वेक्षण (ए.आई.एस.ई.एस.)

एन.सी.ई.आर.टी. शैक्षिक सर्वेक्षणों और विषयात्मक अध्ययनों के माध्यम से सरकारी नीतियों और योजनाओं के निर्माण और पुनरीक्षण के लिए प्रयुक्त होने वाली आधारभूत निविष्टियां (इनपुट) प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जनगणना विधि में आयोजित किए गए अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण स्कूली शिक्षा के स्तर और विकास को एक अत्यंत व्यापक फलक प्रदान कर रहे हैं। सातवें अखिल भारतीय विद्यालयी शिक्षा सर्वेक्षण को आंतरिक विचार-विमर्श के उपरांत तैयार किया गया। यह विचार-विमर्श मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षाशास्त्रियों आदि के साथ किया गया। इसकी संदर्भ तिथि 30 सितंबर 2002 है। यह सर्वेक्षण एन.सी.ई.आर.टी., राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र तथा सभी 35 राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। पहली बार इस सर्वेक्षण में अमान्यताप्राप्त स्कूलों, ओरियंटल स्कूलों, ई.जी.एस. और ए.आई.ई. स्कीम के अंतर्गत आने वाले स्कूलों/केंद्रों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। इनके अलावा निशक्तता-वार नामांकन/भर्ती अल्पसंख्यक समुदाय का नामांकन, अवरुद्धता और विरतता (ड्रापआउट) आदि इस सर्वेक्षण की कुछ नई विशेषताएं हैं। यह सर्वेक्षण जनगणना विधि से देश में समस्त ग्रामीण आबादी, कस्बों और स्कूलों को समाहित करते हुए किया जाना है। 7वीं ए.आई.एस.ई.एस. में शामिल की जाने वाली डाटा-मदों को अंतिम रूप देने के लिए 12 फरवरी 2002 को डाटा प्रयोक्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

शैक्षणिक आंकड़ों का सार संग्रह (विद्यालयी शिक्षा)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के आदेश पर शैक्षणिक तथा जनसांख्यिकीय आंकड़ों को, जो विभिन्न संगठनों द्वारा प्रकाशित किए गए थे, संकलित किया गया और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवृत्ति या रुझान दर्शाने और राज्यों में परस्पर विसंगतियों को दर्शाने के लिए लिए इन्हें प्रस्तुत किया गया। परियोजना की मसौदा रिपोर्ट 31 दिसंबर 2001 को प्रस्तुत कर दी गई है जो आंकड़ों संबंधी जानकारी प्राप्त करने के साधन के रूप में कार्य करेगी।

विद्यालयी शिक्षा में राज्यों के अध्ययन : स्तर, मुद्दे और भावी परिप्रेक्ष्य

हालांकि एन.सी.ई.आर.टी. ने देश में एक राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है तथापि शैक्षणिक संरचना, नीतियों, पहलों, पहुंच, गुणवत्ता और संसाधनों को लेकर राज्यों के बीच व्यापक रूप से विषमताएं मौजूद हैं। कुछ राज्यों में यदि सफलता प्राप्त हुई है तो कुछ अन्य राज्य राष्ट्रीय मानदंडों पर खरा उतरने का अभिप्रयत्न कर रहे हैं। सबके लिए शिक्षा का उद्देश्य अभी भी प्राप्त किया जाना है। उपर्युक्त बातों को ध्यान में में रखते हुए, राज्यों की भावी शिक्षा-योजनाओं को तैयार करने में उनकी मदद करने के लिए, अन्य राज्यों की सफलताओं से सीखने और लाभान्वित होने के लिए विद्यालयी शिक्षा के स्तर, मुद्दों और भावी परिप्रेक्ष्यों की योजना बनाने के लिए अनेक अध्ययन किए गए। ये परियोजनाएं राज्यों में एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. में आधारित हैं। निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. नोडल अधिकारी हैं जो एक राज्य सलाहकार समिति के सर्वोपरि पर्यवेक्षण के अंतर्गत, जिसका अध्यक्ष शिक्षा आयुक्त/सचिव होता है, परियोजना कार्यान्वयन दल की सहायता से अध्ययन करता है। राष्ट्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय सलाहकार समूह, निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी. की अध्यक्षता में समय-समय पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा करता है और परियोजना के प्रभावी तथा त्वरित कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाता है। दो प्रश्नावलियों और एक साक्षात्कार अनुसूची सहित आंकड़ा-संग्रहण के साधन परियोजना निदेशकों के परामर्श से राष्ट्रीय सलाहकार समूह द्वारा तैयार किए गए और इन्हें अंतिम रूप भी इसी समूह ने दिया। ये अध्ययन इन राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रो में आरंभ किए गए हैं: आंध्रप्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, पांडिचेरी, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, मणिपुर, सिक्किम। उपर्युक्त राज्यों में से आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के अध्ययन पूर्ण हो चुके हैं और रिपोर्टों को मुद्रण के लिए तैयार किया जा रहा है।

अनुसंधान-क्षमता निर्माण

(i) सामग्री का विकास

उन्नत स्तर के अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पाठ्यक्रम के लिए सामग्री

शैक्षिक संदर्भों में यथाप्रयुक्त अनुसंधान प्रणाली विज्ञान में हाल ही में हुए कुछ अत्याधुनिक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए उन्नत स्तर के अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पर एक पाठ्यक्रम आरंभ करने की योजना बनाई गई थी। पाठ्यक्रम के समर्थन में पाठ्यक्रम की विषयवस्तु एक कार्यशाला में अभिनिर्धारित की गई।

प्रस्तावित पाठ्यक्रम में ''आधारभूत विषय' और 'विशेषीकृत विषय' शामिल हैं। आधारभूत विषयों में 9 यूनिट या इकाइयां निहित हैं जो पाठ्यक्रम के सभी सहभागियों को उपलब्ध कराई जाएंगी जबकि विशेषीकृत पाठ्यक्रम पांच हैं जिन्हें पिटक पद्धति (बास्केट एप्रोच) का प्रयोग करते हुए उपलब्ध कराने की योजना है। सहभागी अपनी आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम का चुनाव कर सकते हैं, अर्थात यह ऐच्छिक है और उनकी आवश्यकताओं पर आधारित है। पाठ्यक्रम के लिए तैयार की गई विषयवस्तु के आधार पर विशेषज्ञों से पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने का अनुरोध किया गया है। कुल मिला कर लगभग 32 इकाइयां (यूनिटें) हैं। अभी तक 7 इकाइयों के मसौदे प्राप्त हो चुके हैं।

कार्रवाई अनुसंधान पर प्रयोक्ता मार्गदर्शिका

प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के प्रयोग के लिए कार्रवाई अनुसंधान पर एक प्रयोक्ता मार्गदर्शिका तैयार की गई थी जो अभी मुद्रणाधीन है।

प्रशिक्षण

अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पाठ्यक्रम (स्तर I)

एन.सी.ई.आर.टी. ने असम, मेघालय, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मिजोरम के उत्तर-पूर्व राज्यों के 26 डाइट तथा एस.सी.ई.आर.टी. के प्राध्यापकों के लिए एक अनुसंधान प्रणाली विज्ञान पाठ्यक्रम (स्तर I) का आयोजन किया। पाठ्यक्रम कार्यकलाप के एक भाग के रूप में सहभागियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर अनुसंधान करने के लिए अनुसंधान प्रस्ताव भी तैयार किए।

प्रसार

इंडियन एजुकेशनल रिव्यू (आई.ई.आर.)

आई.ई.आर. एक छमाही संदर्भ पत्रिका है जो एन. सी.ई.आर.टी. की स्थापना के लगभग आरंभिक दशकों से ही प्रकाशित हो रही है। यह पत्रिका अनुसंधानकर्ताओं को अपने नवीनतम शोधपत्र और शोध-अध्ययन प्रकाशित करने का मंच प्रदान करती है। जनवरी 2000, जुलाई 2000 (अंक 36) और जनवरी 2001 (अंक 37) के आई.ई.आर. के तीन अंक प्रकाशित किए गए थे और जुलाई, 2001 (अंक 37) का अंक प्रकाशनाधीन था। जनवरी 2002 (अंक 38) के लिए सामग्री मुद्रणार्थ तैयार कर ली गई थी।

शैक्षिक अनुसंधान तथा भारतीय शैक्षिक सारों का सर्वेक्षण

